जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

जयपुर, मंगलवार 8 अक्टूबर, 2024






**VISIT YOUR NEAREST NEXA DEALERSHIP TO GET EXCITING OFFERS UP TO ₹ 1 00 000***

**JAIPUR: NEXA AJMER ROAD** (VIPUL MOTORS PH: 9116032607), **NEXA SANGANER - TONK ROAD** (SANGA AUTONATION MOTORS PH: 8233638222), **NEXA MANSAROVAR** (AURIC MOTORS PH: 8929207442, 7075270752), **NEXA VKIA SIKAR ROAD** (SATNAM MOTOCORP PH: 9116639102), **NEXA QUEENS ROAD** (KP AUTOMOTIVES PH: 7230030501), **NEXA GOPALPURATONK ROAD** (PREM MOTORS PH: 8058499999), **NEXA RAJAPARK** (KTL AUTOMOBILE PH: 9257022731), **AJMER: NEXA MAKHUPURA** (NAVNEET MOTORS PH: 9116116501, 9116116502), **NEXA VAISHALI NAGAR** (AJMER AUTO PH: 9694541201, 9314391004), **ALWAR: NEXA MANHAR VILLA** (FORTUNE CARS PH: 7230029424), **BHIWADI: NEXA BHIWADI CENTRAL** (FORTUNE CARS PH: 9214794316), **BHILWARA: NEXA SUKHADIA CIRCLE** (CHAMPION CARS PH: 8081133333), **BIKANER: NEXA JAIPUR ROAD** (AURIC MOTORS PH: 7230081665), **JHUNJHUNU: NEXA JHUNJHUNU CENTRAL** (AURIC MOTORS PH: 7412087314), **JODHPUR: NEXA CHOPASNI ROAD** (LMJ SERVICES PH: 7230013811), **NEXA SHASTRI CIRCLE** (AURIC MOTORS PH: 8875012697), **JALORE: NEXA BHINMAL BYPASS CIRCLE** (SHRI KRISHNA AUTOSALES PH: 9929244403), **PALI: NEXA PALI SUMERPUR ROAD** (LMJ SERVICES PH: 7230013801), **KOTA: NEXA AERODROME CIRCLE** (BHATIA & COMPANY PH: 9414079018), **JHALAWAR: NEXA JHALAWAR SOUTH** (BHATIA & COMPANY PH: 9116108619), **NAGAUR: NEXA BIKANER ROAD NAGAUR** (SHRI MANGALAM AUTO PH: 6399292929), **BHARATPUR: NEXA BHARATPUR CENTRAL** (TM MOTORS PH: 9785838888), **SIKAR: NEXA SIKAR JAIPUR ROAD** (JAMU AUTOMOBILES PH: 9694412777), **SRI GANGANAGAR: NEXA GANGANAGAR NORTH** (AURIC MOTORS PH: 7412092301), **UDAIPUR: NEXA GOVERDHAN VILAS** (TECHNOY MOTORS PH: 8306300695), **NEXA CENTRAL UDAIPUR** (NAVNEET MOTORS PH: 7665016580), **BANSWARA: NEXA BANSWARA CENTRAL** (NAVNEET MOTORS PH: 9376240719), **RAJSAMAND: NEXA RAJNAGAR** (TECHNOY MOTORS PH: 9251988300), **DAUSA: NEXA JAIPUR AGRA BYPASS DAUSA** (VIPUL MOTORS PH: 9829560109), **CHITTORGARH: NEXA CHITTORGARH CENTRAL** (TECHNOY MOTORS PH: 9116007250).

Scan to explore NEXA World

Scan to chat on WhatsApp

Contact us at **1800-200-[6392], 1800-102-[NEXA]** and visit **www.nexaexperience.com** to book online.

Terms & conditions apply. Features and accessories shown may not be part of standard fitment. Black glass shade on the vehicle is due to the lighting effect. Images used are for illustration purposes only. All offers are brought to you by NEXA dealers only. Offers may vary subject to the model and variant purchased. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw offers at any point in time without any advance notice. All offers are applicable till 31st October '24 or till stocks last. Maruti Suzuki Smart Finance is now available pan-India. Maruti Suzuki Subscribe available only in selected cities. *3 years or 100 000 km whichever is earlier.

## विचार बिन्दु

एकता का किला सबसे सुदृढ़ होता है। उसके भीतर रह कर कोई भी प्राणी असुरक्षा अनुभव नहीं करता। –अज्ञात

# बिना दोष सिद्धि के, जेल में बंद हैं हजारों लोग

भारतीय जेलों में बंद कैदी तीन श्रेणी के हैं। पहले वह जिनके ऊपर पुलिस, सीबीआई, ई डी अथवा अन्य किसी एजेंसी में एफ आई आर दर्ज है और उसकी जांच जारी है। संबंधित मजिस्ट्रेट के पास अभियुक्त को गिरफ्तारी के बाद 24 घंटे में प्रस्तुत करना अनिवार्य है। यदि न्यायालय उचित समझे तो उसे न्यायालय द्वारा न्यायिक हिरासत में भेजा जाता है। यह अवधि सामान्यतया 15 दिन की होती है किंतु कई बार बहुत लंबी भी हो जाती है।

दूसरे, वे होते हैं, जिनके ऊपर अभियोजन द्वारा आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया जाता है और उन पर न्यायालय में सुनवाई जारी रहती है। इन्हें हम 'अंडर ट्रायल' के नाम से जानते हैं। इनमें भी कुछ लोगों को जमानत मिल जाती है और कई जेल में ही लंबे समय तक बंद रहते हैं। कुछ प्रकरणों में तो ऐसे भी होते हैं जो अपराध की अधिकतम सजा पूरी होने के बाद भी जेल में ही रहते हैं क्योंकि न्यायालय से निर्णय नहीं होता है।

तीसरे वह होते हैं, जिन्हें न्यायालय द्वारा दोषी पाए जाने के पश्चात सजा दी जाती है। वे सजा की अवधि पूरी होने तक जेल में बंद रहते हैं। इन्हें कभी कभी आवश्यक निजी कारणों से 15 दिन की पैरोल मिल जाती है।

भारतीय जेल में अधिकतम 4.36 लाख कैदियों को रखने की क्षमता है, जबकि वर्तमान में 5.73 लाख कैदी जेल में बंद है। इसका अर्थ यह हुआ की जेलों में क्षमता से 30 प्रतिशत अधिक व्यक्ति जेलों में इस समय बंद हैं। जेल में बंद व्यक्तियों में 4.34 लाख अंडरट्रायल्स हैं, अर्थात जेल में बंद कैदियों में 76 प्रतिशत वे कैदी हैं जिनके प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन हैं और उनका अपराध सिद्ध नहीं हुआ है। इनमें से अधिकांश निम्न आय वर्ग या निम्न मध्यम आय वर्ग के हैं। बंद कैदियों में महिलाओं की संख्या लगभग 20000 है एवं शेष पुरुष हैं। यह स्थिति स्वस्थ लोकतंत्र के लिए अच्छी नहीं कही जा सकती। ऐसी ही स्थितियों के लिए कहा गया है कि प्रक्रिया ही सजा से अधिक कष्टप्रद हो जाती है।

जेल में बंद व्यक्ति वोट नहीं दे सकते, किंतु चुनाव लड़ सकते हैं। इसका अर्थ यह कि लगभग 4 लाख से अधिक मतदाता मतदान के अधिकार से वंचित रहते हैं, जबकि उन पर कोई आरोप सिद्ध नहीं हुआ है। गंभीर आरोप सिद्ध होने पर सजा भुगत रहे अपराधियों तक को अपील होने पर जमानत मिल जाती है। इसके अतिरिक्त उन्हें कई बार निजी कार्यों से पैरोल भी मिल जाती है, जो एक बार में 15 दिन की होती है। हाल ही में बाबा गुरमीत राम रहीम, जो कि हत्या और बलात्कार के आरोप में आजीवन कारावास भुगत रहे हैं, को सातवीं बार पैरोल दी गई है। यह केवल मात्र संयोग नहीं है कि बाबा राम रहीम को किसी चुनाव के पहले ही पेरोल दी जाती है। स्पष्ट है, सत्ताधारी दल अपराधी बाबाओं का भी चुनावी लाभ उठाने से नहीं चूकता है।

एक ओर जहां सजा याफ़्ता अपराधी व्यक्तियों को पैरोल या जमानत पर कई बार छोड़ दिया जाता है, वहीं ऐसे व्यक्ति भी जेल में बंद हैं, जिन पर अभी तक मुकदमा न्यायालय में प्रारंभ ही नहीं हुआ। ऐसे व्यक्तियों में कई तो ऐसे हैं जिन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा कानून या यू ए पी ए के अंतर्गत जेल में बंद किया गया है। ऐसे प्रकरणों में सामान्यतया न्यायालय से भी जमानत नहीं मिलती। जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी का शोध छात्र उमर खालिद सन् 2020 से जेल में बंद है उस पर अभी तक न्यायालय में सुनवाई प्रारंभ भी नहीं हुई है। यू ए पी ए के अंतर्गत दिल्ली पुलिस उसे दिल्ली दंगों के दौरान गिरफ्तार किया था। इसके जमानत के प्रार्थना पत्र पर तीन बार न्यायालय में पूरी सुनवाई हो चुकी थी किंतु तीनों ही बार न्यायालय के निर्णय से पूर्व न्यायाधीश का तबादला होने से उसके प्रार्थना पत्र पर अभी तक निर्णय नहीं हो पाया है। इसलिए वह बिना आरोप पत्र के ही चार साल से जेल में बंद है। अब फिर एक बार इसकी सुनवाई दोबारा प्रारंभ होगी। यह कितनी बड़ी विडंबना है कि जिस व्यक्ति पर जांच एजेंसी अभी तक आरोप पत्र ही न्यायालय में दाखिल नहीं कर पाई उसे जेल में चार साल से बंद रहना पड़ रहा है। यदि वास्तव में उसके ऊपर कोई आरोप बनता तो अब तक जांच एजेंसी, अभियोजन के माध्यम से उसके विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत कर चुकी होती। यह उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों द्वारा समय-समय पर दिए गए उस फैसले की भावना के भी विरुद्ध है जहां यह कहा जाता है कि जमानत मिलना नियम है एवं जेल में रहना अपवाद। उच्चतम न्यायालय के स्पष्ट निर्णयों और निर्देशों के बावजूद जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी का एक शोध छात्र, चार वर्ष से जेल में बंद है, तो यह सरकार द्वारा न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग ही कहा जाएगा।

**न्यायपालिका से अपेक्षा है कि वह जेल में बंद अंडर ट्रायल व्यक्तियों के मुकदमों की प्रभावी समीक्षा करके उनके जमानत के प्रार्थना पत्रों पर प्राथमिकता से निर्णय करे, ताकि जेलों में अनावश्यक दबाव को कम किया जा सके। ऐसा करके कार्यपालिका द्वारा सत्ता का दुरुपयोग करके विरोधियों को प्रताड़ित किए जाने की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने में भी न्यायपालिका सफल होगी।**

होना तो यह चाहिए कि जो व्यक्ति दोषी है उस पर तत्काल मुकदमा चलाकर उसे सजा दिलवाई जाए ताकि वह किए की सजा भुगते। केवल किसी पर आरोप लगा देना और उसे जांच के माध्यम से चार साल तक सिद्ध तक न कर पाना, किसी भी नागरिक की स्वतंत्रता का हनन ही कहा जाएगा। न जाने कितने प्रकरण इसी प्रकार के होंगे जिनमें नागरिक अकारण ही जेलों में लंबे समय से बंद हैं। भारतीय संविधान नागरिकों की स्वतंत्रता को बहुत बड़ा मूल अधिकार मानता है और वही अधिकार, न्यायिक प्रक्रिया में अत्यधिक विलंब के कारण लगभग समाप्त सा हो जाता है।

जांच एजेंसी, किस प्रकार सत्ता धारी दल के प्रभाव में आकर, सरकार के खिलाफ विचार व्यक्त करने वालों को प्रताड़ित और परेशान कर सकती है, उसका एक और उदाहरण हाल ही में सामने आया है। एनडीटीवी के संस्थापक प्रणय रॉय और उनकी पत्नी राधिका रॉय पर 2017 में एक मुकदमा सी बी आई द्वारा आई सी आई सी आई बैंक का कर्ज न चुकाने के आरोप में एफ आई आर दर्ज की गई। इसकी जांच सात वर्षों तक करने के पश्चात अब सीबीआई ने यह निष्कर्ष निकाला है कि उनके ऊपर कोई आरोप नहीं बनता है और इसी आधार पर उनके विरुद्ध कार्यवाही बंद कर दी गई है।यह सही है कि अब डॉक्टर प्रणय रॉय और राधिका रॉय पर किसी

प्रकार का कोई आरोप नहीं है, किंतु इतने वर्षों तक उन्हें सी बी आई के माध्यम से जो प्रताड़ना झेलनी पड़ी, और उनकी प्रतिष्ठा को जो गिराया गया,उसे वापस कैसे लौटाया जा सकेगा? इसी अवधि में उनकी आर्थिक स्थिति इतनी खराब हो चुकी थी कि उन्हें बाध्य होकर अपना चैनल एनडीटीवी गौतम अदानी ग्रुप को बेचना पड़ा। एनडीटीवी एकमात्र ऐसा राष्ट्रीय चैनल था जो सरकार की नीतियों के विरुद्ध बोलने का साहस रखता था, वह भी ऐसे समय में, जब लगभग अन्य सभी मुख्य धारा के चैनल सरकार के महिमा मंडन में लगे हुए थे। सरकार को शायद यह अच्छा नहीं लगा और उन्होंने डॉक्टर प्रणय रॉय और राधिका रॉय को सबक सिखाने की ठानी। उनके विरुद्ध लुक आउट नोटिस जारी किया गया और विदेश जाने वाली फ्लाइट से उड़ान से ठीक पहले उतार दिया गया और विदेश नहीं जाने दिया गया। एनडीटीवी चैनल के अदानी समूह द्वारा खरीदे जाने के पश्चात उसके प्रमुख एंकर रवीश कुमार, श्रीनिवास जैन, निधि राज़दान आदि ने एनडीटीवी चैनल को छोड़ दिया। अब यह चैनल भी अन्य चैनलों की तरह ही सरकार की स्तुति में सम्मिलित हो गया।

भारतीय संविधान की उद्देश्यिका (जैंस्त) यह सुनिश्चित करती है कि प्रत्येक नागरिक को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय मिलेगा. उसे बराबरी और समानता का अवसर मिलेगा। उसे अपने बात कहने की स्वतंत्रता होगी। ऐसे देश में केवल अपनी बात रखने के आधार पर ही अनिश्चित काल के लिए जेल में बंद कर दिया जाए और उसकी जमानत पर ही निर्णय नहीं हो, स्वीकार्य नहीं होना चाहिए। इससे भारत की प्रतिष्ठा अंतरराष्ट्रीय जगत में विपरीत रूप से प्रभावित होती है।

जांच एजेंसियों के दुरुपयोग के कई मामले हमने कुछ समय में देखे हैं। इनमें आम आदमी पार्टी के संजय सिंह, मनीष सिसोदिया, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को लंबे समय तक जेल में बंद रखना सम्मिलित हैं।इन तीनों पर किसी प्रकार का कोई आरोप पत्र भी न्यायालय में प्रस्तुत नहीं किया गया एवं कार्रवाई प्रारंभ ही नहीं हुई, इसके बावजूद इन्हें जेल से बाहर आने में कई माह लग गए। इसी प्रकार झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी ई डी द्वारा गिरफ्तार किया गया था किंतु उन्हें भी न्यायालय के आदेश से कुछ समय बाद जमानत मिली। उच्चतम न्यायालय ने इस प्रकार की गिरफ्तारी पर नाराजगी भी व्यक्त की।

दबाव और प्रताड़ना की यह राजनीति कुछ समय तक तो चल सकती है किंतु सत्ताधारियों को यह समझना होगा कि जनता उतनी मूर्ख नहीं है जितनी वे समझते हैं। समय आने पर अपने मत के माध्यम से वे अपना आक्रोश भी व्यक्त करते हैं। न्यायपालिका भी जाने अनजाने इस दमन चक्र में कार्यपालिका की सहायता करती हुई दिखाई देती है। किसी नागरिक के पास न्यायपालिका के पास जाना अंतिम सहारा होता है और वह भी जब कार्यपालिका के साथ खड़ी दिखाई दे तो फिर किसी भी निरपराध नागरिक अथवा जन प्रतिनिधि के पास कोई रास्ता नहीं बचता। राजनैतिक विरोधियों को लंबे समय तक बिना सुनवाई के जेल में बंद रखने से कुछ तात्कालिक राजनीतिक लाभ अवश्य संभव है और कुछ नेता इनमें से टूट कर सत्ता धारी दल के साथ भी आ जाएं किंतु इससे सत्ता धारी दल की साख पर बट्टा तो लगता ही है। यह कहना सही नहीं है कि सत्ता का दुरुपयोग विरोधियों को प्रसारित करने के लिए केवल वर्तमान में ही किया जा रहा है। पूर्व में कांग्रेस शासन काल में भी ऐसा अनेक बार किया गया, यहां तक कि इसे कानूनी जामा पहनाने के लिए आपातकाल तक घोषित कर दिया गया।

न्यायपालिका से अपेक्षा है कि वह जेल में बंद अंडर ट्रायल व्यक्तियों के मुकदमों की प्रभावी समीक्षा करके उनके जमानत के प्रार्थना पत्रों पर प्राथमिकता से निर्णय करे, ताकि जेलों में अनावश्यक दबाव को कम किया जा सके। ऐसा करके कार्यपालिका द्वारा सत्ता का दुरुपयोग करके विरोधियों को प्रताड़ित किए जाने की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने में भी न्यायपालिका सफल होगी।

दुर्भाग्य से, सत्ताधारी दल द्वारा विपक्षी नेताओं को प्रताड़ित करने में जांच एजेंसियां भी प्रमुख भूमिका निभाने में लग गई हैं। इससे इन जांच एजेंसियों की विश्वसनीयता पर भी विपरीत प्रभाव पड़ा है। इस बारे में माननीय उच्चतम न्यायालय ने कई बार कड़ी टिप्पणियां की हैं, किंतु लगता है कि इन एजेंसियों के अधिकारियों ने सरकार के समक्ष समर्पण करना ही स्वयं के भविष्य के लिए श्रेयस्कर समझ लिया है।


**–अतिथि सम्पादक,**
**राजेन्द्र भाणावत**
**( पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी )**

# ग्रामीण परिवेश व गांव-कस्बों को सजीव करती थी प्रेमचंदजी की कहानियां व उपन्यास

## 8 अक्टूबर, प्रेमचन्दजी की 88वीं पुण्यतिथि पर विशेष....



प्रो. डॉ. राजीव सक्सेना



मुंशी प्रेमचंद जी : प्रेमचन्द जी का जन्म 31 जुलाई, 1880 को लमही गांव (वाराणसी-उत्तर प्रदेश) में एक कायस्थ परिवार में हुआ था। उनके पिता का श्री अजायबराय तथा माता का श्रीमति आनन्दी देवी था। प्रेमचंद जी का वास्तविक नाम धनपतराय श्रीवास्तव था। उनकी मृत्यु 8 अक्टूबर, 1936 को 56 वर्ष की अल्पायु में 'जलोदर' रोग द्वारा हुई।

कहानियों के मील का पत्थर भीष्म पितामह, पुरोधा, महा झूमर, सुमेरू पर्वत, जामवन्त, कायस्थ-कुल गौरव रत्न, हिन्दी व उर्दु भाषा के शेक्सपीयर व जन्मजात प्रतिभा युक्त मुंशी प्रेमचन्द जी, जो कि महानतम कहानीकार व उपन्यास सम्राट तथा एक महाकवि थे। सीधी सादी गंभीर बेलोस बेमुरव्वत व बेमोहब्बत, प्रभावी शक्ल के मालिक जिनका नाम धनपत राय भी था जो कि बिल्कुल गंवई, कस्बाई, भुच्च शक्ल व सांवले रंग के मालिक जो सामान्यत बंद गाढ़े का कुर्ता पजामा तथा चमरौधीं जूता पहनते थे जो चर्र-चर्र की आवाज करते थे, एक अलग ही शख्सियत, व्यक्तित्व था जो कि लोगों पर आसानी से हावी हो जाता था। मुंशी जी 31 जुलाई, 1880 को वाराणसी के लमही गाँव में जन्मे थे। परमादरणीय व अति सम्माननीय मुंशी जी की लेखनी हिन्दी व उर्दु दोनों भाषाओं में लाजवाब थी, त्वरित व समान चलती थी व आज भी एक वैश्विक व अन्तराष्ट्रीय पहचान बनी हुई है। प्रेमचन्द जी ने समकालिन व सम-सामयिक व यथार्थ परख जमीनी दुनिया से जुड़े हुए विषयों पर लगभग 300 से ज्यादा कहानियाँ लिखी व 15 के आसपास उपन्यास, 10 अनुवाद, 7 बाल पुस्तकें व तीन नाटक लिखें तथा सैंकडो हजारों पन्नों के लेख संपादकीय, पत्रकारिता लेखन, भूमिका व भाषण लेखन साथ ही साथ काफी सारी रचनाएं व पत्र आदि लिखे, जो कि अपने आप में बेमिसाल तथा बेजोड़ थे। उनकी मुख्य कहानियों में ठाकुर का कुआ, पूस की रात, दो बैलों की कथा, पंच परमेश्वर, कफ़न, बड़े भाई साहब, नशा, बूढी काकी, शतरंज के खिलाड़ी, नमक का दरोगा, ईदगाह तथा मंत्र आदि आदि व उपन्यास, रंग भूमि, गोदान, गबन, सेवासदन, प्रेमाश्रम, कर्मभूमि आदि व आखरी अधूरा लिखित उपन्यास 'मंगलसूत्र' था। ये बात आज भी 100 फीसदी सही है कि भारत की अनुमानतः 76 प्रतिशत आबादी छोटे-छोटे गाँव, कस्बों ढाणियों में बसती विचरती है, आदरणीय प्रेमचन्द जी ने इन्हीं सब पर अपना पूरा साहित्य उड़ेला।

आज उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचन्द जी की 88वीं पुण्यतिथि है। प्रेमचन्द जी की रचनाएं आज भी कालजयी व प्रासंगिक है। उन्हें हिन्दी का शेक्सपीयर यूही नही कहा जाता है। उनकी प्रत्येक रचना, कहानी व उपन्यास हमेशा एक परम्परा व काली सच्चाई के इर्द गिर्द घूमते हैं। उनका असली नाम धनपत राय था व उन्होंने 1901 में उपन्यास लिखना शुरू किया तथा कहानियां लगभग 1907 से लिखना शुरू की। उनकी कहानियों व उपन्यासों में जमकर व तबीयत से लोकोक्तियों, कहावतों, मुहावरों तथा गंवई शब्दों व भाषा का उपयोग होता था।

1910 में स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन के दौरान उनकी कहानी 'सोजेवतन' जब्त कर ली गई तथा उसकी अनेकों प्रतियां फाड़ दी व जला दी गई। उस समय अंग्रेजों के शासन काल में जब लोग कानपुर से प्रसारित होने वाले अखबार में 'रफ्तार-ऐ-जमाना' जैसे कॉलम में वो लिखा करते थे व लोग उसे पढ़कर उनकी सराहना करते थे। अतः वो एक अच्छे पत्रकार व कवि भी थे। उर्दू भाषा में वो नवाबराय के नाम से लिखते थे। उन्होनें हिन्दी कहानियों, उपन्यास, रचनाओं व हिन्दी साहित्य को नये विविधाविविध बहु आयाम दिये। 1923 में उन्होंने सरस्वती प्रेस की स्थापना की व 1930 में 'हंस पत्रिका' का प्रकाशन शुरू किया। साथ ही साथ कई प्रतिष्ठित पत्रिकाओं का संपादन भी किया, उनमें प्रमुखतः हंस, जागरण, मर्यादा तथा माधुरी जैसी पत्रिकाएं भी थी।

लगभग 300 से ज्यादा लिखी कहानियों में आम आदमी की लिजलिजी जिन्दगी, गरीबी-अमीरी व उनकी चुभन, घुटन, प्रतिशोध, कसक, अंधविश्वास, दंभ व घमंड तथा रूढिवादी परंपराओं पर भरपूर प्रहार किया व हरेक जन व पाठकों को सोचने पर मजबूर किया। साथ ही साथ मानवीय मूल्यों को भी सहेज कर रखा जो उनकी कहानियों में स्पष्ट परिलक्षित व प्रभावी होते दिखते है। 1910 की घटना के बाद उनके परम मित्र दयानारायण निगम जो कि 'जमाना' अखबार के संपादक थे, उन्होंने, उन्हें प्रेमचन्द नाम से लिखने की सलाह दी तब उन्होंने नवाबराय नाम के बजाय प्रेमचन्द नाम से लिखना शुरू किया। 20वीं सदी के भारत में 1935 तक, उस दौरान जातिवाद, छुआछुत, संकीर्णता की भावना, साम्प्रादायिक संकीर्णता, ऊँच-नीच का भेदभाव, गरीबों मजदूरों व श्रमिको का शोषण तो चलता ही था तथा इन सबसे अलग व विशेषकर महिलाओं कोहेय व हीनदृष्टि से देखना अपने सर्वोच्चतम शिखर पर था। उस समय अंग्रेजों व फिरंगियों के राज मे अंग्रेज लोग यही सोचते थे कि साहित्य लिखना, समझना व पढ़ना सिर्फ अंग्रेजों को ही आता है या उन्हीं का ये सर्वसिद्ध अधिकार है। इस विषम काल में एक आवाज व लेखनी प्रेमचन्द जी के रूप में ऐसी निकली, जिसकी गूंज आज तक गूंज रही है, लिखी व बोली जिन्होंने पूरे अंग्रेजी राज के साहित्यकारों व लेखकों को हिन्दी में अपनी कहानियां व उपन्यास लिखकर संपूर्ण टक्कर दी व उन्हें सोचने, विचारने पर मजबूर किया। 'पंच परमेश्वर' कहानी में जुम्मन शेख व अलगू चौधरी के माध्यम से सत्य अंहिसा व इंसाफ की जीत को दिखाया ना कि दोस्ती के पक्षपात को। नाटक 'कर्बला' में हिन्दू मुस्लिम शक्ति व एकता का संदेश दिया। प्रेमचन्द जी ने 'निर्मला' उपन्यास में विधवा विवाह का समर्थन किया तो उन्होंने उसे अपने जीवन में उतारा तथा स्वयं का विवाह शिवरानी देवी (जो कि स्वयं एक बाल विधवा थी।) से करके व्यवहार में उसे सिद्ध व लागू किया। उस काल में उन्होंने समसामयिक विषयों पर व सारी प्रचलित समस्याओं व मान्यताओं को सामने रखकर लिखा। 'सेवा सदन' (बाजार-ए-हुस्न), गबन, निर्मला, प्रेमाश्रम, कर्मभूमि, रंगभूमि जैसे अनेकों उपन्यास लिखे, जिनकी आज भी कोई काट नहीं है। 'गोदान' उपन्यास तो पूरे ग्रामीण जीवन व परिवेश तथा रूढिवादी प्राचीन परंपराओं को दर्शाता, दिखाता है। उन्होंने सामाजिक कुरूतियों, अंधविश्वास व ग्रामीण समस्याओं से निकलकर लोगों को अपनी लेखनी के माध्यम से बताया, समझाया व लोहा मनवाया। प्रेमचन्द जी संभवतः सदी के प्रथम ऐसे रचनाकार व साहित्यकार थे, जिन्होंने उपन्यास, कहानी व कथा लेखन को कपोल-कल्पित कल्पनाओं तथा कल्पनालोक के प्रभाव से निकलकर व लोगों को निकालकर आमजनों को वास्तविकता व जमीनी हकीकतोंव विशुद्ध यथार्थ से अवगत करवाया। उन्होंने सरल, सहज व सामान्य, जन साधारण वेशभूषा का उपयोग किया व उन्हें अपने प्रयोग में लाये। उपन्यास के क्षेत्र में उनके विशिष्ट योगदान को देखते हुए, बंगाल के योग्य, प्रख्यात व लब्ध प्रतिष्ठित उपन्यासकार शरदचन्द्र चट्टोपाध्याय ने उन्हें 'उपन्यास-सम्राट' कहकर संबोधित किया। कहानी 'मंत्र' ये दर्शाती है कि कभी भी अपने चिकित्सकीय पेशे व पैसे का घमंड नहीं करें हो सकता है आपको भी कभी गरीब 'भगत' जैसे आदमी से मदद लेनी पड़े।

1930 के आस पास उनका गांधीवाद से मोहभंग हो गया। 'गोदान' इसका सशक्त उदाहरण है इसमें किसान के शोषण, गरीबी तथा उसकी दुर्दशा का ऐसा भयावह चित्रण किया है कि अंत में किसान पात्र 'होरी' की मृत्यु ने पाठकों के अर्न्तमन को अंदर तक झकझोर दिया। कहानी 'ईदगाह' के माध्यम से प्रेमचन्द जी ने यह संदेश दिया कि गरीबी बच्चों को उम्र से पूर्व ही बड़ा बना देती है। असल में व अंत में यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगा कि प्रेमचन्द जी कहानी, कविता, पत्रकारिता, संपादन व लेखन क्षेत्र तथा उपन्यास लिखने के संबंध में वे साहित्य का हिमालय व सुमेरू पर्वत थे जिनकी समस्त रचनाएं कालजयी है व वे आज भी बेजोड़ है, चंद पन्नों व पंक्तियों में उन्हें व उनके साहित्य को पूर्णरूपेण समेटना मुश्किल ही नही नामुमकिन है। नकी मृत्यु 8 अक्टूबर, 1936 को 56 वर्ष की अल्प आयु में 'जलोदर' रोग के द्वारा हुई। वे हमेशा आडम्बर व दिखावे से दूर रहते थे तथा अपना काम खुद करना पसन्द करते थे, अगर वे 35-40 वर्ष और जीते तो एसे महाकाव्य, उपन्यास लिख जाते जिनकी कल्पना करना, काफी अतीत से परे व कठिन है। उनकी पुण्यतिथि पर उन्हें सहस्त्र कोटि नमन।

प्रो. डॉ. राजीव सक्सेना, जो कि वर्तमान में स्वास्थ्य कल्याण होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च सेन्टर में वरिष्ठ आचार्य व होम्योपैथिक चिकित्सक है तथा वरिष्ठ कवि व साहित्यकार है।

**प्रो. डॉ. राजीव सक्सेना**

# गुगोर गांव स्थित मां बीजासन मंदिर राजस्थान एवं मध्यप्रदेश के भक्तों की आस्था का केंद्र



गुगोर स्थित बीजासन माता।

- **चमत्कारिक रूप से पार्वती नदी के तट पर प्रकट हुई थी बीजासन माता, पहले किले में विराजती थीं बीजासन माता**
- **नवरात्र पर इन दिनों मां बीजासन मंदिर में दूर-दूर से श्रद्धालु माता के दर्शन करने के लिए पहुंच रहे हैं**

**छबड़ा, (निसं)।** कस्बे से आठ किलोमीटर दूर राजस्थान एवं मध्यप्रदेश की सीमा पर गांव गुगोर स्थित मां बीजासन मंदिर दोनों राज्यों के भक्तो का आस्था का केंद्र है। यूं तो कस्बे सहित जिलेभर में कई धार्मिक स्थल हैं, लेकिन बीजासन माता मंदिर प्रमुख धार्मिक स्थल हैं। भक्त यहां सच्ची श्रद्धा से जो भी मन्नत मांगते हैं, वो बीजासन माता के आशीर्वाद से पूरी हो जाती है। नवरात्र पर इन दिनों यहां दूर-दूर से श्रद्धालु माता के दर्शन करने के लिए पहुंच रहे हैं।

ग्रामीणों में यह मान्यता है कि बीजासन माता पहले गुगोर स्थित किले में विराजती थी। किले में आज भी इनका मंदिर हैं, जो वीरान और खाली है। श्रद्धालुओं का मानना है कि प्राचीन समय में बीजासन माता यहां से नाराज होकर चमत्कारिक रूप से पार्वती नदी के तट पर प्रकट हुई थी। श्रद्धालुओं ने जन सहयोग से यहां माता की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कर मंदिर निर्माण कराया था। तब से ही यहां राजस्थान ही नहीं मध्यप्रदेश से भी श्रद्धालु भक्ति भाव से माता के दर्शन करने के लिए पहुंचते हैं। वहीं, अभी वर्तमान मे प्रवेष द्वार सहित मुख्य द्वार का कार्य निर्माणाधीन है। पूर्व में पार्वती नदी की पुलिया पर पानी की आवक होने के कारण मध्यप्रदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को समस्याओं का सामना करना पड़ता था। लेकिन मां बिजासन में इनकी आस्था इतनी थी कि यह लोग पार्वती नदी को ट्यूब में बैठकर पारकर माता के दर्शन करने के लिए पहुंचते थे। लेकिन इस नदी पर 16 करोड़ रुपए की लागत से ओवरब्रिज बनने के बाद आवागमन अब आसान हो गया हैं। एमपी के भक्त अब माता के दर पर आसानी से पहुंच सकते हैं। यहां प्रतिवर्ष बसंत पंचमी के अवसर पर पंचायत के तत्वावधान में भव्य पाक्षिक मेले का आयोजन किया जाता है। इस मेले में राजस्थान, मध्य प्रदेश सहित कई राज्यों से प्रतिदिन हजारों भक्त आते हैं। लम्बी-लम्बी कतारों में लग भक्त माता के दर्शन और पूजा कर मनौती मांगते हैं।

# जंगली जानवर के हमले से युवती घायल

- **अज्ञात जंगली जानवर खेत की ओर भाग गया, युवती को अस्पताल में भर्ती कराया**

**झुंझुनूं, (निसं)।** नवलगढ़ क्षेत्र में इन दिनों आदमखोर जंगली जानवर के आंतक से लोग परेशान हैं। रविवार रात्रि को भ्रमण कर रही एक युवती पर भी अज्ञात जंगली जानवर ने हमला बोल दिया।

जानकारी के मुताबिक ढिगाल के पास स्वामी की ढाणी निवासी सुमन रात को खाना खाने के बाद घर के बाहर टहल रही थी। टहलते समय अचानक से एक जंगली जानवर ने उस पर हमला बोल दिया। यह देख वह चिल्लाने लगी तो उसकी बहन रेणु भागकर आई और उसकी जान बचाई। इतने में अज्ञात जंगली जानवर खेत की ओर भाग गया। हालांकि जंगली जानवर ने सुमन को जगह-जगह से काट डाला। जिससे वह पुरी तरह से घायल हो गई। जिसको परिजनों ने अस्पताल पहुंचाया। इधर घायल सुमन का कहना है कि इस संबंध में जब उन्होंने वन विभाग को सूचना दी तो उन्होंने कहा कि अभी रात्रिकालीन समय में हम कैसे पकड़पाएंगे।

किसी जानवर को सुबह आकर देखते हैं। लेकिन घटना घटने के बाद भी दोपहर तक वन विभाग की टीम नहीं पहुंची। इधर क्षेत्र में रोज-रोज अज्ञात जंगली जानवरों के शिकार हो रहे पशुओं व लोगों में भय बना हुआ है। लेकिन झुंझुनूं वन विभाग इस आदमखोर जंगली जानवर को पकड़ने में पुरी तरह से विफल नजर आ रहा है।

## राशिफल मंगलवार 8 अक्टूबर, 2024



पंडित अनिल शर्मा

अश्विन मास, शुक्ल पक्ष, पंचमी तिथि, मंगलवार, विक्रम संवत 2081, ज्येष्ठा नक्षत्र रात्रि 4:08 तक, आयुष्मान योग प्रातः 6:31 तक, बालव करण दिन 11:18 तक, चन्द्रमा रात्रि 4:08 से धनु राशि में संचार करेगा।


**ग्रह स्थितिः** सूर्य-कन्या, चन्द्रमा-वृश्चिक, मंगल-मिथुन, बुध-कन्या, गुरू-वृष, शुक्र-तुला, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज रवियोग रात्रि 4:08 तक है। कुमार योग रात्रि 4:08 से आरम्भ होगा। आज नाग पंचमी है और वायु सेना दिवस है।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** चर 9:21 से 10:47 तक, लाभ-अमृत 10:47 से 1:41 तक, शुभ 3:08 से 4:35 तक।


**राहूकालः** 3:00 से 4:30 तक। सूर्योदय 6:27, सूर्यास्त 6:02

### मेष




पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। परिवार में स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो सकती है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं।

### वृष




व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी और व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### मिथुन




परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। आज समय रचनात्मक कार्यों में व्यतीत होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है।

### कर्क




व्यावसायिक कार्यों के लिए बाहर जाना पड़ सकता है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को भागदौड़ रहेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

### सिंह




घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। परिवार में आपसी अनबन मतभेद बढ़ सकते हैं। नौकरीपेशा व्यक्तियों को उच्चाधिकारियों की नाराजगी का सामना करना पड़ सकता है।

### कन्या




परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों पर नियंत्रण रहेगा। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं।

### तुला




व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा।

### वृश्चिक




व्यावसायिक आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा है। चलते कार्यों में प्रगति होगी। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आय में वृद्धि होगी। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

### धनु




आज अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। परिवार में स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो सकती है। आज मन में असंतोष बना रहेगा।

### मकर




आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी।

### कुंभ



व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### मीन



नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा।

ARBiT



जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

**Monsieur the Astrologer** 'Billah, Billah, an admirable Sahet certainly! thou augur of evil! Trees planted under thy direction at noon, are in the evening torn up by the roots!'

**Essential Elements to a Good Photo**

**Best Board Games** It's time to refresh your game stash!

# पंजाब में दलित मु.मंत्री परीक्षण फेल होने के बाद राहुल सैलजा को मौका नहीं देंगे हरियाणा में

## जैसा कि विदित ही है, पंजाब में कांग्रेस ने दलित नेता चन्नी को मु.मंत्री बनाया था, पर, अगले विधानसभा चुनाव में पावरफुल जाट सिख मतदाताओं ने कांग्रेस का पत्ता साफ कर दिया था

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 7 अक्टूबर। हरियाणा तथा जम्मू और कश्मीर विधानसभा चुनावों के परिणाम कल सुबह आने शुरु हो जाएंगे।

हरियाणा में कांग्रेस दस वर्षों के अंतराल के बाद सत्ता में वापस आने को तैयार लग रही है।

मुख्यमंत्री सीट पर भूपेन्द्र सिंह हूडा के आने की संभावना है, जिन्होंने अपने आपको राज्य के अगले मुख्यमंत्री के रूप में पेश किया था।

सारे संकेत यही हैं कि गांधी परिवार का उन्हें पूर्ण समर्थन प्राप्त है और उन्होंने ही हूडा को खुली छूट दी थी।

यद्यपि लोकसभा सांसद कुमारी सैलजा ने खुद को दलित चेहरे के रूप में पेश किया जो मुख्यमंत्री बनाए जाने का मौका चाहती हैं। उन्होंने पार्टी की जड़ें खोदने की कोशिशें इस हद तक की कि

- **अतः गांधी परिवार हरियाणा में दलित चेहरे को मु.मंत्री के रूप में प्रस्तुत करने के बजाय, भूपेन्द्र सिंह हूडा को मु.मंत्री बनाने की इच्छा रखता है। यह उस समय ही उजागर हो गया, जब कांग्रेस के टिकट वितरण व चुनाव संचालन में हूडा को "फ्री" हैण्ड दिया था।**
- **जम्मू-कश्मीर में पांच मनोनीत विधायकों, जो पाक अधिकृत कश्मीर का प्रतिनिधित्व करेंगे, का विधानसभा में, चयन महत्वपूर्ण हो गया है। अगर राज्यपाल उनका अभी तुरन्त प्रभाव से मनोनयन करेंगे तो विधानसभा में उनका मतदान करना जायज़ होगा या नहीं, यह एक बहस का मुद्दा है। अगर, नयी सरकार के गठन के बाद, उनका मनोययन होता है तो नयी सरकार उनका मनोनयन करेगी और उनके द्वारा विधानसभा में मतदान विवादित नहीं होगा।**

भाजपा ने उनकी बगावत का हवाला देकर बताया कि कांग्रेस में भारी अंतर्कलह है।

पंजाब, जहां राहुल ने दलित मुख्यमंत्री चन्नी को आगे बढ़ाया था, में दलित चेहरे का प्रयोग असफल हो गया था, यहाँ चन्नी के आने के बाद जट सिख नाराज़ हो गए और राज्य में कांग्रेस का सफाया हो गया था।

इसी प्रकार हरियाणा में भी जाट जिनके पास पैसे की ताकत है और जिनका भारी दबदबा है, वे भी दलित को बतौर मुख्यमंत्री बर्दाश्त नहीं करेंगे।

पंजाब के असफल दलित प्रयोग से राहुल सबक सीख गए हैं और अब राजनैतिक रूप से वे काफी समझदार हो गए हैं।

जम्मू-कश्मीर मे उमर अब्दुल्लाह मुख्यमंत्री की कुर्सी की तरफ बढ़ते नज़र आ रहे है, हालांकि यहां भाजपा सत्ता में आने के लिए पूरा जोर लगा रही है।

गत चुनावों में भाजपा जम्मू से 25 सीटें जीती थी, इस बार भी 2-3 सीटों की घट बढ़ हो सकती है। बहुमत की संख्या 46 है और कोई भी पार्टी भाजपा से गठबंधन नहीं करेगा।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## नया विवाद ना हो इसलिए सी.एम. ने अदालत से विदेश जाने की अनुमति मांगी

जयपुर, 7 अक्टूबर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जिले के अतिरिक्त सत्र न्यायालय क्रम-4 में प्रार्थना पत्र पेश कर 13 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक जर्मनी और इंग्लैंड जाने के लिए अनुमति मांगी है। प्रार्थना पत्र पर अदालत 9 अक्टूबर को सुनवाई करेगी।

मुख्यमंत्री की ओर से अधिवक्ता अश्विनी बोहरा के जरिए प्रार्थना पत्र पेश कर कहा गया कि प्रार्थी के खिलाफ एक मामले में 30 सितंबर 2013 को कोर्ट में चालान पेश किया गया था। यह

- **गत दिनों मुख्यमंत्री की कोरिया व जापान की यात्रा के समय एक व्यक्ति ने उन के अदालत की अनुमति के बिना विदेश जाने के कारण जमानत रद्द करने का प्रार्थना पत्र पेश किया था।**

मामला पिछले 11 साल से पेंडिंग चल रहा है। प्रार्थी प्रदेश के मुख्यमंत्री हैं और उन्हें अक्सर राजकार्य से बाहर जाना पड़ता है। उन्हें "राइज़िंग राजस्थान" कार्यक्रम के तहत विदेशी निवेशकों से चर्चा व संवाद और प्रदेश में निवेश के निमंत्रण के लिए इंग्लैंड व जर्मनी की यात्रा करनी प्रस्तावित है। ऐसे में उन्हें राजकार्य के हितार्थ 13 से 25 अक्टूबर तक इंग्लैंड और जर्मनी की यात्रा का

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'पत्रकार द्वारा सरकार की आलोचना अपराध नहीं हैं'

## सुप्रीम कोर्ट ने यू.पी. सरकार द्वारा पत्रकार के खिलाफ दर्ज क्रिमिनल केस रद्द करते हुए टिप्पणी की

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 7 अक्टूबर। पत्रकारों को एक बड़ी राहत देते हुए, सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि सरकार की आलोचना करने पर पत्रकारों के खिलाफ कोई क्रिमिनल केस दायर नहीं किया जा सकता।

न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय तथा एस.वी.एन. भट्टी की बैंच ने गत सप्ताह उत्तर प्रदेश पुलिस को एक पत्रकार पर बल प्रयोग करने से रोक दिया, जिसने योगी आदित्यनाथ प्रशासन में महत्वपूर्ण पदों पर अधिकारियों की तैनाती में "जातीय झुकाव" के बारे में एक लेख लिखा था।

बैंच ने कहा, "लोकतन्त्रिक देशों में, विचारों की अभिव्यक्ति की स्वतन्त्रता का सम्मान होता है। पत्रकारों के अधिकार संविधान के अनुच्छेद (191) (1) (ए) के तहत संरक्षित हैं। सिर्फ इसलिए, कि किसी पत्रकार के लेख सरकार की आलोचना माने जा रहे हैं, उस लेखक (पत्रकार) के खिलाफ क्रिमिनल केस दायर नहीं किया जाना चाहिए।"

पत्रकार अभिषेक उपाध्याय, जिनका प्रतिनिधित्व एडवोकेट अनूप प्रकाश अवस्थी कर रहे हैं, ने कहा कि उन्होंने देखा है कि उत्तर प्रदेश पुलिस ने उनके खिलाफ "भारतीय न्याय संहिता" के विभिन्न प्रावधानों तथा "इन्फॉर्मेशन टेक्नॉलॉजी एक्ट" की धारा 66 (कम्प्यूटर से सम्बन्धित अपराध) के तहत, एक "सारहीन" एफ.आई.आर. दर्ज की है।

- **सुप्रीम कोर्ट ने कहा, पत्रकार के अधिकार संविधान के अनुच्छेद 19(1) (ए) के तहत संरक्षित हैं। सिर्फ इसलिए कि पत्रकार के आलेख में सरकार की आलोचना है, उस पर क्रिमिनल केस नहीं बनता।**
- **यह याचिका पत्रकार अभिषेक उपाध्याय ने दायर की थी, जिनके एक आलेख को लेकर यू.पी. पुलिस ने उन पर केस दर्ज किया था।**
- **उपाध्याय ने अपने आलेख में यू.पी. के प्रशासनिक पदों में जाति विशेष के प्रति रूझान होने की बात कही थी।**

पत्रकार ने अपनी याचिका में कहा कि एफ.आई.आर. की प्रस्तावना में ही, "उत्तर प्रदेश के मौजूदा मुख्यमंत्री की तुलना ईश्वर के अवतार से की गई है, इसलिए उनका सामान्य प्रशासन जातीय सोच के किसी भी आलोचनात्मक विश्लेषण से परे है।"

याचिका में कहा गया है कि "सत्य की सेवा करना, सत्ता को जवाबदेह बनाना तथा किसी भय या पक्षपात के बिना जनता को वस्तुस्थिति की जानकारी देना पत्रकार का कर्तव्य होता है।"

उपाध्याय एफ.आई.आर. को उद्घृत करते हुए कहा, "माननीय योगी आदित्यनाथ महाराज जी ईश्वर के अवतार की तरह हैं। भारत के विभिन्न राज्यों के सभी मुख्यमन्त्रियों में, कोई भी मुख्यमंत्री लोकप्रियता के मामले में महाराज जी के नजदीक भी नहीं है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर, महाराज जी मुख्यमंत्री की तुलना में सबसे अधिक हैं। चूँकि महाराज जी मुख्यमंत्री बन गये, इसलिए उत्तर प्रदेश कानून-व्यवस्था के मामले में भारत में सर्वोच्च स्थान पर पहुँच गया है। उनके

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# चामुण्डा मंदिर रोड पर गरबा कार्यक्रम के पास पैंथर देखा गया

## ढोल गाँव में सांय 5 बजे ही कर्फ्यू जैसे हालात हो जाते हैं

उदयपुर, 7 अक्टूबर (कासं)। जिले के गोगुंदा-बड़गांव से सटे जंगलों में वन विभाग के शूटर और वन विभाग के कर्मचारी 9 लोगों का शिकार कर चुके आदमखोर पैंथर की तलाश कर रहे हैं। इस इलाके से करीब 30 किलोमीटर दूर नांदेशमा क्षेत्र में चामुंडा माता मंदिर रोड पर रविवार रात एक पैंथर विचरण करता दिखाई दिया है।

पैंथर के मूवमेंट का वीडियो भी सामने आया है। यह वीडियो जसवंतगढ़ से नांदेशमा रोड से गुजर रहे कुछ कार सवारों ने बनाया। वीडियो में पैंथर सड़क पर घूमता नज़र आ रहा है। जिस स्थान पर पैंथर को देखा गया, उससे कुछ ही दूरी पर गरबा कार्यक्रम चल रहा था। कार सवारों ने बताया, वाहनों की लाइट जैसे ही पेंथर की आंखों पर पड़ती, वह झाड़ियों में घुस जाता और फिर वापस सड़क पर आ जाता था।

गोगुंदा में जिस जगह पर वन विभाग की टीम आदमखोर पैंथर को तलाश कर रही है वहां से 10 किलोमीटर दूर रावलिया खुर्द ग्राम पंचायत के चुंडावतों

- **गरबा कार्यक्रम से कुछ ही दूरी पर कुछ कार सवारों ने पैंथर को सड़क पर घूमते देखा और उसके मूवमैंट का वीडियो भी बनाया। वाहनों की लाइट पड़ते ही पैंथर झाड़ियों में घुस जाता था और फिर वापस सड़क पर आ जाता था।**

का गुड़ा में पैंथर ने सोमवार दोपहर करीब 12:30 बजे वीरेंद्र सिंह के बाड़े में बंधी दो बकरियों को मार डाला। लोगों ने इसकी सूचना सरपंच हीरा लाल भील और कांग्रेस के नांदेशमा मंडल के अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी को दी और पैंथर को पकड़ने के लिए वन विभाग से पिंजरा लगाने की मांग की। सूचना के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और पिंजरा लगाया।

गोगुंदा सायरा थाना क्षेत्र के ढोल गांव के लोग पैंथर के डर में जीने को मजबूर हैं। ढोल गांव के आस-पास पैंथर तीन लोगों और गाय, बकरियों का शिकार कर चुका है। ढोल ग्राम पंचायत के सरपंच मोहन लाल गमेती ने कलेक्टर को पत्र लिखकर गांव में पिंजरा लगवाने की मांग की है, लेकिन, अभी तक पिंजरा नहीं लगाया गया है। लोग मवेशियों को जंगल में ले जाने से डर रहे हैं। पशुओं को दिनभर बाड़े में ही रखकर चारा -पानी दे रहे हैं। ग्रामीणों ने आक्रोश जताते हुए कहा, अगर पिंजरा नहीं लगाया जाता है तो सड़क जाम कर प्रदर्शन करेंगे। आदमखोर पैंथर जिंदा है, इसलिए शाम को 5 बजते ही गांव में कर्फ्यू जैसे हालात हो जाते हैं।

जानकारी के अनुसार, उदयपुर-अहमदाबाद हाईवे पर ऋषभदेव के पास एक पैंथर ने दो बछड़ों का शिकार किया है। यहां पर पगल्याजी रिछा गोड घाटा पर कमलेश नाथ पुत्र लक्ष्मण नाथ के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'एस.एम.एस. स्टेडियम का संचालन कैसे हो रहा है'

जयपुर, 7 अक्टूबर। राजस्थान हाईकोर्ट ने आर.सी.ए. के पूर्व पदाधिकारियों के खिलाफ दर्ज मामले में महाधिवक्ता को 10 अक्टूबर को रिकॉर्ड सहित यह बताने को कहा है कि सरकारी संपत्ति को सोसायटी कैसे चलाती है। इसके अलावा एस.एम.एस. स्टेडियम का संचालन कौन कर रहा है और उसका मालिकाना हक किसके पास है। अदालत ने सरकार को कहा कि कोर्ट जानना चाहता है कि आखिर सरकारी संपत्ति का

- **हाई कोर्ट ने महाधिवक्ता को रिकॉर्ड सहित यह बताने को कहा कि सरकारी सम्पत्ति को सोसायटी कैसे चलाती है।**

संचालन इस तरह कैसे होता है। जस्टिस समीर जैन ने यह आदेश आर.सी.ए. के तत्कालीन सचिव भवानी शंकर सामोता सहित अन्य की ओर से पेश आपराधिक याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। याचिका में आर.सी.ए. की एडहॉक कमेटी की ओर से गत 8 अगस्त को ज्योति नगर थाने में दर्ज एफ.आई.आर. को चुनौती दी गई है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# अगर राज्यपाल द्वारा मनोनीत 5 विधानसभा सदस्य को जोड़ें तो विधानसभा 95 सदस्यीय हो जाती है

## और, सरकार बनाने के लिए 48 सदस्यों का समर्थन चाहिये जम्मू-कश्मीर में

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 7 अक्टूबर। कांग्रेस और भाजपा हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावों में अपनी-अपनी जीत के बढ़-चढ़ कर दावे कर रहे हैं। ज्ञातव्य है कि इन दोनों ही राज्यों में अधिकृत मतगणना मंगलवार को होनी है।

कांग्रेस जहाँ हरियाणा, में भाजपा के 10 वर्षों के शासन के बाद, सत्ता में लौटने को लेकर आश्वस्त है, वहीं जम्मू-कश्मीर में भी कांग्रेस नेता अपनी बढ़त मानकर चल रहे हैं, हालाँकि वे इस बात को लेकर शंकित भी हैं कि जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल विधानसभा में 5 सदस्य मनोनीत करके परिणामों को उलट भी सकते हैं।

कांग्रेस के अनुसार, जम्मू-कश्मीर विधानसभा के गठन से पहले, लेफ्टिनेंट गवर्नर (एल.जी.) द्वारा 5 विधायकों का मनोनयन लोकतन्त्र पर एक हमला है। जैसे ही एग्ज़िट पोल्स में त्रिशंकु विधानसभा की भविष्यवाणी की, राजनैतिक तनाव पैदा होने शुरू हो गए तथा नामजद सदस्यों के असर को लेकर

- **भाजपा के 25 सदस्य थे, पिछली विधानसभा में। इस बार दो-तीन सीटों की बढ़त हो सकती है, भाजपा विधायकों की संख्या में।**
- **जम्मू-कश्मीर रीऑर्गनाइज़ेशन एक्ट, 2019, व उसके 26 जुलाई 2023 के संशोधित रूप के अनुसार, राज्यपाल दो और महिलाओं को विधानसभा में मनोनीत कर सकते हैं, अगर राज्यपाल यह महसूस करते हैं कि विधानसभा में महिला विधायकों की संख्या कम है या उपयुक्त नहीं है।**
- **इसके अलावा निर्दलीय व छोटी-छोटी क्षेत्रीय पार्टियों के विधायकों की संख्या 18 आंकी है, एग्ज़िट पोल ने।**
- **अतः विधानसभा के चुनाव के परिणाम आने के बाद जम्मू-कश्मीर में शान्ति का वातावरण शायद न उभरे बल्कि खींचतान काफी दिनों तक बरकरार रहेगी।**

चिन्ताएं बढ़ने लगीं।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ये 5 विधायक, जे कश्मीरी विस्थापितों तथा पाक-अधिकृत जम्मू-कश्मीर (पी.ओ.जे.के.) के लोगों का प्रतिनिधित्व करेंगे, को वे सभी विधाई शक्तियाँ तथा विशेषाधिकार प्राप्त होंगे, जो निर्वाचित विधायकों को होते हैं। कांग्रेस पार्टी, जिसने नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ मिलकर चुनाव लड़ा है, ने इस कार्यवाही को लोकतन्त्र तथा संविधान के मूल सिद्धान्तों पर हमला बताया है।

इस मनोनयन प्रक्रिया का उल्लेख जम्मू-कश्मीर रिआर्गनाइज़ेशन एक्ट, 2019 में किया गया है, जिसे 26 जुलाई, 2023 को और संशोधित कर दिया गया था। जैसा कि कहा जा रहा है, अगर विधायक मनोनित किए जाते हैं, तो जम्मू-कश्मीर विधानसभा की सदस्य संख्या बढ़कर 95 हो जायेगी तथा सरकार के गठन के लिए बहुमत की सीमा रेखा बढ़कर 48 हो जाएगी।

"पुनर्गठन अधिनियम" में विशेष रूप से कहा गया है कि जम्मू-कश्मीर के एल.जी. महिलाओं को प्रतिनिधित्व देने के लिए दो सदस्यों के मनोनित कर सकेंगे, "अगर उनके विचार से विधानसभा में महिलाओं का प्रतिनिधित्व यथोचित नहीं है।"

## तीन हत्यारों को आजीवन कारावास की सजा

जयपुर, 7 अक्टूबर। अतिरिक्त सत्र न्यायालय क्रम-6 महानगर द्वितीय ने आपसी रंजिश के चलते धारदार हथियार से युवक की हत्या करने वाले अभियुक्त फरमान उर्फ चड्डी, मोहम्मद इरफान और सोहेल को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही, पीठासीन अधिकारी बालकृष्ण कटारा ने 20 और 21 वर्षीय इन अभियुक्तों पर कुल 1.53 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

अभियोजन पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक सत्येन्द्र सिंह ने अदालत को बताया कि 17 सितंबर, 2021 को मोहम्मद नासिर ने गलता

- **सितम्बर 2021 में आपसी रंजिश के चलते अभियुक्तों ने बिलाल नामक युवक की चाकू मारकर हत्या की थी।**

गेट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा गया कि बीती रात करीब 11.45 बजे मोहल्ले में रहने वाले फैजान और आरिफ उसके छोटे भाई बिलाल को घायल अवस्था में घर लेकर आये थे। इस दौरान बिलाल की छाती से खून बह रहा था। आदिल ने उसे बताया कि बिलाल और मोहम्मद आदिल के साथ अभियुक्त लड़कों ने झगड़ा किया था। जब उसने बीच बचाव किया तो एक अभियुक्त ने उसके हाथ और पीठ पर चाकू से वार किा, वहीं बाद में अभियुक्त बिलाल की छाती पर चाकू से वार कर वहां से फरार हो गए। तीनों लड़के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# दिल्ली के फॉरैन प्रैस क्लब में तख्ता पलट

## एक गुट ने मीटिंग बुला कर फॉरैन करस्पॉन्डैंट्स क्लब के निर्वाचित पदाधिकारियों को पद से हटा दिया

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 7 अक्टूबर। बेहद नाटकीय घटनाक्रम में एक गुट ने फॉरेन करसपॉन्डैंट्स क्लब (एफ.सी.सी.) ऑफ साउथ एशिया के निर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और महासचिव को हटाकर अपनी टीम स्थापित कर ली। गत जुलाई में निर्वाचित पदाधिकारियों को उस मीटिंग का नोटिस तक नहीं दिया गया, जिसमें उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया।

जिन पत्रकारों को हटाया गया, उनमें वरिष्ठ पत्रकार एस. वैंकट नारायण भी शामिल थे, जो गत दिनों 92 वर्ष के हुए थे। उपाध्यक्ष सीरिया के वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार वाएल अव्वद और महासचिव प्रकाश नंदा, जो यूरेशियन टाइम्स के वरिष्ठ पत्रकार हैं इन्हें भी हटा दिया गया है।

वैंकट नारायण ने शनिवार को क्लब लॉक कर दिया था। क्लब सुप्रीम कोर्ट के ठीक सामने है। इस पर विरोधी गुट ने एक गुण्डे की मदद ली, जिसे प्रैस क्लब ऑफ इंडिया से निष्कासित किया गया था क्योंकि उसने एक वरिष्ठ पत्रकार व उसके मेहमान, के साथ मारपीट की थी। क्लब सरकारी भवन में है।

संगठन के आठ सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अविश्वास प्रस्ताव पारित किया गया। उन्होंने दिल्ली में रहने वाली विदेशी मामलों की विश्लेषक सिमरन सोढी को अंतरिम अध्यक्ष और डिप्लोमैट के संवाददाता संजय कुमार को अंतरिम महासचिव बनाया है।

एफ.सी.सी. 500 से ज्यादा पत्रकारों का क्लब है, जिनमें इंडिया, बांग्लादेश, पाकिस्तान, श्रीलंका, भूटान, नेपाल, मालदीव, अफगानिस्तान और तिब्बत को कवर करने वाले पत्रकार शामिल हैं। पदाधिकारियों को अचानक हटाने से स्पष्ट है कि प्रशासनिक मसले पर तनाव होगा, क्योंकि कई सदस्य, जो मीटिंग में मौजूद नहीं थे, ने इस निष्कासन को अवैध ठहराया है। नए अंतरिम महासचिव संजय कुमार ने कहा कि संगठन क्लब के आंतरिक मामलों और चर्चा के बारे में मीडिया से कोई बात नहीं करेगा।

एफ.सी.सी.की मैनजिंग कमेटी में 11

- **हटाए गए पदाधिकारियों में वरिष्ठ पत्रकार एस. वेंकट नारायण (92) भी शामिल हैं, जो इस क्लब में अध्यक्ष हैं। महासचिव प्रकाश नंदा व उपाध्यक्ष सीरिया के पत्रकार वाएल अव्वाद को भी हटा दिया गया।**
- **इस गुट ने विदेशी मामलों की विश्लेषक सिमरन सोढ़ी को अतंरिम अध्यक्ष और डिप्लौमैट पत्रिका के संवाददाता संजय कुमार को अंतरिम महासचिव बनाया है।**
- **क्लब के एक गुट ने इस कार्यवाही को गैर कानूनी करार दिया और अदालत में जाने का मन बनाया।**
- **क्लब के एक सदस्य ने नाम गोपनीय रखने की शर्त पर बताया कि यह सारा खेल अगले माह होने जा रहे इन्टरनैशनल एसोसिएशन ऑफ प्रैस क्लब के कार्यक्रम की वजह रचा, गया है जिसमें काफी विदेशी पत्रकार भी आएंगे।**

सदस्य हैं, जिनमें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और महासचिव भी शामिल हैं। लेकिन एफ.सी.सी.के एक कोर मैम्बर ने कहा कि 8 बचे सदस्यों में से चार निर्वाचित हैं, जिन्हें मतदान का अधिकार है तथा चार मनोनीत सदस्य हैं, जिन्हें मतदान का अधिकार नहीं है।

उक्त सदस्य ने नाम गोपनीय रखने की शर्त पर कहा कि शुक्रवार को 8 सदस्यों ने मिलकर पदाधिकारियों को बिना सूचना दिए पद से हटा दिया और कहा कि पदाघिकारी अपना विश्वास खो चुके हैं, इसलिए वे उन्हें हटाकर खुद चार्ज ले रहे हैं। इन सदस्यों ने इस कार्यवाही को अवैध बताया। इस सदस्य का कहना था कि सिर्फ अध्यक्ष ही मीटिंग बुला सकता है, फिर इनका चार निर्वाचित सदस्यों का कोरम भी पूरा नहीं था, क्योंकि इनमें से चार को वोटिंग राइट भी नहीं दिया गया था। ये लोग निर्वाचित सदस्यों को नहीं हटा सकते थे।

एफ.सी.सी. सदस्यों ने गत कुछ माह के घटनाक्रम की जानकारी दी, जिसकी वजह से इस सप्ताह अचानक मैनेजिंग कमेटी की मीटिंग बुलाई गई। उन्होंने बताया कि एफ.सी.सी. इंटरनैशनल एसोसिएशन ऑफ प्रैस क्लब्स का सदस्य है। इसमें 35 देशों के 40 क्लब्स शामिल हैं। हर वर्ष किसी एक देश में आई.ए.पी.सी. का सम्मेलन होता है। गत वर्ष लंदन में हुआ था इस वर्ष नवम्बर में यह सम्मेलन भारत में होना था। दस साल पहले भी भारत में सम्मेलन हुआ था।

लेकिन यूक्रेन व गाज़ा में चल रहे युद्ध को और अमेरिका के चुनावों को देखते हुए तय किया गया कि अगले माह ही मीटिंग बुला ली जाए। इस पर 20 जुलाई को हुई ए.जी.एम. में चर्चा हुई थी। जब सदस्य आते हैं तो वे अपने होटल में रहने का खर्चा खुद उठाते है और सदस्यता शुल्क भी देते हैं। यह तय किया गया था कि मीटिंग के दो दिन बाद सभी को ताजमहल घुमाने ले जाया जाएगा, जिस पर तकरीबन तीन लाख रु. का खर्च आता, ए.जी.एम. में यह जानकारी दे दी गई थी।

मीटिंग, जिसकी वीडियो रिकॉर्डिंग हुई

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# मुख्यमंत्री ने नाहरगढ़ में टाइगर सफारी का लोकार्पण किया

## उन्होंने आशा जताई कि इससे पर्यटन को नई शुरूआत मिलेगी व बाघ संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को जयपुर के नाहरगढ़ में फीता काटकर टाइगर सफारी का शुभारम्भ किया। प्रदेशवासियों को मिली इस सौगात से अब वन्य जीव प्रेमी नाहरगढ़ में टाइगर सफारी का आनंद ले सकेंगे। मुख्यमंत्री ने

- **नाहरगढ़ जैविक उद्यान में दो बाघ शावक हैं, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मादा बाघ शावक का नाम 'स्कंदी' तथा नर शावक का 'भीम रखा है**

नाहरगढ़ जैविक उद्यान में दो बाघ शावकों का नामकरण भी किया। उन्होंने मादा बाघ शावक का नाम "स्कंदी" तथा नर बाघ शावक का नाम "भीम" रखा।

शर्मा ने प्रदेशवासियों को 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक मनाए जा रहे वन्य जीव सप्ताह की बधाई देते हुए कहा कि वन्य जीवों की रक्षा तथा प्रकृति को संजोए रखना हम सभी का कत्तर्व्य है। उन्होंने कहा, वन्यजीव सप्ताह में विद्यार्थियों को बायोलॉजिकल पार्क में निःशुल्क प्रवेश दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वन विभाग और जेडीए के संयुक्त प्रयासों से सोमवार को शुरू हो रही टाइगर सफारी से प्रदेश में पर्यटन को एक नई शुरूआत मिली है और इससे बाघों के संरक्षण एवं संवर्धन को भी बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान, वन्यजीवों के संरक्षण, संवर्धन पर विशेष जोर दे रहा है। प्रदेश में तीन नेशनल पार्क, 26 अभयारण्य, 36 कन्ज़र्वेशन रिज़र्व तथा 4 बायोलॉजिकल पार्क विकसित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा बाघों के संरक्षण के निरंतर किए जा रहे प्रयासों से उनकी आबादी बढ़ रही है। राजस्थान में लगभग 130 बाघ हैं। जे.डी.ए. ने जयपुर जिले में दो नए पार्क विकसित किए हैं, जिनमें जीरोता में नगर वन एवं नेवटा के पास बायोडायवर्सिटी पार्क शामिल हैं। इससे आसपास की 5 लाख की आबादी लाभान्वित होगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को नाहरगढ़ जैविक उद्यान में रोशनी एवं वन्यजीवों के लिए पानी तथा उद्यान के समुचित रख-रखाव के लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। इससे पहले उन्होंने परिसर में "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत पौधारोपण किया। उन्होंने इस दौरान विभिन्न स्कूलों से जैविक उद्यान में भ्रमण हेतु आए बच्चों से मुलाकात भी की। उल्लेखनीय है कि नाहरगढ़ वन्य जीव अभयारण्य 5 हजार 240 हेक्टेयर में फैला हुआ है, जिसमें नाहरगढ़ जैविक उद्यान 720 हेक्टेयर में विकसित किया गया है। इसमें पहले से ही लॉयन सफारी संचालित है। समारोह में नगरीय विकास राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा, वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा, विधायक प्रशांत शर्मा, जयपुर नगर निगम (हेरिटेज) महापौर कुसुम यादव, प्रधान मुख्य वन संरक्षक अरिजीत बनर्जी सहित वन्य जीव प्रेमी उपस्थित थे।



**उपमुख्यमंत्री और पर्यटन मंत्री दिया कुमारी तथा शासन सचिव पर्यटन रवि जैन की उपस्थिति में राजस्थान पर्यटन विकास निगम और हुडको की ओर से सोमवार को सचिवालय में आरटीडीसी की प्रबंध निदेशक सुषमा अरोड़ा और हुडको के क्षेत्रीय प्रमुख सुधीर भटनागर के मध्य एमओयू का आदान प्रदान किया गया।**



**जयपुर में जौहरी बाजार की पहचान सूर्यमुखी लाइट के खंभों से लाईटें बंद कर दी गई हैं। वहीं दीपावली नजदीक आते ही नए खंभों पर लाइटें लगाकर जौहरी बाजार को जगमग किया जा रहा है।**

# हुडको से आर.टी.डी.सी. का करार

**जयपुर ।** उपमुख्यमंत्री और पर्यटन मंत्री दिया कुमारी तथा शासन सचिव पर्यटन रवि जैन की उपस्थिति में राजस्थान पर्यटन विकास निगम और हुडको की ओर से सोमवार को सचिवालय में आरटीडीसी की प्रबंध निदेशक सुषमा अरोड़ा और हुडको के क्षेत्रीय प्रमुख सुधीर भटनागर के मध्य 415 करोड़ रुपये के ऋण हेतु एमओयू का आदान प्रदान किया गया।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि आज हुडको से 9.12: की ब्याज दर पर 415 करोड़ रुपये के दीर्घकालीन लोन का एमओयू आदान प्रदान किया गया है। राजस्थान में पर्यटन के क्षेत्र में विकास की असीम संभावनाएं हैं। इन संभावनाओं पर अभी बहुत काम किया जाना है। उन्होंने कहा कि हुडको के साथ हुए आज के एमओयू से पर्यटन विकास के लिए वित्तीय संबल मिलेगा। राजस्थान में पर्यटन विकास को और गति मिलेगी।

दिया कुमारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विजन विकसित भारत बनाने का है। इसी लक्ष्य के तहत राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का विकसित राजस्थान बनाने का विजन है। जिसमें पर्यटन की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है। हमारी डबल इंजन की सरकार है केन्द्र सरकार के साथ मिलकर राज्य सरकार प्रदेश का विकास करेगी,पर्यटन का विकास करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य के तीर्थ स्थलों, स्मारकों,नये डेस्टीनेशन्स को और अच्छा बनाने के लिए कार्य किये जाएंगे। राजस्थान आने वाले पर्यटकों का अनुभव शानदार हो इसके लिए हमारा प्रयास होगा।

# अनियमितताओं पर दोषियों पर तत्काल कार्रवाई करें, लीपापोती नहीं : गौतम कुमार दक

**जयपुर।** सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक ने कहा कि सहकारी समितियों में अनियमितताओं और फर्जीवाड़े के प्रकरणों से आमजन का सहकारिता में विश्वास कम होता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए की ऐसे प्रकरण सामने आते ही दोषियों के प्रति बिना सहानुभूति रखते हुए अविलम्ब कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

सहकारिता मंत्री सोमवार को अपेक्स बैंक सभागार में राजस्थान सहकारी सोसायटी अधिनियम- 2001 की धारा 55, 57 (1) और 57 (2) के तहत लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर रहे थे। इस मैराथन बैठक में लम्बे समय से पेंडिंग चल रहे करीब 300 प्रकरणों की खण्डवार और प्रकरणवार विस्तार से समीक्षा की गई। सहकारिता मंत्री ने प्रकरणों की जांच में देरी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने लम्बित जांच प्रकरणों में जांच अधिकारियों के लिए समय सीमा भी निर्धारित की। श्री दक ने कहा कि अनियमितताओं के प्रकरणों में होने वाली कार्यवाही नजीर बननी चाहिए। इसके लिए जांच अधिकारी ऐसे प्रकरणों में लीपापोती करने के बजाय पूरी ईमानदारी से अपना काम करें।

दक ने निर्देश दिए कि सहकारी समितियों की आम सभा में राजकीय प्रतिनिधि की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। इससे फर्जीवाडे के प्रकरणों पर काफी हद तक लगाम लगेगी। उन्होंने कहा कि यदि समिति में फर्जीवाडा साबित होता है, तो आरोपियों के विरुद्ध तत्काल प्राथमिकी दर्ज करवाई जाए। सहकारिता मंत्री ने देरी वाले प्रकरणों में जांच अधिकारी बदलने एवं जांच की समय सीमा निर्धारित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी समिति में अनियमितता पाए जाने पर सम्पत्ति का अटैचमेंट बिफोर अवार्ड तुरन्त किया जाए, जिससे सम्पत्ति को खुर्द-बुर्द नहीं किया जा सके।

सहकारिता मंत्री ने कहा कि रिपोर्ट आने के बाद तत्काल जांच परिणाम जारी होना चाहिए। साथ ही, जांच परिणाम आने के बाद वरिष्ठ अधिकारी तथ्यों की अच्छी तरह जांच-परख कर लें। उन्होंने कहा कि अनियमितता करने वाले पदाधिकारियों द्वारा केवल राशि जमा करवा देने से ही अपराध समाप्त नहीं होता, बल्कि ऐसे लोगों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाए। दक ने कहा कि यदि कोई अधिकारी दोषी व्यक्तियों को बचाने का प्रयास करते हैं, तो उनके विरुद्ध भी सख्त कार्यवाही होगी।

शासन सचिव सहकारिता विभाग एवं रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां मंजू राजपाल ने निर्देश दिए कि अनियमिताओं के मामलों में ढ़िलाई नहीं बरती जाए। बार-बार केवल नोटिस देकर प्रकरण को

- **सहकारिता मंत्री ने की लंबित 300 प्रकरणों की समीक्षा**
- **'दोषियों को बचाने का प्रयास करने वाले अधिकारियों पर भी होगी सख्त कार्रवाई'**

लम्बित नहीं रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ अधिकारी भी यह ध्यान रखें कि पर्यवेक्षणीय लापरवाही नहीं हो। जांच अगर पूरी हो चुकी है तो रिपोर्ट तत्काल सबमिट की जाए। पुराने प्रकरणों पर खास फोकस रखते हुए उनका शीघ्र निस्तारण किया जाए।

राजपाल ने कहा कि अधिकारी अपने कामकाज के तरीके में बदलाव लाकर प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करें। यदि कोई अधिकारी बिना किसी वजह के जांच में विलंब करते हैं, तो उन्हें भी नोटिस दिए जाएं। उन्होंने कहा कि जांच अधिकारी प्रकरणों की गंभीरता को समझते हुए समय सीमा का विशेष तौर पर ध्यान रखें।

अतिरिक्त रजिस्ट्रार (बैंकिंग) राजीव लोचन ने कहा कि जिन समितियों में मिनी बैंक हैं, उनमें जमाओं का सत्यापन करवाया जाए। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को जांच प्रकरणों को गंभीरता से लेना चाहिए।



**सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक ने सोमवार को अपेक्स बैंक सभागार में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। इस दौरान उनके साथ सहकारिता रजिस्ट्रार मंजू राजपाल मौजूद थीं।**

नम्बर मिलाइए
9587884433
सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

## 'कांग्रेस सोशल मीडिया में बेहतर काम करने वालों को मोबाइल मिलेगा'

**जयपुर, (का.प्र.)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस सोशल मीडिया एवं डिजिटल प्लेटफार्म की प्रदेश कार्यकारिणी एवं जिलाध्यक्षों की बैठक को सम्बोधित करते हुये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने कहा कि प्रदेश की जनता के समक्ष केन्द्र एवं प्रदेश की भाजपा सरकार की विफलताओं को उजागर करने में सोशल मीडिया एक महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में अंतिम स्थान तक बैठे हुये व्यक्ति तक सूचना प्रौद्योगिकी का लाभ लेते हुये केन्द्र एवं प्रदेश की भाजपा सरकार के जनविरोधी कार्यों को पहुँचाने के साथ ही देश एवं प्रदेश के विकास के लिये कांग्रेस के वीजन से प्रदेशवासियों को अवगत करवाना होगा।

डोटासरा ने घोषणा की कि सोशल मीडिया विभाग के पदाधिकारियों से प्रतिवर्ष विभाग के सबसे बेहतर कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को राजस्थान प्रदेश कांग्रेस द्वारा सम्मानित किया जायेगा तथा इन दस सर्वश्रेष्ठ कार्यकर्ताओं को पुरूस्कार स्वरूप मोबाईल प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा की प्रदेश सरकार जिस तरह से जनता की अनदेखी कर रही है, यह प्रदेशवासियों से छुपा हुआ नहीं है तथा आगामी सात विधानसभा उप चुनावों में भाजपा की सातों सीटों पर हार तय है। उन्होंने कहा कि सातों सीटों पर विधानसभा उप चुनाव में सोशल मीडिया विभाग के सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले सात पदाधिकारियों को प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा सम्मान स्वरूप एक-एक मोबाईल दिया जायेगा।

## अर्जुनराम मेघवाल ने जयपुर फुट की निर्माण विधि देखी

**जयपुर।** केन्द्रीय विधि और न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति (बी.एम.वी.एस.एस.) के मालवीया नगर स्थित केन्द्र में विश्व प्रसिद्व जयपुर फुट की निर्माण विधि देखी।

मेघवाल का बी.एम.वी.एस.एस. के संस्थापक और मुख्य संरक्षक डी.आर. मेहता तथा बी. एम.वी.एस.एस. के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और पूर्व आई.ए.एस. एस.एस. बिस्सा ने स्वागत किया। डी.आर. मेहता ने केन्द्रीय मंत्री मेघवाल को जयपुर फुट की निर्माण विधि से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि जयपुर फुट अब तक बीस लाख से अधिक लोगों को लाभान्वित कर चुका हैं और विश्व भर के देशों में अभी तक 45 हजार से अधिक विदेशी जयपुर फुट के सहारे चलते हैं। डी.आर. मेहता ने जानकारी दी कि अभी जयपुर फुट के शिविर तंजानिया और मंगोलिया में चल रहे हैं। मुख्य कार्यकारी अधिकारी बिस्सा ने केन्द्रीय मंत्री को बताया कि भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के सौजन्य से भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति विदेशों में शिविरों का आयोजन कर दिव्यांगों को चलने फिरने योग्य बनाती हैं। विधि मंत्री मेघवाल ने बताया कि उनकी बहुत दिनों से जयपुर फुट की निर्माण विधि देखने की इच्छा थी। उन्होंने कहा कि जयपुर फुट आज विश्वभर में अपनी गुणवत्ता के नाम से जाना जाता है। उन्होंने इस बात की प्रशंसा की कि जयपुर फुट विकलांगों को मुफ्त उपलब्ध कराया जाता है।

# 'मैंने सोशल मीडिया पर चार शब्द क्या लिख दिए, भाजपा में हड़कंप मच गया'

**जयपुर, (का.प्र.)।** ट्वीट करके राजस्थान में सियासी गर्मी बढ़ाने वाली कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने सोमवार को जयपुर में कहा कि "मैंने सोशल मीडिया पर चार शब्द क्या लिख दिए, भाजपा में हड़कंप मच गया और स्पष्टीकरण दिया जा रहा है। जब आरोप ही नहीं लगा तो स्पष्टीकरण क्यों दिया जा रहा है।

पीसीसी में सोशल मीडिया कार्यशाला के बाद मीडिया से बात करते हुए सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि यह कौन सा उड़ता तीर है, जो भाजपा पकड़ रही है। मुझे पता नहीं। मैंने तो किसी का नाम नहीं लिया तो क्लीन चिट किसे दी जा रही है? क्या यह चोर की दाढ़ी में तिनका नहीं है। मैंने बिना किसी का नाम लिए चार

- **जयपुर में बोली कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत, "जब आरोप ही नहीं लगा तो स्पष्टीकरण क्यों दिया जा रहा है"**

शब्द लिख दिए। भाजपा में उन चार शब्दों से हड़कंप मच जाता है। क्यों मच जाता है? मुझे तो इसका अंदाजा नहीं है। इसका मतलब है कि वह खुद कुछ कंकाल ऐसे लेकर बैठे हैं। उन्होंने कहा कि आरोप क्या लगाया है, मैंने केवल चार-पांच शब्द लिखे हैं। इधर से स्पष्टीकरण दिया जा रहा है। जब आरोप ही नहीं लगा तो स्पष्टीकरण क्यों दिया जा रहा है। मैंने कहां कहा कि "बिलो द बेल्ट।"

सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि मैं जयपुर या दिल्ली शहर लिख दूं तो कोई वार किया क्या? मैंने चार शब्द लिखे तो भाजपा को क्यों लगता है कि उनके साथ ऐसा हुआ। मेरे मन में आया रशिया-यूक्रेन का युद्ध चल रहा है। दिल्ली में रहती हूं।


**आम सूचना** सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि प्लाट नम्बर एफ-34 कुल क्षेत्रफल 200 वर्गगज स्थित राघव मार्ग, वाया रामपथ, श्याम नगर जयपुर के संयुक्त मालिक राजेन्द्र कुमार भरतीया पुत्र मुरारीलाल, दीपक भरतीया एवं रवि भरतीया पुत्रान स्व. निर्मल कुमार भरतीया हैं। अविभाजित प्लाट है। संयुक्त रूप से तीनो वास्तविक कब्जा है। किसी भी एक को या दो को अविभाजित भाग विक्रय करने का हक नही है। यदि बेचता है, तो पार्टीशन एक्ट 1893 की धारा 4 एवं हिन्दू उत्तराधिकारी अधिनियम 1956 की धारा 22 के अनुसार हकशफा का अधिकार है।
जयपुर (फैजान हुसैन) एडवोकेट
दिनांक 07-10-2024 मो.नं.-8824515124

**आम सूचना**
प्लाट नम्बर 674, रानी सती नगर, अजमेर रोड, जयपुर मेरे अभिभाष्य श्री रमन गुप्ता 9785411117 व विष्णु सिंह राजपूत मो. 8955522299, द्वारा खरीदा जा रहा है किसी को आपत्ति हो तो तीन दिवस के अन्दर हमें सूचित करें।
जयपुर (सी.सी. रत्नु) एडवोकेट
दिनांक-7.10.2024 मो. 9828110288

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य श्री नवरतन लाल कुम्हार पुत्र श्री मूलचन्द कुम्हार, निवासी-कुम्हारो का मोहल्ला, बस स्टेण्ड, झाग जिला जयपुर हाल निवासी-कृष्णा कुंज, सोलिटेयर पार्क, बगरू, जिला जयपुर ने अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से अपने पुत्र हर्षद प्रजापत पुत्र नवरतन लाल कुम्हार को बेदखल कर दिया है। क्योंकि हर्षद प्रजापत मेरे अभिभाष्य के कहे अनुसार नहीं चलता है, इसलिए दिनांक 05.10.2024 से हर्षद प्रजापत से मेरे अभिभाष्य का कोई वास्ता व लेना देना नहीं रहा है, कोई भी दीगर व्यक्ति इससे रूपये पैसे का लेन देन व अन्य संव्यवहार करता है तो मेरे अभिभाष्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
जयपुर (दिनेश चन्द शर्मा) एडवोकेट
दिनांक-5.10.2024 मो.नं. 9928956595

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्यगण विजय कुमार शर्मा, सुमन शर्मा, विवेक भारद्वाज, निवासीगण-फ्लैट नम्बर 204, द्वितीय मंजिल, बालाजी टॉवर, जगतपुरा, जयपुर के द्वारा प्लाट संख्या-ए-138, औद्योगिक क्षेत्र, कूकस, तहसील आमेर, जयपुर का दिनांक 06.10.2022 को क्रय किया था उक्त प्लाट पर मेरे अभिभाष्यगण काबिज है यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस में मेरे कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से अपने स्वयं के दस्तावेज लेकर उपस्थित होकर सम्पर्क करें।
जयपुर (अवधेश कुमार शर्मा) एडवोकेट
दिनांक- मो. 9828884988

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यह कि एक फ्लैट संख्या 30, इनकम टेक्स कॉलोनी प्रथम, रामनगरीया रोड, जगतपुरा, जयपुर में स्थित है, जिस पर मेरे पति कमलेश कुमार तिवारी ने एचडीएफसी लिमिटेड से ऋण लिया हुआ था तथा उक्त फ्लैट के समस्त असल दस्तावेज एचडीएफसी लिमिटेड में रहन (Mortgage) कर रखे है। यह कि मेरे पति कमलेश कुमार तिवारी का दिनांक 03.09.2016 को स्वर्गवास हो चुका है तथा उक्त फ्लैट के पेटे लिये हुये ऋण की पूर्ण अदायगी एचडीएफसी लिमिटेड में मेरे द्वारा की जा चुकी है, इसलिये अब मैं उक्त फ्लैट के असल दस्तावेजों को प्राप्त करना चाहती हूँ यदि इस संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति है तो मय दस्तावेज प्रकाशन तिथि से सात दिवस तक की अवधि में एचडीएफसी लिमिटेड, जगतपुरा, जयपुर (फोन नम्बर) 09426792009 पर सम्पर्क करें। सूचित रहें।
दिनांक-7.10.2024 अंशु तिवारी पत्नी
स्व. श्री कमलेश कुमार तिवारी

**शिक्षकों की आवश्यकता:**
केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली द्वारा संस्कृत शिक्षण की केन्द्रीय योजना के अन्तर्गत
"विवेकानन्द आदर्श संस्कृत विद्यापीठ"
चौंप, तहसील- आमेर, जिला- जयपुर- 303805 में।
रिक्त पदों की संख्या: 02
(संस्कृत- 01) (आधुनिक- गणित- 01),
शैक्षिक योग्यता: राज्य सरकार/ यू.जी.सी. द्वारा निर्धारित परंपरागत उपाधि धारक एवं प्रशिक्षित अभ्यर्थी को वरीयता
मानदेय: 20,000/- प्रतिमाह
नोट: अभ्यर्थी अपने जीवनवृत के साथ साधे कागज पर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के साथ समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति एवं पहचान पत्र पंजीकृत डाक द्वारा अथवा स्वयं उपस्थित होकर निम्न लिखित पते पर विद्यालय कार्य दिवसों में दिनांक 25.10.2024 सांय 5:00 बजे तक प्रेषित/प्रस्तुत कर सकते हैं। विलम्ब से प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा। साक्षात्कार की सूचना विद्यालय द्वारा अभ्यर्थी को पृथक से दी जावेगी।
प्रबंधक: "विवेकानन्द आदर्श संस्कृत विद्यापीठ" चौंप, तहसील- आमेर, जिला- जयपुर- 303805
मोबाईल: 9214803366

**शिक्षकों की आवश्यकता:**
केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली द्वारा संस्कृत शिक्षण की केन्द्रीय योजना के अन्तर्गत
"गोपीनाथ बाल भारती विद्यालय समिति"
चीथवाड़ी, तहसील- चौमूं, जिला- जयपुर, 303805 में।
रिक्त पदों की संख्या: 04
(संस्कृत- 02) (आधुनिक- अंग्रेजी- 01, गणित- 01)
शैक्षिक योग्यता: राज्य सरकार/ यू.जी.सी. द्वारा निर्धारित परंपरागत उपाधि धारक एवं प्रशिक्षित अभ्यर्थी को वरीयता
मानदेय: 20,000/- प्रतिमाह
नोट: अभ्यर्थी अपने जीवनवृत के साथ साधे कागज पर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के साथ समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति एवं पहचान पत्र पंजीकृत डाक द्वारा अथवा स्वयं उपस्थित होकर निम्न लिखित पते पर विद्यालय कार्य दिवसों में दिनांक 25.10.2024 सांय 5:00 बजे तक प्रेषित/प्रस्तुत कर सकते हैं। विलम्ब से प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा। साक्षात्कार की सूचना विद्यालय द्वारा अभ्यर्थी को पृथक से दी जावेगी।
प्रबंधक: "गोपीनाथ बाल भारती विद्यालय समिति", चीथवाड़ी, तहसील- चौमूं, जिला- जयपुर, 303805
मोबाईल: 9887519151

**शिक्षकों की आवश्यकता:**
केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली द्वारा संस्कृत शिक्षण की केन्द्रीय योजना के अन्तर्गत
"आदर्श बाल विद्या मन्दिर शिक्षा समिति"
मानपुरा माचेड़ी, तहसील- आमेर, जिला- जयपुर- 303105 में।
रिक्त पदों की संख्या: 02 (संस्कृत- 02)
शैक्षिक योग्यता: राज्य सरकार/ यू.जी.सी. द्वारा निर्धारित परंपरागत उपाधि धारक एवं प्रशिक्षित अभ्यर्थी को वरीयता
मानदेय: 20,000/- प्रतिमाह
नोट: अभ्यर्थी अपने जीवनवृत के साथ साधे कागज पर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के साथ समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति एवं पहचान पत्र पंजीकृत डाक द्वारा अथवा स्वयं उपस्थित होकर निम्न लिखित पते पर विद्यालय कार्य दिवसों में दिनांक 25.10.2024 सांय 5:00 बजे तक प्रेषित/प्रस्तुत कर सकते हैं। विलम्ब से प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा। साक्षात्कार की सूचना विद्यालय द्वारा अभ्यर्थी को पृथक से दी जावेगी।
प्रबंधक: "आदर्श बाल विद्या मन्दिर शिक्षा समिति" मानपुरा माचेड़ी, तहसील- आमेर, जिला- जयपुर- 303105 मोबाईल: 9079109454

**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**
www.jda.urban.rajasthan.gov.in
क्रमांक-जविप्रा/उपा/जोन-7/2024/डी-1587
दिनांक-27.09.2024
**सार्वजनिक सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती हर्षा कुमारी सिंह पत्नी श्री रणशेर सिंह राठौड एवं श्री रणशेर सिंह राठौड पुत्र श्री नरेन्द्र सिंह राठौड ने माधव नगर गृ.नि.स.स.लि. द्वारा जारी आवंटन पत्र, रसीद एवं साईट प्लान, पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर समिति की योजना राजेन्द्र नगर के भूखण्ड संख्या 139 का पट्टा जारी करने हेतु आवेदन किया गया है। सोसायटी द्वारा जारी हस्तान्तरित आवंटन पत्र दिनांक 04.04.1990 को श्री एम.एम. सागर पुत्र श्री विद्या सागर के नाम जारी किया गया था।
अत उक्त दस्तावेजों के आधार पर माधव नगर गृ.नि.स.स.लि. की योजना राजेन्द्र नगर के भूखण्ड संख्या 139 का पट्टा जारी किये जाने के संबंध में किसी भी व्यक्ति/फर्म/कम्पनी एवं अन्य किसी को कोई आपत्ति हो तो सार्वजनिक सूचना जारी दिनांक से 07 दिवस की अवधि में अपने हक स्वामित्व से संबंधित दस्तावेज सहित आपत्ति उपायुक्त जोन-07 जेडीए के कार्यालय में पेश कर सकते है।
यह सूचना आज दिनांक...को जारी की गई।
उपायुक्त जोन-07
जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

**खोया पाया**
ग्राम भोज्यवास स्थित भूखण्ड का ग्राम पंचायत भाँकरोटा द्वारा आवंटित पट्टा सं. 154 जिसका क्षेत्रफल 200.44 वर्गगज है, वास्तविक पट्टा, रसीद, नक्शा, पैन कार्ड, आधार कार्ड, चैकबुक गुम हो गए है, मिलने पर सूचित करें- किरन जांगिड पत्नि कैलाशचन्द जांगिड, निवासी-ग्राम भोज्यावास, पोस्ट भाँकरोटा, सिरसी रोड, जयपुर 302026 (मो.) 9327230830

जयपुर विकास प्राधिकरण जयपुर द्वारा अनुमोदित मेरे प्लाट नं. 165-बी, रजनी विहार, अजमेर रोड, जयपुर के ओरिजनल दस्तावेजों में से 20 रूपये मूल्य के ओरिजनल स्टाम्प पैपर कहीं गुम हो गए है। मिलने पर सूचित करें- सुशीला देवी-9982914964

मेरे प्लाट नं. A-274 रोहिणी नगर-।। जे.डी.ए. की योजना का जे.डी.ए. से जारी मूल कब्जा पत्र जे.डी.ए परिसर मे खो गया है सूचित करे- महेश कुमार जोतवानी मो- 9829047311

मेरे प्लाट नं. 51 योजना स्वास्तिक ग्रीन सिटी का जे.डी.ए. से जारी जे.डी.ए पट्टा, साईट प्लान, स्टाम्प पेपर जयपुर मे खो गए है सूचित करे - विरेन्द्र सिंह मीणा मो. 7372964872

**उत्तर पश्चिम रेलवे**
खुली निविदा सूचना (ई-निविदा द्वारा)
संख्या: 2024-28-REPAIROFBATTERYBOX दिनांक: 04.10.2024
भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से मुख्य कारखाना प्रबंधक, कैरिज कारखाना, उत्तर पश्चिम रेलवे, जोधपुर द्वारा ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं। **1. कार्य का नाम व स्थान :** Strip, Repair & Fitting of AC/ NAC Battery Boxes and Strip, Repair & Fitting Door of SLR/LSRD/VPH/NMGHS B.G. Coaches in Carriage Workshop, NWR, Jodhpur. (24 Months) **2. कार्य की अनुमानित लागत :** रु 11208034.12 (रु एक करोड़ बारह लाख आठ हजार चौंतीस रूपये और बारह पैसा मात्र) **3. बयाना राशि जो जमा करानी हैं :** रु. 206100.00 (रू दो लाख छः हजार एक सौ रूपये मात्र) **4. ई - निविदा जमा करने की अन्तिम दिनांक व समय तथा ई - निविदा खोलने की दिनांक व समय :** दिनाक 28.10.2024 को 15:00 बजे तक तथा 28.10.2024 को 15:00 बजे के बाद **5. वेबसाइट विवरण जहां से ई-निविदा सम्बन्धित पूर्ण विवरण प्राप्त किया जा सकता है : www.ireps.gov.in** डब्लूडब्लूडब्लू.आईआरईपीएस.जीओवी.आईएन **6. कार्यालय का पता जहां से निविदा जारी की गयी :** मुख्य कारखाना प्रबंधक कार्यालय, कैरिज कारखाना, उत्तर पश्चिम रेलवे, जोधपुर- 342001 राजस्थान
1157-CR/24
हमें /NWRailways @NWRailways_ पर फॉलो करें

**नाम परिवर्तन**
मैं विपिन कुमार उप्पल पुत्र ओमप्रकाश उप्पल निवासी एम-038 ब्लॉक-10 आशियाना उत्सव कालवाड़ रोड जयपुर, मेरा पासपोर्ट में विपन कुमार उप्पल दर्ज है जिसको बदलकर मैंने अपना नाम विपिन कुमार उप्पल रख लिया है। भविष्य में मुझे विपिन कुमार उप्पल के नाम से जाना पहचाना जाये।

मैं आर्मी नम्बर 16014177F रेंक हवलदार Borse Dnyanneshwar S/o Bhimrao R/o MU Dhamane Post-Devdhane Dist-Dhule (M.H.) Pin 424307 आर्मी सर्विस रिकार्ड में मेरी धर्मपत्नी का Maya Bai and D.O.B. 12.02.1986 गलत दर्ज है सही नाम Mayabai Dnyaneshwar Borase and D.O.B. 01.06.1985. Vide Affidavit Jaipur.

I have changed my name from Kamal Motiani to Kamal Kumar Motiani r/o f no s-2p no 280 kusum vihar Jagatpura Jaipur.

I Kiran Kumari legally wedded. Spouse of army no 14606039W Ex NK rajendra kumar meena R/O plot no 26 Vijay Nagar A benar road daulatpura jhotwara Jaipur that have changed my name KIRAN KUMARI (DOB 22/7/1977) To KIRAN MEENA (DOB 1/1/1975) vide affidavit dated 5/10/24 before district notary Jaipur

प्रारूप-10 (नियम 6 (7) देखिए)
**प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय नगर पालिका मण्डल, सांभरलेक**
**लोक सूचना**
क्रमांक-न.पा.सा./2024/1014 दिनांक-07.10.2024
श्री कैलाशचन्द पुत्र श्री ग्यारसीलाल, निवासी 37, ललित नारायण मिश्र कॉलोनी फुलेरा, तहसील फुलेरा, जिला जयपुर ग्रामीण (राज.) ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिघृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है अर्थात

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | क्षेत्र | चाहा गया उपयोग |
|---|---|---|---|---|
| तहसील फुलेरा जिला जयपुर (राज.) | ग्राम लालपुरा, श्यामी की ढाणी, तहसील फुलेरा, जिला जयपुर | खसरा नम्बर 3160/3028 रकबा 0.2403 हैक्टेयर व 3162/3027 रकबा 0.1644 हैक्टेयर, कुल खसरा 02, कुल रकबा 0.4047 हैक्टेयर | 4047 वर्गमीटर | फार्म हाऊस प्रयोजन |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिघृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोगार्थ हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिघृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षर के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।
उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 07.10.2024 को जारी की गयी।
अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका मण्डल, सांभरलेक

**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 73/2024
(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि श्री नलिन शर्मा ने पंजीकृत प्रन्यास मंदिर श्री राधा गोविन्द जी उर्फ गोपाल जी 4548 सूरजपोल बाजार जयपुर जिसका पंजीयन क्रमांक 12 जयपुर 1985 है के सम्बन्ध में राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अन्तर्गत कार्यवाहक प्रन्यासी श्री मोहन लाल शर्मा का स्वर्गवास हो जाने के कारण उनके स्थान पर स्वयं का नाम बतौर कार्यवाहक प्रन्यासी प्रन्यास रिकार्ड में दर्ज अभिलेख कराने का निवेदन कर जांच किये जाने के लिए प्रपत्र-8 में आवेदन पत्र दिया है।
अतएवं धारा 23 में प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास में हुये परिवर्तन/संशोधन जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से तीस दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 24.09.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइंदा तारीख पेशी 28.10.2024
मोहर अदालत सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 289/2024
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि श्री अनिल कुमार शर्मा निवासी 192, कृष्णा नगर, गोलयावास, पत्रकार कॉलोनी रोड, मानसरोवर जयपुर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत प्रन्यास सनराईज बाल शिक्षा समिति कार्यालय पता-192, वार्ड-71 कृष्णा नगर, पत्रकार कॉलोनी रोड, मानसरोवर तहसील सांगानेर जयपुर राजस्थान प्रन्यास के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 24.09.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइंदा तारीख पेशी 02.12.2024
मोहर अदालत सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग जयपुर

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 301/2024
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि श्री लोकेश शर्मा पुत्र भगवती प्रसाद शर्मा निवासी 83, रोड नं. 5, मोती नगर क्वींस रोड, जयपुर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत मॉडर्न शिक्षा समिति कार्यालय पता 97, गुरूजम्भेश्वर नगर बी, वैशाली नगर जयपुर 302021 ने राजस्थान के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 01.10.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइंदा तारीख पेशी 05.12.2024
मोहर अदालत सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग जयपुर

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 304/2024
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि श्री गोपाल लाल सैनी पुत्र श्री रामप्रसाद सैनी निवासी 63/18 के सामने, प्रताप नगर सेक्टर 6, श्योपुर, सांगानेर जयपुर 302033 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत प्रगति फाउण्डेशन ट्रस्ट कार्यालय पता केयर ऑफ नैना देवी शॉप नं. 55 श्योपुर रोड, प्रताप नगर, सांगानेर जयपुर ने राजस्थान के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 04.10.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइंदा तारीख पेशी 06.12.2024
मोहर अदालत सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग जयपुर

# पुलिस ने पीछा किया तो 50 फीट गहरी खाई में कूदे शातिर चेन स्नैचर

## पत्थरों में गिरने से दोनों बदमाशों के पैरों में गंभीर चोट लगी, पुलिस ने दबोचा

**जयपुर** (कासं)। जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम और विधाधर नगर थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए राह चलती महिलाओं के गले से झपट्टा मारकर चेन तोड़ने वाले दो शातिर चेन स्नेचरों को पकडा है।

पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी वारदात करने से पूर्व दुपहिया वाहन के नम्बर प्लेट हटा कर वारदात को अंजाम देते है और फिर वारदात के बाद कुछ दूरी पर लाकर नम्बर प्लेट लगाते थे।

पुलिस ने जब इन बदमाशों का पीछा किया तो आरोपित 50 फीट की गहरी खाई में कूद गए, जिससे नकुले पत्थर लगने से वह चोटिल हो गए। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर राशि डोगरा डूडी ने बताया कि विधाधर नगर थाना पुलिस और सीएसटी ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए राह चलती महिलाओं के गले से झपट्टा मारकर चेन तोडने वाले अनिल कुमार योगी निवासी मनोहरपुर जयपुर ग्रामीण और राहुल निवासी चाकसू जयपुर को गिरफ्तार किया है। दोनों ही आरोपियों के खिलाफ कई थानों में आपराधिक मामले दर्ज है। आरोपी मौज-मस्ती के लिए चेन स्नेचिंग की वारदात करते है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।



जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम और विधाधर नगर पुलिस ने खाई में कूदने वाले चेन स्नैचरों को पकड़कर अस्पताल में भर्ती कराया।

वहीं दूसरी ओर जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पर्स स्नेचिंग की वारदात करने वाले एक मास्टरमाइंड बदमाश गिरफ्तार किया है और साथ ही उसके नाबालिग दोस्त को निरुद्ध किया गया है। पुलिस जानकारी में सामने आया है कि आरोपित पुलिस से बचने के लिए बाइक लेकर पत्थरों में जा गिरने घायल हो गया। आरोपित के हाथ-पैर में चोट लगने के बाद भी भागने की कोशिश की। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से पर्स स्नेचिंग कर लूटे गए अठारह मोबाइल बरामद किए हैं। फिलहाल

- **पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी वारदात से पहले बाइक की नंबर प्लेट हटाते, फिर चेन लूटने के बाद कुछ दूर जाकर पुनः लगा लेते थे**

गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (पूर्व) तेजस्वनी गौतम ने बताया कि जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पर्स स्नेचिंग करने वाले एक मास्टर माइंड बदमाश आकाश मेहरा (20) निवासी कोतवाली टोंक को गिरफ्तार किया है और साथ ही एक बाल अपचारी को निरुद्ध किया गया है। गिरफ्तार आरोपी मालियों की ढाणी मुहाना में किराए से रहकर पर्स स्नेचिंग की वारदात करता है। वह अपने नाबालिग दोस्त के साथ मिलकर तेजी से बाइक पर महिलाओं से पर्स लूट की वारदात करता था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से पर्स स्नेचिंग कर लूटे गए अठारह मोबाइल व वारदात में प्रयुक्त बाइक जब्त की है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने 30-32 वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया है।

# त्यौहारी सीजन में मिलावट के खिलाफ चलेगा अभियान

- **चिकित्सा मंत्री के निर्देश पर प्रभावी कार्रवाई के लिए सभी जिला कलेक्टर को पत्र लिखा**
- **जिला स्तरीय प्रबंधन समिति के निर्देशन में चलेगा अभियान**

**जयपुर** (कासं)। प्रदेश में 'शुद्ध आहार-मिलावट पर वार' अभियान चलाया जा रहा है। त्यौहारी सीजन को देखते हुए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निर्देशों पर प्रदेश में मिलावट के खिलाफ विशेष अभियान संचालित किया जाएगा। अभियान को व्यापक रूप देने के लिए सभी कलेक्टर्स को पत्र लिखा गया है।

खाद्य सुरक्षा आयुक्त इकबाल खान ने बताया कि त्यौहारी सीजन को देखते हुए दूध, पनीर, मावा व इनसे बनी मिठाइयों, घी, तेल, मसाले आदि के उपयोग में वृद्धि के कारण मिलावट की आशंका बनी रहती है। इसे देखते हुए आमजन को शुद्ध एवं मानक स्तर की खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य स्तर से लेकर ग्राम स्तर तक मिलावट के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस संबंध में सभी जिला कलेक्टर को आवश्यक कदम उठाने के लिए पत्र लिखा गया है।

पत्र में दीपावली के त्यौहार तक नियमित रूप से मिलावट के खिलाफ कार्रवाई किए जाने का आग्रह किया गया है। पत्र में कहा गया है कि अभियान का संचालन जिला स्तरीय प्रबंधन समिति के निर्देशन में किया जाए। गुणवत्तापूर्ण तरीके से नमूने लेते हुए मिलावटी खाद्य पदार्थों को जब्त व नष्ट करने की कार्रवाई अमल में लाई जाए। खान ने बताया कि विशेष अभियान के तहत जिलों में डिकॉय ऑपरेशन संचालित करते हुए मिलावटी खाद्य पदार्थ बेचने एवं बनाने वालों पर प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। आदतन मिलावटखोरों की सूची तैयार कर अभिहित अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को कठोर कार्रवाई प्रारम्भ करने के निर्देश भी पत्र में दिए गए हैं। जिलों में कार्यरत खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की संख्या के अनुसार अधिक से अधिक दलों का गठन कर नमूनीकरण एवं निरीक्षण की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, मिलावट से बचाव व जागरूकता के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जाएगा।

# दीवाली पर पूरे राजस्थान में मिलेंगी सरस की मिठाइयां

## अलवर डेयरी का कलाकंद और बीकानेर का रसगुल्ला प्रदेश की डेयरियों पर बिक्री के लिए उपलब्ध होगा

- **सभी ज़िला दुग्ध संघों को मिठाई बनाने का काम पूरी शुद्धता और उच्च गुणवत्ता के साथ करने के निर्देश दिए श्रुति भारद्वाज ने**

**जयपुर** (कासं)। दीवाली के अवसर पर इस बार पूरे राजस्थान में 'सरस' की मिठाईयां भी लोगों को चखने को मिलेंगी। खासकर अलवर डेयरी का मशहूर कलाकंद और बीकानेर डेयरी का रसगुल्ला और राजभोग जैसी स्वादिष्ट मिठाइयां भी राज्य भर के ज़िला दुग्ध संघों द्वारा उपलब्ध कराई जाएंगी।

राजस्थान कोआपरेटिव डेयरी फैडरेशन की प्रबंध संचालक श्रुति भारद्वाज ने बताया कि राज्य भर के ज़िला दुग्ध संघ इस बार दीवाली पर उपभोक्ताओं को शुद्ध सरस दूध और घी से बनी मिठाइयाँ उपलब्ध करायेंगे। उन्होंने बताया कि सभी ज़िला दुग्ध संघों को निर्देश दिये गये हैं कि मिठाइयों के निर्माण के समय पूरी शुद्धता और उच्च गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें।

उन्होंने बताया कि इस बार सभी ज़िलों में दुग्ध संघों द्वारा निर्मित स्थानीय मिठाइयों के अलावा अलवर डेयरी का प्रसिद्ध कलाकंद (मिल्क केक/मावा) और बीकानेर डेयरी का रसगुल्ला, गुलाबजामुन, राजभोग और सोन पापड़ी जैसी प्रसिद्ध और स्वादिष्ट मिठाइयाँ भी मिलेंगे। स्थानीय स्तर पर अजमेर, भीलवाड़ा और हनुमानगढ़ डेयरी द्वारा पेडा और भीलवाड़ा डेयरी द्वारा बर्फी उपलब्ध कराई जाएगी।

राज्य की सभी सहकारी डेयरियों द्वारा उनके कार्यक्षेत्र में चयनित डेयरी बूथ्स के अलावा प्रमुख स्थानों पर स्टाल लगाकर मिठाइयों की बिक्री की जाएगी। भारद्वाज ने बताया कि सभी ज़िला दुग्ध संघ बीकानेर डेयरी द्वारा निर्मित मिठाइयों का गिफ्ट हैंडपैक भी उपलब्ध करायेंगे। इस आकर्षक सरस स्वीट गिफ्ट हैंपर्स पैक में एक किलो रसगुल्ला का पैक, एक किलो गुलाब जामुन का पैक और 400 ग्राम के पैकेट में सोन पपड़ी होगी। यह सरस गिफ्ट पैक संपूर्ण राज्य में एमआरपी 550 रुपये में उपलब्ध होगा।

# सार-समाचार

## डॉ.मेहता ने किया लिगामेंट का ऑपरेशन



**जयपुर,** (का.सं.)। एसीएल लिगामेंट का ऑपरेशन दूरबीन से किया जाता है, और कभी-कभी खिलाड़ियों को मजबूत लिगामेंट की आवश्यकता होती है। इसी कारण से जिरोस ज्वैल लिगामेंट यूरोपियन देशों में काफी प्रचलित है। शैल्बी अस्पताल जयपुर में डॉ. दिलीप मेहता ने हाल ही में ज्वैल लिगामेंट की सहायता से एसीएल का सफल ऑपरेशन किया है। डॉ.दिलीप मेहता ने बताया कि इस तकनीक से मरीज को बेहतर रिकवरी, स्पोर्ट्स में जल्द वापसी, ज्यादा मजबूत लिगामेंट और फास्ट रिहेब प्रोटोकॉल से अच्छी परफोर्मेंस मिलती है। डॉ. दिलीप मेहता शैल्बी अस्पताल में निरंतर नइ तकनीक से जॉइंट रिप्लेसमेंट, जाइंट प्रिसर्वेशन और कॉम्प्लेक्स स्पोर्ट्स इंजरी का उपचार कर रहे हैं और आशा करते हैं कि शीघ्र ही सभी नवीनतम तकनीक यहां मिलने से प्रदेश के खिलाड़ियों को बेहतर परिणाम मिलेंगे। अमेरिका और जर्मनी स प्रशिक्षित जोड़ प्रत्यारोपण सर्जन डॉ. मेहता को जोड़ प्रत्यारोण में 20 साल का अनुभव है। डॉ. मेहता नवीनतम तकनीक से कॉम्प्लेक्स जोड़ और लिगामेंट की सभी चोट के इलाज में निपुण हैं। डॉ. दिलीप मेहता वरिष्ठ जोड़ प्रत्यारोपण एवं रिवीजन सर्जन हैं और शैल्बी हॉस्पिटल, जयपुर में सभी प्रकार के जोड़ प्रत्यारोपण, कॉम्प्लेक्स प्राइमेरी एवंरिवीजन सर्जरी कर रहे हैं।

## मेवाराम व डिंपल को मिलेगा पुरस्कार



**जयपुर** । साहित्य, संस्कृति एवं सामाजिक सरोकारों में संलग्न प्रयास संस्थान, चूरू द्वारा अपने वार्षिक पुरस्कारों की शृंखला में प्रदेश के हिंदी साहित्य के पैंतीस वर्ष से कम वय के रचनाकारों को प्रतिवर्ष दिए जाने वाला रूकमणी वर्मा युवा साहित्यकार पुरस्कार वर्ष 2023 के लिए भोजाण-राजगढ की कवयित्री डिंपल राठौड़ एवं वर्ष 2024 के लिए पीलवा-जयपुर के कवि मेवा राम गुर्जर को दिया जाएगा। प्रयास संस्थान सचिव कमल शर्मा ने बताया कि वर्ष 2023 के पुरस्कार के लिए डिंपल राठौड़ की कृति 'कहीं मेरा जिक्र न था' तथा वर्ष 2024 के पुरस्कार के लिए मेवा राम गुर्जर की कृति 'यात्राओं के पदचिह्न' का चयन किया गया है। इस पुरस्कार के तहत प्रत्येक रचनाकार को ग्यारह-ग्यारह हजार रुपये, शॉल, श्रीफल, मानपत्र देकर अलंकृत किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि यह पुरस्कार अब तक उदयपुर के मिहिर पंड्या, सेवा-गंगापुर सिटी के गंगा सहाय मीणा, सवाई माधोपुर के बलराम कांवट, पोसानी-सीकर के संदीप मील, विकासनगर-डूंगरपुर के हर्षिल पाटीदार के नाम हो चुका है। सचिव ने बताया कि पुरस्कार समारोह इसी माह चूरू में प्रस्तावित है।

## हत्या के प्रयास करने वाला गिरफ्तार

**जयपुर** । बगरू थाना इलाके में बर्थ-डे पार्टी के दौरान एक युवक को मारने के लिए बदमाश पहुंच गए। आपसी रंजिश में बदला लेने की नीयत से घुसे बदमाशों ने धारदार फरसे से युवक पर वार किया। पुलिस ने मामले की गंभीरता पर तुरंत कार्रवाई कर दबिश देकर एक बदमाश को गिरफ्तार किया। मामले में फरार चल रहे बदमाशों को पकडने के लिए पुलिस टीमें दबिश दे रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर ( पश्चिम) अमित कुमार ने बताया कि बगरू थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास में आरोपी सागर खींची (20) निवासी खटीकों का मोहल्ला बगरु को गिरफ्तार किया गया है। उसके खिलाफ अजमेर के गांधी नगर थाने में चोरी और जयपुर के बगरु थाने में मारपीट का मामला दर्ज है। पुलिस टीम ने दबिश देकर आरोपी को पकडा है। पुलिस से बचने के लिए भागते समय गिरने पर उसके पैर में चोट आई है। घायल सागर खींची का इलाज करवाने के बाद पुलिस टीम पूछताछ कर फरार साथियों की तलाश कर रही है। पुलिस ने बताया कि बगरु निवासी श्याम खण्डेलवाल उर्फ मिक्का ने मामला दर्ज करवाया है कि बगरू स्थित जोगियो के मोहल्ले में उसकी दा ब्लैक के नाम से दुकान है। रविवार देर रात को बर्थ-डे होने पर दुकान के बाहर परिजन व दोस्तों के साथ खड़े होकर पार्टी कर रहे थे। बर्थ-डे पार्टी के दौरान आपसी रंजिश का बदला लेने की नीयत से आरोपी सागर व विजय अपने 2-3 साथियों के साथ हथियार लेकर आए। धारदार हथियार से उसको मारने की कोशिश के दौरान पार्टी में मौजूद लोगों पर भी हमला बोल दिया। बदमाश सागर खींची ने धारदार फरसे से जानलेवा हमला कर ममेरे भाई सार्थक बडेरा का बांया हाथ काट डाला। लहूलुहान हालत में सार्थक को देखकर हमलावर वहां से भाग निकले। गंभीर हालत में घायल सार्थक को तुरंत इलाज के लिए हॉस्पिटल में भर्ती करवाया।

## शीघ्र काउंसलिंग शुरू करने की मांग

**जयपुर** । राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय द्वारा बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू नहीं करने से आक्रोशित अभ्यार्थियों ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौपा कर शीघ्र काउंसलिंग करवाने की मांग की है। राजस्थान प्राइवेट नर्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष संदीप यादव ने बताया कि सत्र 2024-25 राजस्थान विज्ञान विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए कराई गई प्रवेश परीक्षा का परिणाम आए हुए आज लगभग एक माह का समय हो गया है। इसके बावजूद भी अभी तक काउंसलिंग की कोई प्रक्रिया प्रारंभ नहीं की गई है, जिससे सेशन देरी से होने की संभावना है। एसोसिएशन के संरक्षक गिरीश शर्मा ने बताया कि सत्र 1 सितंबर से प्रारंभ हो जाना चाहिए था, लेकिन विश्वविद्यालय के लापरवाही के कारण अभी तक काउंसलिंग नहीं करवाई गई है। ना ही संबंधित महाविद्यालय की सूची जारी की गई है। इससे छात्र-छात्राओं का भविष्य अंधकारमय होता नजर आ रहा है। देरी के कारण 4 साल का डिग्री कोर्स कब पूरा होगा। राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा कर शीघ्र काउंसलिंग प्रक्रिया प्रारंभ करने एवं संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है। साथ ही राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय को चेतावनी दी की अगर काउंसलिंग प्रक्रिया प्रारंभ नहीं की गई तो विश्वविद्यालय का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

## डॉक्टर्स ने खेला हॉकी मैच

**जयपुर** । एसएमएस स्टेडियम में जयपुर मेडिकल एसोसिएशन के द्वारा चलाये जा रहे स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता अभियान के तहत हॉकी मैच आयोजित किया गया। जयपुर मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. तरुण ओझा और सचिव डॉ. अनुराग शर्मा ने बताया कि जेएमए के तत्वावधान में एसएमएस स्टेडियम के एस्ट्रो टर्फ़ ग्राउंड पर रविवार को डॉक्टर्स का हॉकी मैच आयोजित किया गया। एसआरके मैक्स और डीएमआईसीसी की टीम्स के बीच ये मैच बहुत रोमांचकारी रहा। दोनों टीम गोल रहित रहीं। एडिशनल कमिश्नर पुलिस कुंवर राष्ट्रदीप मुख्य अतिथि थे। उन्होंने जेएमए की इस पहल की सराहना की और देश में हॉकी को एवं अन्य खेलों को और प्रोत्साहन के महत्व पर ज़ोर दिया। मैच के विशिष्ट अतिथि अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी दलजीन्दर सिंह और राष्ट्रीय खिलाड़ी कमल लूथरा ने डॉक्टर्स के मैदान में प्रदर्शन पर आश्चर्य मिश्रित प्रसन्नता व्यक्त की। मैच में डॉ. अनुराग धाकड़, डॉ. माणिकान्त, डॉ. अशोक, डॉ.अरुण सोनी, डॉ. संजीव गुप्ता, डॉ. महेंद्र ढाका, डॉ. हिम्मत सिंह, डॉ. नीरज भूटानी, डॉ. नरेश सोमानी, डॉ. राकेश शर्मा, डॉ. गिरीश चौहान, डॉ. रोमिल, डॉ. सलीम ने भाग लिया।

## कन्या पूजन के बाद बांटी पाठ्य सामग्री

**जयपुर** । शारदीय नवरात्र में जगह-जगह कन्या पूजन के कार्यक्रम हो रहे हैं। चतुर्थ नवरात्र को शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान मानसरोवर स्थित वेदना निवारण केन्द्र पर संचालित मां भगवती उच्च प्राथमिक विद्यालय में आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर के महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में कन्य पूजन किया गया। विद्यालय के 180 बालक-बालिकाओं को टी शर्ट एवं अध्ययन सामग्री का वितरण किया गया। विद्यालय को प्रधानाध्यापिका ललिता शर्मा ने बताया कि इन बालकों से किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाता। बालकों को अध्ययन सामग्री भी जनसहयोग से निशुल्क दी जाती है। कार्यक्रम में बैंक ऑफ बड़ौदा के सहायक प्रबंधक शिवांग गुप्ता ने कन्या पूजन कर अध्ययन सामग्री का वितरण किया।

# जवाहर कला केन्द्र में श्री रामलीला महोत्सव आज से

**जयपुर** (कासं)। जवाहर कला केन्द्र में मंगलवार से पांच दिवसीय श्री रामलीला महोत्सव की शुरुआत होने जा रही है। मध्यवर्ती में प्रतिदिन सायं 7 बजे से स्वगृही नाट्यय प्रस्तुति के रूप में वरिष्ठ नाट्यय निर्देशक अशोक राही के निर्देशन में रामलीला का मंचन होगा। इसमें पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर प्रवेश ले सकेंगे।

पहले दिन इंद्र रावण के युद्ध के साथ नाट्य प्रस्तुति की शुरुआत होगी। इसी के साथ रावण मंदोदरी विवाह, राम जन्मोत्सव, ताड़का वध, लक्ष्मण-परशुराम संवाद और राम जानकी विवाह सहित अन्य प्रसंग मंच पर साकार होंगे। कार्यक्रम को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गयी है। कार्यक्रम में अभिनय के साथ ही कथक, भरतनाट्यम, लोक नृत्य और लोकगीत भी मुख्य आकर्षण रहेंगे।

# आर.जे.एस. मैन्स परीक्षा में जांच की मांग उठाई

- **32 अभ्यर्थियों ने राजस्थान हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखकर शिकायत दी है कि, उनके अंग्रेजी विषय के परीक्षा पत्र में 50 अंकों में से शून्य से लेकर मात्र 5 अंक दिए गए हैं, जो कि गडबड़ी दर्शाता है।**

**जयपुर** । राजस्थान न्यायिक सेवा की मुख्य परीक्षा (आर.जे.एस. मैन्स-2024) में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों ने अंकतालिका के मूल्यांकन पर सवाल उठाते हुए राजस्थान हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को शिकायती पत्र लिखा है।

करीब 32 छात्रों ने शिकायत पत्र में अपना-अपना रोल नंबर अंकित करते हुए मुख्य न्यायाधीश को कहा है कि, अंग्रेजी विषय के प्रश्न पत्र की चैकिंग में भारी गड़बड़ियां हुई हैं। पत्र में लिखा है कि, कई छात्र जो "नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी (एन.एल.यू.) दिल्ली से पढ़कर आए हैं और पिछली परीक्षाओं में लगातार 25 से ज्यादा अंक लेकर आए हैं, उन्हें भी इस बार 50 में से शून्य से 5 के बीच में अंक दिए गए हैं। हैरानी की बात है कि अंग्रेजी विषय के प्रश्न पत्र में कई अभ्यर्थियों को शून्य अंक दिया गया है, जबकि उन्होंने सभी प्रश्नों का जवाब दिया था। ऐसे में अंग्रेजी विषय की कॉपियां जांचने के लिए अपनाई गई प्रक्रिया सवाल उठ रहे हैं। छात्रों ने मांग रखी है कि उनकी कॉपियों को पुनः गंभीरता से जांची जाए।

# राज्य महिला बाल विकास विभाग को चतुर्थ रैंक मिली

**जयपुर** । महिला एवं बाल विकास शासन सचिव महेन्द्र सोनी ने बताया कि राष्ट्रीय पोषण माह-2024 के लिए जनांदोलन डैशबोर्ड का अंतिम परिणाम प्राप्त हो गया है। उन्होंने बताया कि इसमें राजस्थान के महिला बाल विकास विभाग में समेकित बाल विकास सेवाएं निदेशालय को राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन के लिए चतुर्थ रैंक प्राप्त हुई है।

शासन सचिव ने बताया कि राष्ट्रीय पोषण माह-2024 के अंतर्गत आयोजित गतिविधियों की प्रविष्टियों में राष्ट्रीय स्तर पर महाराष्ट्र को प्रथम, बिहार को द्वितीय तथा छत्तीसगढ़ को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय पोषण माह-2024 के लिए जनांदोलन डैशबोर्ड पर राजस्थान राज्य में आयोजित हुई गतिविधियों की 01 करोड़ 14 लाख 69 हजार 191 एंट्री हुई है।

# पुलिस आयुक्त ने जवाहर सर्किल थाने में जनसुनवाई कर परिवादियों को दी राहत

- **जनसुनवाई के दौरान आपसी मुकदमें, पारिवारिक विवाद, जमीनी विवाद, मकानों पर कब्जे, जमीन के डबल पट्टे, अवैध कब्जे, चोरी, मारपीट, धमकी सहित अन्य शिकायतें प्राप्त हुई।**

**जयपुर** (कासं)। जयपुर पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ ने सोमवार को जवाहर सर्किल थाने में जनसुनवाई कर परिवादियों की समस्याएं सुनी और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश भी दिए।

इस दौरान अतिरिक्त पुलिस आयुक्त प्रथम कुँवर राष्ट्रदीप, पुलिस उपायुक्त पूर्व तेजस्वनी गौतम, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त नारायण लाल शर्मा, सहायक पुलिस आयुक्त मालवीय नगर आदित्य पूनिया सहित संबंधित एसएचओ और थाने के अधिकारी उपस्थित रहे। बीजू जॉर्ज जोसफ ने कहा कि जनसुनवाई के दौरान परिवादियों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आमजन को राहत देने के लिए सभी थानों में भी प्रतिदिन जनसुनवाई की जा रही है।

आयुक्त ने बताया कि जनसुनवाई के दौरान क्षेत्र में आपसी मुकदमें, पारिवारिक विवाद, जमीनी विवाद, मकानों पर कब्जे, जमीन के डबल पट्टे, अवैध कब्जे, चोरी, मारपीट, धमकी सहित अन्य शिकायतें प्राप्त हुई। उन्होंने सभी शिकायतों की जांच कर कम से कम समय में निश्चित समयावधि में निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबधित अधिकारियों को परिवादियों की समस्याओं का तुरंत रिस्पॉन्स देने और निस्तारण करने के भी निर्देश दिए। जनसुनवाई में एडवोकेट डॉ. अरविंद कुमार ओझा ने ज्ञापन सौंपकर बजाज नगर, मालवीय नगर और दुर्घटना पूर्व के परिवादों में एफआईआर और मामलों की सही जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। साथ ही इन मामलों में फर्जी साक्ष्य तैयार करने वाले अधिकारियों और दलालों की भी जांच कर उन्हें दंडित करने की मांग की। गौरतलब है कि इससे पहले पुलिस आयुक्त ने शिप्रापथ, कानोता, करधनी, विद्याधरनगर, शिवदासपुरा, बगरू, चौमू, प्रतापनगर एवं जयसिंहपुरा खोर थाने में जनसुनवाई कर सैकड़ों परिवादियों को राहत दी थी। जनसुनवाई की खास बात यह रही कि परिवादियों की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया। समय लगने वाली अन्य समस्याओं के जल्द समाधान के लिए भी निर्देश दिए गए। जनसुनवाई के दौरान जयपुर पुलिस थाना मालवीय नगर, जवाहर सर्किल, बजाजनगर, खोह नागोरियान, एयरपोर्ट क्षेत्र के परिवादियों ने अपनी समस्याएं पुलिस आयुक्त को बताकर समाधान पाया।

# 132 केवी ग्रिड सब स्टेशन खरवालिया का संचालन शुरू

**जयपुर** । नागौर जिले में खरवालिया में 132 केवी ग्रिड सब-स्टेशन का संचालन शुरू कर दिया गया है। प्रसारण निगम के प्रबन्ध निदेशक नथमल डिडेल ने बताया कि खरवालिया सब-स्टेशन का निर्माण कई बाधाओं के बावजूद समय से पूर्व पूरा कर शुरू कर दिया गया है इससे खरवालिया क्षेत्र में प्रसारण तंत्र की सुदृढ़ता बढ़ेगी तथा खरवालिया, अकोडा, तोषीणा, रथलिया, कल्याणपुरा, बडबाडा- छोटी खाटू एवं आस-पास के क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति में समुचित सुधार होगा। डिडेल ने बताया कि प्रसारण निगम का प्रयास है कि राजस्थान में बिजली का प्रसारण तंत्र मजबूत बने। इस ग्रिड सब-स्टेशन की लागत करीब 19 करोड़ रूपये आई है, इस ग्रिड सब-स्टेशन के निर्माण से लगभग 38.60 लाख यूनिट प्रतिवर्ष विद्युत छीजत की कमी आयेगी, जिससे लगभग 154.40 करोड़ रूपये प्रतिवर्ष राजस्व की बचत होगी।

# स्पा सेंटर की आड़ में चल रहा था वैश्यावृत्ति का धंधा

- **पुलिस ने पांच विदेशी युवतियों समेत आठ लोगों को गिरफ्तार किया**

**जयपुर** (कासं)। जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने स्पा सेंटर की आड़ में चल रहे वैश्यावृति रैकेट का पर्दाफाश करते हुए पांच विदेशी युवतियों सहित आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। जिसमें दलाल भी शामिल है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्वनी गौतम ने बताया कि जवाहर सर्किल थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि थाना इलाके में स्थित गिरधर मार्ग के केजी रेजीडेंसी में ब्लैक आउट स्पा सेंटर में मसाज की आड़ में देह व्यापार का अड्डा चल रहा है। जिस पर एक पुलिस टीम गठित कर कर बोगस ग्राहक बनकर पुलिसकर्मी को भेजा गया। जहां पर पुलिसकर्मी ने ढ़ाई हजार रुपए में सौदा तय किया। जिसके बाद टीम ने बोगस ग्राहक का इशारा मिलते ही स्पा सेंटर में दबिश दी। जहां पर स्पा सेंटर की आड़ में विदेशी युवतियां मसाज के नाम पर वैश्यावृति करती हुई पाई गई। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पुष्पेन्द्र शर्मा (20) निवासी सवाई माधोपुर हाल कर्मचारी स्पा सेंटर,यशवंत सिंह (20) निवासी चुरू,हमेन्त बलाई (29) निवासी टोंक सहित थाईलेंड की रहने वाले विदेशी युवती सारिया प्लेगम (29), ससीथान सिंगथेप (29), पिपोन भूएनलामाई (24) विम्फा मरौड (34) और अम्पाई थाओपा (37) को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि स्पा सेंटर वर्कस पुष्पेंद्र शर्मा थाईलैंड से युवतियों को बुलाकर उनसे मसाज की आड़ मे वैश्यावृति करवाता था। पुलिस पूछताछ में और भी कई मामले खुलने सम्भवना है।

# राजेश यादव ने किया सफाई व्यवस्था का निरीक्षण

## मानसरोवर-सांगानेर क्षेत्र में घर-घर कचरा संग्रहण देखा और आमजन से फीडबैक भी लिया

**जयपुर** । नगरीय एवं स्वायत्त शासन विभाग के प्रमुख शासन सचिव राजेश कुमार यादव ने सोमवार को नगर निगम ग्रेटर के सांगानेर और मानसरोवर जोन की सफाई व्यवस्था, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था, मुख्य सड़कों की साफ-सफाई की स्थिति सहित अन्य व्यवस्थाओं का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान आयुक्त रूकमणि रियाड़, उपायुक्त (स्वास्थ्य) नवीन भारद्वाज, संबंधित जोन उपायुक्त, अधिशाषी अभियन्ता सहित सीएसआई, एसआई मौजूद रहे।

यादव ने उन स्थानों का भी निरीक्षण किया जिनको ओपन कचरा डिपो से मुक्त कर सौन्दर्यकरण किया जा चुका है। सांगानेर फ्लाई ओवर के सौन्दर्यकरण हेतु पौधारोपण के लिये जेडीए को पत्र लिखने के लिये निर्देश दिये। उन्होंने सांगानेर जोन की सफाई कर्मचारी मुन्नी देवी से भी संवाद किया तथा उन्हें अच्छा काम करने के लिये उत्साहवर्धन भी किया। सांगानेर थाने के बाहर सीएनडी वेस्ट पड़ा देखकर उसे मौके पर ही उठवाया। इस दौरान वार्ड नं. 75 की पार्षद भारती लख्यानी के साथ आदर्श आत्मनिर्भर वार्ड का भी दौरा किया। आमजन से डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था के बारे में फीडबैक लिया। गीले व सूखे कचरे



नगरीय विकास विभाग के प्रमुख शासन सचिव राजेश कुमार यादव ने सोमवार को ग्रेटर निगम आयुक्त रूकमणि रियाड़ के साथ सांगानेर-मानसरोवर क्षेत्र की सफाई व्यवस्था जांची।

के पृथक्करण के बारे में आमजन से पूछा तथा मौके पर ही होमकम्पोस्टिंग को भी देखा। प्रमुख शासन सचिव ने दुर्गापुरा पुलिया पर कम्पोस्टिंग के लिये बनाये गये कम्यूनिटी पिट को देखा। मुख्य मार्गो की महत्वपूर्ण दिवारों पर पेटिंग भी करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही आदर्श आत्मनिर्भर वार्ड नं. 75 एवं 81 के आधार पर मानसरोवर एवं सांगानेर उपायुक्त को अन्य वार्डो के पार्षदों के साथ बैठक कर अन्य वार्डो को भी आदर्श आत्मनिर्भर वार्ड बनाने की दिशा में कार्य करने के निर्देश दिये।

# औद्योगिक कनेक्शन जल्द जारी करें : आरती डोगरा

**जयपुर** । चेयरमैन डिस्कॉम्स एवं जयपुर विद्युत वितरण निगम की प्रबंध निदेशक आरती डोगरा ने बिजली के लंबित औद्योगिक कनेक्शनों की पेंडेंसी को शीघ्र समाप्त करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि फील्ड में अधिशासी अभियंता डिवीजन स्तर पर औद्योगिक कनेक्शन के आवेदनों की नियमित मॉनीटरिंग करें और यह सुनिश्चित करें कि पात्र सभी आवेदनों में कनेक्शन शीघ्र जारी हो जाएं।

डोगरा सोमवार को विद्युत भवन में जयपुर विद्युत वितरण निगम के फील्ड में कार्यरत अधिशासी अभियंताओं के साथ बकाया औद्योगिक कनेक्शनों पर वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से समीक्षा कर रही थीं। इस दौरान उन्होंने खंड एवम् उपखंड वार कनेक्शनों की बकाया स्थिति एवं इसके कारणों पर एक-एक कर सभी अधिशासी अभियंताओं से चर्चा की।

डिस्कॉम्स चेयरमैन ने कहा कि जयपुर सिटी एवं जयपुर जिला सर्किल में औद्योगिक कनेक्शन के आवेदन दो सप्ताह से अधिक समय तक पेंडिंग न रहे। आवेदक के स्तर पर कोई कमी है तो उसे तत्काल सूचीबद्ध कर सूचित करें अथवा नोटिस जारी करें ताकि आवेदक द्वारा वांछित दस्तावेज की पूर्ति की जा सके। उन्होंने कनेक्शन के लिए जेईएन द्वारा साइट वेरीफिकेशन प्रक्रिया को भी त्वरित एवं सुगम बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिशासी अभियंता अपने क्षेत्राधिकार में उन सभी सब डिवीजन कार्यालयों की विशेष रूप से मॉनीटरिंग करें जहां किसी भी कारण से औद्योगिक, घरेलू, अघरेलू अथवा कृषि विद्युत कनेक्शन के अधिक आवेदन लंबित हैं। डोगरा ने कहा कि मुख्यालय स्तर से कनेक्शनों तथा अन्य कार्यों के पर्यवेक्षण के लिए सर्किल वार नोडल अधिकारी लगाए गए हैं। यह नोडल अधिकारी जिलों में जाएंगे और बकाया कनेक्शनों की स्थिति की समीक्षा करेंगे।



## World Octopus Day

As the name suggests, World Octopus Day celebrates one of the most distinctive creatures living on the planet today: the octopus. This eight-legged, mysterious creature from under the sea has always been one that brings with it a load of fascination for its intelligence, mobility, and beauty.Octopuses are worthy of appreciation for a number of reasons. First of all, they are one of the earth's great survivors. Indeed, despite their relatively short lifespan, octopus fossils date back more than 300 million years, meaning that they pre-date even dinosaurs.

#FAMILY-TIME

# Best Board Games

It's time to refresh your game stash!



It makes sense that the popularity of board games for kids went through the roof during quarantine and in the early days of the pandemic - families were looking for a way to pass the time while they were stuck at home. But even as the world has opened up again, game night has stuck around, as parents and kids have re-discovered the joys and rewards of rolling the dice and shuffling the deck. When the family gathers around the table to play a board game, kids benefit in big ways. The screen-free time helps little ones develop critical-thinking and logical-reasoning skills, learn to work as part of a team and practice things like patience and turn taking - all while creating fun memories.

If it's time to refresh your game stash, check out our top picks and get ready to for a fun family game night.

### Mattel Scrabble Board Game

Scrabble is one of the premium board games that both children and adults love. The game is suitable for children aged ten years and above and can be played by two to four players. This educational board game is interactive and helps improve your mental skills, as well as vocabulary. If you love languages, this game is for you.

### Hasbro Mouse Trap Board Game

The mouse-catching board game is designed for children aged six years and older. The colourful game comes with marble, pawns, die, cheese wedge, contraption parts, and a rubber band. It is an exciting game and can be played by two or four players. Children can improve their decision-making, cause and effect, and construction skills by engaging in this game. The motive is to collect the wedges and win before your opponents do.

### Monopoly Ultimate Banking

Bring home Monopoly and challenge your friends to this ultimate board game. The best part of the game is that both children and adults can play it together. It is designed attractively and includes a banking unit, cards, dice, plastic tokens, and houses that are used as the game progresses. Players can buy, rent, and sell properties, and sometimes may have to go to jail - but it's all part of the game!

### Creative's Millennium Snakes & Ladders and Ludo


You can get this two-in-one game set with the two most popular games: Snakes and Ladders and Ludo. Both are simple yet exciting games to play and are designed to be colourful and creative. The box includes two dice and 16 bright counters. Playing them regularly improves observation, concentration, and hand-eye coordination skills.

### Sea Samurais

Sea Samurais is a unique educational board game that focuses on teaching children about ocean pollution. Play together in this fast-paced, cooperative board game and clean the ocean of different kinds of waste before time runs out. This unique Indian board game is the first of its kind where children learn about ocean pollution while playing and having fun. The best part is that the game is cooperative which means that everyone plays against the board and either all lose or all win the board game. This style of gameplay is quite different and unique.

### KitkiSamrat Board Game

KitkiSamrat is a competitive, strategy board game based on the real history of India. The game is designed by a company called Kitki based in India. The board game is both educational and fun! This family board game can be enjoyed by both kids and adults and is a great way to teach children about Indian history.




# Monsieur the Astrologer

PART:2


The majority of Asiatics are so infatuated in favour of being guided by the signs of the heavens, that according to their phraseology, no circumstance can happen below, which is not written above. In every enterprise they consult their astrologers. When two armies have completed every preparation for battle, no consideration can induce the generals to commence the engagement until the Sahet be performed; that is, until the propitious moment for attack be ascertained



Bird's Eye View of the Taj Mahal at Agra.



Bird's Eye View of the Taj Mahal at Agra.



Gardens beeing prepared ( Baburnama).



Anjali Sharma
*Senior Journalist & Wildlife Enthusiast*

## #FRANCOIS BERNIER

Similar 'transitions' could be heard taking place at home, albeit a little more harsh in rendering. The sarcasm was there, as can be excused in an Emperor, after all who was to criticise it. Especially so when the butt is the other faith, the Hindoo, in a mughal fort. But the world was opening up, and with that questions flying in the minds of a people presented with so much more of the world, and how others lived. In small and big things questions were being asked and ready answers rejected. The French man's diary has some interesting observations about the Mughal court, and how the turn of the century overtakes the Indians. Here is one such incident:

At that time a slight disturbance arose against the astrologers, which I did not find unpleasing. The majority of Asiatics are so infatuated in favour of being guided by the signs of the heavens, that according to their phraseology, no circumstance can happen below, which is not written above. In every enterprise they consult their astrologers. When two armies have completed every preparation for battle, no consideration can induce the generals to commence the engagement until the Sahet be performed; that is, until the propitious moment for attack be ascertained. In like manner no commanding officer is nominated, no marriage takes place, and no journey is undertaken, without consulting Monsieur the Astrologer. Their advice is considered absolutely necessary even on the most trifling occasions; as the proposed purchase of a slave, or the first wearing of new clothes. This silly superstition is so general an annoyance, and attended with such important and disagreeable consequences, that I am astonished it has continued so long: the astrologer is necessarily made acquainted with every transaction public and private, with every project common and extraordinary.



Humayun's Tomb, Delhi, India,

In the original Astrologie Judiciaire, the Arabic word s?'at, meaning 'moment' or 'hour.'

Now it happened that the Kings principal astrologer fell into the water and was drowned. This melancholy accident caused a great sensation at court, and proved injurious to the reputation of these professors in divination. The man who had thus lost his life always performed the Sahet for the King and the Omrahs; and the people naturally wondered that an astrologer of such extensive experience, and who had for many years predicted happy incidents for others, should have been incapable of foreseeing the sad catastrophe by which he was himself overwhelmed. It was insinuated that in Franguistan, where the sciences flourish, professors in astrology are considered little better than cheats and jugglers, that it is there much doubted whether the science be founded on good and solid principles, and whether it be not used by designing men as a means of gaining access to the great, of making them feel their dependence, and their absolute need of these pretended soothsayers.

NOW IT HAPPENED THAT THE KINGS PRINCIPAL ASTROLOGER FELL INTO THE WATER AND WAS DROWNED. THIS MELANCHOLY ACCIDENT CAUSED A GREAT SENSATION AT COURT, AND PROVED INJURIOUS TO THE REPUTATION OF THESE PROFESSORS IN DIVINATION. THE MAN WHO HAD THUS LOST HIS LIFE ALWAYS PERFORMED THE SAHET FOR THE KING AND THE OMRAHS; AND THE PEOPLE NATURALLY WONDERED THAT AN ASTROLOGER OF SUCH EXTENSIVE EXPERIENCE, AND WHO HAD FOR MANY YEARS PREDICTED HAPPY INCIDENTS FOR OTHERS, SHOULD HAVE BEEN INCAPABLE OF FORESEEING THE SAD CATASTROPHE BY WHICH HE WAS HIMSELF OVERWHELMED

The astrologers were much displeased with these and similar observations, and particularly with the following anecdote, which was universally known and repeated : Chah-Abas [Sh?h Abbas], the great King of Persia, having given orders that a small piece of ground within the seraglio should be prepared for a garden, the master-gardener intended to plant there several fruit-trees on a given day; but the astrologer, assuming an air of vast consequence, declared that unless the time of planting were regulated by the Sahet, it was impossible that the trees should thrive. Chah-Abas having acquiesced in the propriety of the remark, the astrologer took his instruments; turned over the pages of his books, made his calculations and concluded that, by reason of this or that conjunction of the planets, it was necessary to plant the trees before the expiration of another hour. The gardener, who thought of nothing less than an appeal to the stars, was absent when this wise determination was formed; but persons were soon procured to accomplish the work: holes were dug, and all the trees put into the ground, the King placing them himself, that it might be said they were all planted by the hand of Chah-Abas. The gardener, returning at his usual hour in the afternoon, was greatly surprised to see his labour anticipated; but observing that the trees were not ranged according to the order he had originally designed that an apricot, for example, was placed in the soil intended for an apple-tree, and a pear-tree in that prepared for an almond he pulled up the premature plantation, and laid down the trees for that night on the ground, covering the roots with earth. In an instant the astrologer was apprised of the gardener's proceedings, and he was equally expeditious in complaining to Chah-Abas, who, on his part, sent immediately for the culprit. 'How is it,' cried the Monarch indignantly, 'that you have presumed to tear up trees planted by my own hands; trees put into the ground after the solemn performance of the Sahet? We cannot now hope to repair the mischief. The stars had marked the hour for planting, and no fruit can henceforth grow in the garden. 'The honest rustic had taken liberal potations of Schiras wine, and looking askance at the astrologer, observed after an oath or two, 'Billah, Billah, an admirable Sahet certainly! thou augur of evil! Trees planted under thy direction at noon, are in the evening torn up by the roots!' Chah-Abas, hearing this unexpected piece of satirical drollery, laughed heartily, turned his back upon the astrologer, and walked away in silence.

'How is it,' cried the Monarch indignantly, 'that you have presumed to tear up trees planted by my own hands; trees put into the ground after the solemn performance of the Sahet? We cannot now hope to repair the mischief. The stars had marked the hour for planting, and no fruit can henceforth grow in the garden.


Now this is an incident of small importance, except that the astrologer was following the traditions of the kings faith, so the retributions were less than severe. The Hindoo astrologers were reduced drastically in numbers, and court will not pay to follow them. Though the King was considerate in his condemnation of them in as much, that they could be consulted at their homes. Thus the times changeth the teacher and the taught. Royal homes begin what the lesser homes follow more diligently, and the much lesser homes are confused but try to stick desperately to old known and understood norms, not having the advantage of education, ultimately follow their betters, for a want of better adjective.

**Concluded.**

*rajeshsharma1049@gmail.com*



Nishat Garden, Srinagar.



Tomb of Jahangir and gardens.

#PHOTOGRAPHY

# Essential Elements to a Good Photo

Photography is a visual art, and as with most art forms, there are no rigid rules or formulas that guarantee a captivating image. However, there are certain key elements that often contribute to an image's impact and appeal.

**Below are a few tips that help contribute to a "good" photo.**



### A Good Photo is Technically Correct

No matter how much emphasis we place on the artistic language of photography, a good photographic work in the modern day must first and foremost be technically correct. Here, technical correctness refers to proper focusing, exposure, colour, post-processing, etc.

### A Good Photo Highlights a Theme

A photograph is meant to convey the intention of the photographer, and such language must have a theme. A cluttered composition is like a conversation in a bustling market, making it difficult for one's attention to concentrate. Therefore, the composition must be concise. However, simplicity is a means, not an end.

### A Good Photo Has Impact

Good photography must grab people's attention and leave a lasting impression. In this age of an unlimited supply of beautiful images on the internet, this is especially important. Otherwise, our images will not attract anyone's attention and can only be enjoyed by a small group of close friends. How can we give our photographs more impact? We must use every trick we have: composition, light and shadow, colour, moment, emotion, story, and most importantly imagination.

### A Good Photo Resonates

The language of photography is the exchange of information between the photographer and the viewer. Since it is a communication, a commonly understood language must be used; otherwise, it is like talking to a brick wall. The most important commonality between the photographer and the viewer is our humanity. A good photographer will make full use of this common language of humanity to create resonance. A good photograph should tell a story, be it a landscape or wildlife photograph. What kind of story? A human story, even though there is no human in the image. Stories related to humans can effectively evoke resonance from the viewers. As a result, the story told by the photographer becomes the story interpreted or imagined by the viewers. This way, the vitality of the work continues to live on in the minds of the viewers. Not only stories, but humans are also emotional beings. Our work should convey emotions: things like joy, sorrow, or grief. One of the most profound emotions in human nature is love or longing for love. By capturing the love, we can touch the viewers' hearts and create a deep resonance.



### A Good Photo is Creative

A good work must be the photographer's own creativity, not a simple imitation. Repetitive imitation can be a good learning tool but cannot be called creative work.


### A Good Photo is a Sincere Presentation

A good work of photography must withstand the test of time. There is an implicit agreement between the photographers and viewers: photographs must be real, while paintings can be unreal. Violating this kind of implicit agreement will make the viewers feel inexplicably manipulated. We often use artistic reasons as deception. Although this is understandable from a creative perspective and such works can win applause and even various awards, works that have long-lasting vitality must be sincere.

### A Good Photo is a Record of Time

Photography emerged for history, exists for history, and can become worthless when divorced from history. While we pursue the artistic and personal aspects of photography, we often stray from the original purpose of photography being a tool for recording reality. We distance ourselves from life, relinquish experience, and head straight for an imagined paradise, striving to capture a sensational image with the least time and effort. At the same time, the instant gratification of the web pushes us to cater to popular aesthetic tastes, to obtain instant approval and the accompanying financial benefits. Historical events are not limited to the human realm alone. Our natural world and the field of science and technology are writing new chapters every day, and it is the photographer's responsibility to capture and present them to the world. Our works will then acquire a historical value in accordance with the historical events.

## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# विश्व मानक दिवस-2024 के उपलक्ष में ''स्टेकहोल्डर्स कॉन्क्लेव'' का आयोजन

## 'हमें अपने देश में गुणवत्ता और मानकीकरण को बढ़ावा देते हुए 21वीं शताब्दी को भारत के स्वर्णिम काल में बदलना है और मानक इसमें अत्यंत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगे'

**जयपुर/उदयपुर।** विश्व मानक दिवस-2024 के उपलक्ष्य में भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), राजस्थान, और मोहनलाल सुखड़िया विश्विवद्यालय (एमएलएसयू), उदयपुर के संयुक्त तत्वाधान में सात अक्टूबर एक ''स्टेकहोल्डर्स कॉन्क्लेव'' का आयोजन किया गया।

कॉन्क्लेव का विषय, ''बेहतर दुनिया के लिए साझा दृष्टि : एसडीजी 9 (उद्योग, नवाचार और बुनियादी ढांचा) का समावेश,'' मजबूत बुनियादी ढांचे का निर्माण, समावेशी और सतत औद्योगिकीकरण को बढ़ावा देना, और नवाचार को प्रोत्साहित करने पर केंद्रित था। कॉन्क्लेव के उद्घाटन समारोह में डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़, मुख्य अतिथि, कनिका कालिया, निदेशक और प्रमुख, भारतीय मानक ब्यूरो, राजस्थान, एमएलएसयू के प्रबंधन अध्ययन संकाय की निदेशक प्रो. मीरा माथुर और डॉ. अविनाश पंवार, नोडल अधिकारी, आईईटी और निदेशक, कंप्यूटर केंद्र, एमएलएसयू भी कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अपने उद्घाटन भाषण में डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने कहा कि हमें अपने देश में गुणवत्ता और मानकीकरण को बढ़ावा देते हुए 21 शताब्दी को भारत के स्वर्णिम काल में बदलना है और मानक इसमें अत्यंत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगे। भारतीय मानक ब्यूरो के सतत प्रयासों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि हमें अपने राष्ट्रीय मानकों पर गर्व होना चाहिए जो हमारे जीवन को सरल और सुरिक्षत बनाते है। अंत में उन्होंने सभी आमजन और इंडस्ट्री के लोगों को इस हेतु सतत प्रयास करने का आव्हान किया ताकि उदयपुर के सभी उद्योग जिसमें पर्यटन भी शामिल है अपने उत्पाद और सेवाओं की गुणवत्ता के लिए विश्वविख्यात हो जाये। उनके सानिध्य में सभी आगंतुकों को गुणवत्ता और मानकीकरण के लिए कटिबद्ध होने हेतु शपथ भी दिलवायी गयी।



उदयपुर में ''स्टेकहोल्डर्स कॉन्क्लेव'' में आगंतुकों को डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने गुणवत्ता और मानकीकरण के लिए कटिबद्ध होने के लिए शपथ दिलवाई।

कनिका कालिया ने कायर्क्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस स्टेकहोल्डर्स कॉन्क्लेव को आयोजित करने का मुख्य मंतव्य, मानकीकरण और गुणवत्ता की महत्ता को सभी हितधारकों में संविधर्त करना था ताकि मानकों की भूमिका के प्रति अधिक ध्यानाकर्षित किया जा सके। प्रो. मीरा माथुर ने भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) की राष्ट्रीय मानकीकरण में महती भूमिका की सराहना करते हुए शैक्षिणक संस्थानों को मानकीकरण में अधिक सक्रिय भूमिका निभाने के लिए आव्हान किया। डॉ. अविनाश पंवार ने कहा कि बीआईएस मानक क्लब गतिविधि से छात्रों में मानकों के प्रति जिज्ञासा में संवर्धन हुआ है जो आने वाले वर्षो में मानकों की बेहतरी के लिए अत्यंत फलदायी होगा।

आभार प्रफुल्ल कोठारी, एमएलएसयू ने माना। तकनीकी सत्र में प्रमुख वक्ताओं आशु गुप्ता, वाइस प्रेजिडेंट, इंडियन सोसाइटी फॉर हीटिंग, रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडीशिनंग ने एचवीऐसी से सम्बंधित मानकों और नयी तकनीकों पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर एसडीजी-9 के लक्ष्यों को अर्जित करने में मानकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर भारतीय मानक ब्यूरो, मेसर्स सिक्योर मीटर्स मेसर्स हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड और मेसर्स अल्ट्राटेक सीमेंट के प्रतिभागियों ने भी अपने तकनीकी प्रेजेंटेशन दिए। कॉन्क्लेव में उदयपुर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़ और राजसमंद से 200 से अधिक हितधारक, जिनमें प्रमुख उद्योगपति, बीआईएस लाइसेंसधारक, उद्योग संघों के प्रतिनिधि, बीआईएस की साझेदार प्रयोगशालाएं, उपभोक्ता संगठन, बीआईएस मानक क्लब के मेंटर्स और सदस्य इत्यादि ने भाग लिया। आमजन में मानकीकरण और गुणवत्ता का सन्देश फैलाने के लिए मंलगवार सुबह 7:30 बजे, इसी उपलक्ष्य में ''रन फॉर क्विालटी'' का आयोजन फतहसागर झील के पास किया जा रहा है।

# मन्दिर में शिव परिवार की मूर्ति को खण्डित किया

**जुरहरा, (निसं)।** सोमवार को क़स्बे के प्राचीन इंद्रकुटी हनुमान मंदिर पर स्थित शिव परिवार की मूर्ति को किन्हीं असामाजिक तत्वों के द्वारा खंडित कर दिया गया, जिसकी सूचना पर काफी संख्या में कस्बे के लोग इंद्रकुटी मंदिर पहुंच गए। वहीं मूर्ति खण्डित किए जाने घटना की जानकारी मिलते ही जुरहरा थाना अधिकारी योगेंद्र सिंह भी मय जाप्ता के मौके पर पहुंचे और उपस्थित लोगों से जानकारी प्राप्त की।

श्री इंद्रकुटी हनुमान मंदिर के पुजारी श्यामसखा शर्मा ने बताया कि प्रतिदिन की तरह शाम समय करीब 5.15 बजे वे मंदिर पहुंचे जहां उनको शिव परिवार में जलहरी के खंडित होने की जानकारी मिली। जिसकी सूचना उन्होंने जुरहरा थाना अधिकारी को दी और थाना अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी प्राप्त की। पुजारी ने बताया कि मूर्ती तोड़े जाने से लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं। सैंकड़ो लोग प्रतिदिन शिव परिवार की पूजा-अर्चना करने के लिए आते हैं। पुजारी ने बताया कि घटना के सम्बंध में लिखित रूप में जुरहरा थाने में शिकायत दर्ज कराई जाएगी। मूर्ति खंडित होने की सूचना पर काफी संख्या में कस्बे के लोग मौके पर पहुंच गए जहां उन्होंने घटना के प्रति अपना आक्रोश व्यक्त किया। घटना की जानकारी मिलने पर जुरहरा तहसीलदार मनोज भारद्वाज ने भी इंद्रकुटी हनुमान मंदिर पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।

# ट्रेलर-कंटेनर की भिड़ंत में खलासी की मौत

**देवली, (निसं)।** यहां सोमवार को ट्रेलर और कंटेनर की आपसी भिड़ंत हो गई। दोनों वाहनों के आमने-सामने की टक्कर में खलासी की मौत हो गई।

- दुर्घटना में ट्रेलर का आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया

देवली पुलिस के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग जयपुर रोड पर पनवाड़ मोड़ स्थित सोमवार लगभग ढाई बजे एक ट्रेलर एवं कंटेनर आमने-सामने टकरा गए। हादसे में ट्रेलर के खलासी की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद राजमार्ग पर वाहनों का जाम लगना शुरू हो गया जिसे पुलिस ने खुलवा दिया। देवली पुलिस ने बताया कि दोनों वाहनों की आपसी टक्कर में ट्रेलर का खलासी राजू शर्मा पुत्र पहलाद शर्मा निवासी पगारा थाना हिंडोली जिला बूंदी की मौत हो गई। जबकि ट्रेलर मालिक एवं चालक हर्षवर्धन पुत्र गोवर्धन सिंह निवासी पगारा को मामूली चोट पहुंची है। जानकारी के अनुसार इस दुर्घटना में ट्रेलर का सामने वाला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है।

# सांवलियाजी सेठ के भंडार की शेष राशि की गिनती संपन्न

## सांवलिया जी सेठ के भंडार से 17 करोड़ रुपए का नगद चढ़ावा दान में मिला



भंडार गिनती में निवर्तमान मुख्य निष्पादन अधिकारी एवं मंदिर बोर्ड अध्यक्ष व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**मंडफिया, (निसं)।** मेवाड़ अंचल के प्रमुख तीर्थ स्थल भगवान श्री सांवलिया जी सेठ मंडफिया के दरबार में गत 1 अक्टूबर चतुर्दशी को खोले गए भंडार की शेष रही राशि की गिनती चौथे चरण में संपन्न हुई। भंडार की गिनती मंदिर बोर्ड अध्यक्ष भेरुलाल गुर्जर की उपस्थिति में हुई।

- साढ़े 88 किलो चांदी व एक किलो 57 ग्राम सोना भी प्राप्त हुआ

मंदिर के प्रशासनिक अधिकारी नंदकिशोर टेलर ने बताया कि चौथे चरण में हुई भंडार गिनती में 30 लाख 30 हजार 53 रुपए नगद प्राप्त हुए। इससे पूर्व तीन चरणों में हुई गिनती में 13 करोड़ 04 लाख 49 हजार 500 रुपए नगद प्राप्त हुए थे। उन्होंने बताया कि चारों चरणों की गिनती को मिलाकर कुल 13 करोड़ 34 लाख 79 हजार 553 रुपए की नगद प्राप्त हुए। प्रशासनिक अधिकारी टेलर ने बताया कि इसके अलावा भंडार से निकले सोने चांदी का तोल भी किया गया। भंडार से 195 ग्राम सोना व 36 किलो 15 ग्राम चांदी प्राप्त हुई। उन्होंने बताया कि विभिन्न भक्तों द्वारा मंदिर कार्यालय में 862 ग्राम 500 मिली ग्राम सोना व 52 किलो 662 ग्राम चांदी भेंट स्वरूप जमा हुई।

प्रशासनिक अधिकारी टेलर ने बताया कि इसके अलावा विभिन्न भक्तों ने विभिन्न स्थानों से मनी ऑर्डर भेजकर,ऑनलाइन द्वारा एवं स्वयं उपस्थित होकर मंदिर कार्यालय में 03 करोड़ 64 लाख 01 हजार 373 रुपए भेंट जमा किए। भगवान श्री सांवलिया जी सेठ के एक माह के भंडार एवं भेंट कक्ष कार्यालय से कुल 16 करोड़ 98 लाख 80 हजार 926 रुपए का नगद चढ़ावा मिला। इस मौके पर सांवलिया जी मंदिर मंडल के निवर्तमान मुख्य निष्पादन अधिकारी ओ पी हर्ष ने भगवान श्री सांवलिया जी सेठ के दर्शन कर भंडार गिनती का अवलोकन किया।

भंडार गिनती में भादसोड़ा नायब तहसीलदार घनश्याम जरवाल, मंदिर बोर्ड सदस्य संजय कुमार मंडोवरा, अशोक शर्मा, ममतेश शर्मा, श्रीलाल पाटीदार, कांठोस युवा नेता सुरेश चंद्र गुर्जर, प्रशासनिक अधिकारी नंदकिशोर टेलर, मंदिर प्रभारी राजेंद्र कुमार शर्मा, लेखाधिकारी राघव शर्मा, सुरक्षा प्रभारी भेरू गिरी गोस्वामी, संस्थापन प्रभारी लेहरी लाल गाडरी, दीपक तिवारी सहित चुनिंदा मंदिर कर्मचारी एवं बैंक कर्मी उपस्थित थे।

# गुरुकुल में आग लगने से झुलसे तीन छात्रों में से दो की मौत

- घटना वाली रात गुरुकुल के नित्य कार्यक्रम के बाद छात्रों ने सोने से पहले मच्छर भगाने के लिए नीम के पत्ते जलाए थे
- सम्भवतया इसी से कोई चिंगारी सोने वाले स्थान तक पहुंच गई और फोम के गद्दों को चपेट में ले लिया
- आचार्य ने आशंका जताई है कि पंखे से शार्ट सर्किट हो जाने से या अन्य कारण से निकली आग की चिंगारी गद्दे पर जा गिरी और आग लग गई

**बून्दी, (निसं)।** देई थाना क्षेत्र के तलवास गांव में संचालित गुरुकुल में दो अक्टूबर की रात अचानक आग लग जाने से बुरी तरह झुलसे तीन छात्रों में से दो छात्रों की मौत हो गई। इन छात्रों में रितेश शर्मा पुत्र लोकेश शर्मा, निवासी नाहर का चौहटा, बूंदी व शिवशंकर जोशी, निवासी मोईकलां, कोटा शामिल हैं। शिव शंकर का जयपुर में और रितेश का कोटा में उपचार चल रहा था। दो छात्रों की इस मौत की खबर से घरों में कोहराम मच गया है। परिजन शवों को लेकर रवाना हो गए। तलवास स्थित श्रीमदगुरु कार्ष्णि गुरुकुल प्राईवेट बताया जा रहा है, जिसका संचालन सीताराम पंचोली द्वारा किया जा रहा था।

जानकारी के अनुसार घटना वाली रात गुरुकुल के नित्य कार्यक्रम के बाद छात्रों ने सोने से पहले मच्छर भगाने के लिए नीम के पत्ते जलाए थे। सम्भवतया इसी से कोई चिंगारी सोने वाले स्थान तक पहुंच गई और फोम के गद्दों को चपेट में ले लिया। बिजली के शार्ट सर्किट से भी आग लगने की आशंका व्यक्त की जा रही है। रात करीब सवा बारह बजे यह घटना हुई थी। डीएसपी मीणा ने इन दोनों एंगलों से जांच करने की बात कही थी। इस पूरे घटनाक्रम पर एसडीएम विनोद कुमार मीणा ने जांच शुरू करवा दी थी।

इस हादसे के बारे में गुरुकुल के आचार्य सुरेश शर्मा का कहना था कि बुधवार रात साढ़े दस बजे तक उन्होंने सभी 14 बच्चों की क्लास ली थी। इसके बाद 10 बच्चे हॉल और चार बच्चे हॉल के बाहर सो गए थे। हॉल में एक पंखा और कूलर चल रहा था। आचार्य ने आशंका जताई है कि पंखे से शार्ट सर्किट हो जाने से या अन्य कारण से निकली आग की चिंगारी गद्दे पर जा गिरी और आग लग गई। इससे गद्दों पर सो रहे बच्चे आग में घिर गए। बच्चों का शोर सुना तो वे दौड़कर वहां पहुंचे और उन्हें आग से बाहर निकाला। मगर तब तक तीन बच्चे झुलस चुके थे। आग से झुलसे बच्चों में 13 वर्षीय रितेश शर्मा व शिवशंकर शर्मा तथा 12 वर्षीय अभिजीत शर्मा शामिल था। आग लगने की सूचना से प्रशासन में हड़कम्प मच गया था। अधिकारी भी गुरुकुल पहुंचे और घटनाक्रम की जानकारी ली थी। इनमें से दो छात्रों की गम्भीर हालत होने से उन्हें पहले बूंदी जिला अस्पताल ले जाया गया, मगर यहां से भी उन्हें कोटा रैफर कर दिया गया था। बाद में शिव शंकर को जयपुर ले जाया गया था। इस गुरुकुल में 14 छात्र अध्ययन करते थे। लम्बे समय से संचालित इस गुरुकुल में शास्त्रों और वेदों का अध्ययन कराया जाता है।

डीएसपी मीणा ने इस बारे में बताया था कि जिले के तलवास स्थित श्रीमदगुरु कार्ष्णि गुरुकुल में हादसा उस समय हुआ था, जब सभी 14 छात्र सो रहे थे। अचानक आग लग जाने से अफरातफरी मच गई। झुलसे छात्रों में से बूंदी शहर के नाहर का चौहट्टा का निवासी 13 वर्षीय रितेश 90 फीसदी झुलस गया था, जबकि 14 वर्षीय शिव शंकर शर्मा, निवासी मोईकलां, कोटा 60 फीसदी झुलसा था। इन दोनों की मौत हो गई है। बम्बोरी गांव निवासी 12 वर्षीय अभिजीत शर्मा 20 फीसदी झुलसा था। इसका इलाज जारी है।

## युवक की मौत

**मनोहरपुर, (निसं)।** सड़क पार कर रहे एक युवक को ट्रेलर ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार झालरा तहसील पहाड़ी भरतपुर निवासी समुन खा पुत्र मुबारिक खान जो खोजावाला मोड़ के पास दिल्ली से जयपुर जाने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग पर बॉडी बनाने का कार्य करता था, जो बिजली ग्रेड के पास स्थित दुकान से बिस्कुट खरीद कर आ रहा था। इसी दौरान रॉन्ग साइड से आ रहे ट्रेलर ने उसके टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सड़क दुर्घटना से राष्ट्रीय राजमार्ग कुछ देर के लिए जाम लग गया। मामले की सूचना पाकर थाना पुलिस के हेड कांस्टेबल राजेंद्र कुमार मय जाप्ता मौके पर पहुंचे और मृतक को एंबुलेंस की सहायता से शाहपुरा के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां देर शाम चिकित्सालय में परिजनों के आने के बाद मृतक का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

# करोड़ों की जमीन की फर्जी रजिस्ट्री मामले में कुम्हार समाज का प्रदर्शन

## कुम्हार समाज ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर महापड़ाव की चेतावनी दी

**भीलवाड़ा, (निसं)।** शहर के समीप हरणी कलां में करोड़ों रुपये कीमत की जमीन की फर्जी रजिस्ट्री के मामले में कुम्हार समाज ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर महापड़ाव की चेतावनी दी है।


कलेक्टर को दिए ज्ञापन में हरणी कलां निवासी किशनलाल पुत्र नारायण कुम्हार एवं समस्त कुम्हार समाज के लोगों ने बताया कि जमीन की फर्जी रजिस्ट्री के मामले में सुभाषनगर थाने में मुकदमा दर्ज करवा रखा है। इसके बावजूद आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया जा रहा है। ज्ञापन में बताया गया कि मुझ प्रार्थी व मेरे भाइयों बंशीलाल व रतनलाल के खातेदारी हक अधिकार की कृषि भूमि सरहद हरणी कलां पटवार हल्का हरणी कलां तहसील व जिला भीलवाड़ा में आराजी नम्बर 621 रकबा 0.7461 हैक्टेयर है।

मुलजिम दिनेश पुत्र दौलतनाथ निवासी 109 सिंहाड़ा बिछडी गिर्वा जिला उदयपुर एवं गणेश गिरी पुत्र श्रीलाल गिरी गोस्वामी निवासी बंजारा कच्ची बस्ती, हिरण मंगरी, सेक्टर पांच जामर कोटड़ा रोड़, उदयपुर, शरद राजन पुत्र राजन नायक निवासी गायत्री पेट्रोल पम्प के पास, जामर कोटड़ा रोड़ मनवा खेड़ा, उदयपुर के द्वारा आपस में मिलीभगत कर मुझ प्रार्थी व मेरे भाइयों के नाम से फर्जी जनरल पावर ऑफ एटोर्नी का स्टाम्प क्रय कर उस पर आराजी नम्बर 621 का मुख्तियारनामा तैयार कर हमारे फर्जी हस्ताक्षर व अंगूठा निशानी कर 23 जुलाई 2024 को फर्जी मुख्तियारनामा बिना रजिस्टर्ड अभियुक्त दिनेश नाथ के पक्ष में तैयार कर उसे असल के रूप में प्रयुक्त कर उपपंजीयक, भीलवाड़ा से मिलीभगत कर उक्त भूमि की फर्जी तरीके से हर्षवर्धन सिंह पंवार पुत्र केसर सिंह पंवार निवासी सिंहाड़ा तहसील राशमी जिला चित्तौड़गढ़ के पक्ष मे 23 अगस्त 2024 को रजिस्ट्री करवा दी, जिसमें गवाह ललित सोनी नारायण लाल सोनी निवासी ओज्याड़ा व भरत गुर्जर पुत्र राजकुमार गुर्जर निवासी गुर्जर मौहल्ला, मीठाराम जी का खेड़ा द्वारा उसमें गवाह दी है व फर्जी रजिस्ट्री हमारी मूल्यवान प्रतिभूति सम्पदा को हड़पने की नियत से की है।

# सन्त आचरण से आदर्श की स्थापना करते हैं : राज्यपाल

## किशनगढ़ में आयोजित श्री कल्पद्रुम महामण्डल विधान एवं विश्व शान्ति महायज्ञ में पहुंचे राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े

**अजमेर, (कासं)।** राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने सोमवार को किशनगढ़ में आचार्य सुनील सागर वर्षायोग समिति के तत्वाधान में आयोजित श्री कल्पद्रुम महामण्डल विधान एवं विश्व शान्ति महायज्ञ में पहुंचकर आचार्यश्री सुनील सागर से आशीर्वाद प्राप्त किया।



राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने आचार्यश्री सुनील सागर से आशीर्वाद प्राप्त किया।

आचार्यश्री ने कहा कि सरकार ने प्राकृत और पाली को शास्त्रीय भाषाओं में शामिल करने का उत्तम मार्ग किया है। क्षमावाणी पर्व धर्म से सम्बन्धित नहीं होकर प्रत्येक आत्मा से जुड़ा है। हमें क्षमा करने तथा मांगने का वीरोचित गुण अपनाना चाहिए। प्रत्येक जन प्रतिनिधि को अंहिसा, सदाचार, मैत्री तथा वसुधैव कुटुम्बकम के भाव को बढ़ावा देना चाहिए। आचार-विचार की शुद्धि का जीवन में बड़ा महत्व है। शाकाहार अपनाकर व्यसन मुक्त जीवन जीने की प्रेरणा राज्यपाल बागडे के जीवन से ली जा सकती है। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने आचार्यश्री सुनील सागर के अवतरण दिवस पर आशीर्वाद ग्रहण किया। बागड़े ने कहा कि सन्तों की प्रेरणा से जीवन धन्य होता है। वे अपने आचरण से समाज में आदर्श की स्थापना करते हैं। वे अपने सत्कर्मों से समाज का धन्य करते हैं।

आचार्यश्री ने अपने उपदेश से जन-जन को मार्ग दिखाया है। इस प्रकार के विरले सन्तों के आशीर्वाद से जीवन धन्य हो जाता है। उन्होंने कहा कि भगवान महावीर के द्वारा दिए गए जीओ और जीने दो का सन्देश हमारी जीवन शैली है। प्राचीन भारत में सनातन, जैन एवं बौद्ध परम्पराएं ही थी। आक्रमणकारियों के द्वारा हमारी परम्पराओं को छिन्न-भिन्न करने का कार्य किया गया। देवधर्म की श्रद्धा को तोड़ने की कोशिक की। ऐसे में साधुओं ने धर्म एवं संस्कृति की परम्परा को जीवित रखने का महत्वपूर्ण कार्य किया। इसके लिए सुनील सागरजी जैसे सन्त महात्माओं का समाज ऋणी है। समारोह में राज्यपाल बागड़े द्वारा जैनाचार्यों से सम्बन्धित पुस्तक के साथ-साथ कन्या बने कनक पुस्तक का भी विमोचन किया गया। उन्होंने इससे पूर्व श्रीफल समर्पण कर एवं पाद प्रक्षालन कर आचार्यश्री का आशीर्वाद लिया।

इस अवसर पर सम्भागीय आयुक्त महेशचन्द्र शर्मा, पुलिस महानिरीक्षक ओमप्रकाश, जिला कलैक्टर लोकबन्धु, पुलिस अधीक्षक वन्दिता राणा, अतिरिक्त जिला कलैक्टर गजेन्द्र सिंह, व्यवसायी अशोक पाटनी सहित दिल्ली, मध्यप्रदेश एवं गुजरात से आए श्रावक-श्राविकाएं उपस्थित थे।

# सामान चोरी के आरोपी को गिरफ्तार किया

**करौली, (नि.सं.)।** करौली कोतवाली पुलिस ने बाजाज नगर कॉलोनी के एक घर से बोरवेल की मोटर, केबल सहित अन्य सामान चोरी करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर अन्य वारदातों के खुलासे का प्रयास कर रही है।

करौली थाना अधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि जिले में पुलिस द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में तहत हैड कॉन्स्टेबल सुनीता और पुलिस टीम द्वारा पानी की मोटर, केबल व रस्सा चोरी करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी लोकेश उर्फ कल्ली पुत्र प्रकाश निवासी थडकापुरा थाना सदर करौली को गिरफ्तार किया है। ज्ञात रहे कि गत 25 मई को सुमन मीना निवासी मीणा बडौदा ने एक रिपोर्ट करौली कोतवाली में दर्ज कराई। जिसमे बताया कि बजाज नगर करौली स्थित निर्माणाधीन मकान से अज्ञात चोर एक पानी की मोटर, केबल व रस्सा चोरी करके ले गए। जिस पर पुलिस ने जांच के बाद चोरी के आरोपी लोकेश उर्फ कल्ली को गिरफ्तार किया है। आरोपी के साथ चोरी में शामिल एक अन्य साथी रेख सिंह की पूर्व में गिरफ्तारी हो चुकी है।

## बिजली कर्मचारी 10 से धरने पर

**झुंझुनूं, (निसं)।**अजमेर विद्युत श्रमिक संघ भारतीय मजदूर संघ द्वारा 10 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा। श्रमिक संघ की जिला महामंत्री सुरेश कुमार शर्मा ने बताया कि झुंझुनूं में कार्यरत तकनीकी कर्मचारियों के प्रमोशन की मांग को लेकर निगम प्रशासन को कई बार श्रमिक संघ द्वारा लिखित व मौखिक रूप से अवगत करवा दिया। अजमेर मुख्यालय से भी तकनीकी कार्मिकों के प्रमोशन के आदेश जारी करने की स्वीकृति मिल गई। अजमेर डिस्कॉम में झुंझुनूं जोन के अधीन कार्यरत कर्मचारियों के प्रमोशन नहीं किए गए व वृत्त कार्यालय के द्वारा भी आदेश जारी नहीं होने पर बिजली कर्मचारियों में आक्रोश है।

# भीलवाड़ा : परिवहन विभाग के दस्ते को रिश्वत राशि के साथ पकड़ा

## उडनदस्ते के निरीक्षक, वाहन चालक, गार्ड की आकस्मिक जांच में 15 हज़ार 30 रुपए की संदिग्ध राशि पाई गई

**भीलवाड़ा/जयपुर,** (निसं)। भीलवाड़ा एसीबी की टीम ने नेशनल हाईवे-48 पर परिवहन विभाग के दस्ते को रिश्वत राशि के साथ रंगेहाथों पकड़ा है। ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. की भीलवाड़ा द्वितीय इकाई ने शंभूलाल हाल परिवहन निरीक्षक, कार्यालय जिला परिवहन अधिकारी भीलवाड़ा, अमरदीप हाल वाहन चालक, नीरज कुमार हाल संविदा गार्ड कार्यालय जिला परिवहन अधिकारी भीलवाड़ा के पास आकस्मिक तलाशी में 15 हज़ार तीस रूपये की संदिग्ध राशि पाई गई।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रविप्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी.बी. की हेल्पलाइन नंबर 1064 पर परिवादी द्वारा शिकायत दी गई थी कि भीलवाड़ा बाइपास पर उक्त आरोपियों ( परिवहन उड़न दस्ते) ने परिवादी की ट्रेलर गाड़ी को रोककर उनसे बिल्टी के कागजात के बदले दस हज़ार रूपये रिश्वत राशि की मांग की गई, जिस पर एसीबी की भीलवाड़ा द्वितीय इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ब्रजराज सिंह के नेतृत्व में परिवादी की शिकायत पर कार्यवाई करते हुए उनकी टीम के स.उप निरीक्षक प्रेमराज व अन्य द्वारा आकस्मिक तलाशी की कार्यवाई करते हुए आरोपी शंभूलाल हाल परिवहन निरीक्षक, कार्यालय जिला परिवहन अधिकारी भीलवाड़ा, अमरदीप हाल वाहन चालक, नीरज कुमार हाल संविदा गार्ड कार्यालय जिला परिवहन अधिकारी भीलवाड़ा के पास में 19 हज़ार रूपये की राजकीय राशि के अलावा, 15 हज़ार तीस रूपये की संदिग्ध राशि बरामद की गई है। उक्त राशि के बारे में आरोपियों ने कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दिया।



भीलवाड़ा एसीबी की टीम ने परिवहन विभाग के दस्ते को रिश्वत राशि के साथ पकड़ा।

- चालान की धमकी देते हुए 10 हजार की रिश्वत की मांग को लेकर एक चालक ने एसीबी को शिकायत की थी

एसीबी के एडिशनल एसपी ब्रजराज सिंह ने बताया कि एसीबी की हेल्पलाइन नंबर पर एक चालक द्वारा शिकायत दी गई कि भीलवाड़ा नेशनल हाईवे पर पुर बाईपास के निकट आरटीओ दस्ते द्वारा उसे रोककर चालान की धमकी देते हुए 10 हजार की रिश्वत की मांग की गई है। शिकायत के आधार पर टीम जब मौके पर पहुंची तो आरटीओ दस्ता वहां से जा चुका था। टीम परिवादी चालक से मामले की जानकारी ले ही रही थी कि इसी दौरान परिवहन दस्त वहां दोबारा आया और उनकी गतिविधियां संदिग्ध लगने पर मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी की टीम ने उन्हें पड़कर वाहन की गहनता से जांच की। परिवहन दस्ते से पूछताछ के बाद मामले का खुलासा करते हुए एसीबी एएसपी सिंह ने बताया कि रसीदों के अनुपात में जप्त की गई राशि ज्यादा है जो कि संदिग्ध प्रतीत होती है। ऐसे में भीलवाड़ा एसीबी की टीम ने जयपुर मुख्यालय को सूचित करते हुए अग्रिम कार्रवाई को अंजाम दिया है।

बताया जा रहा है कि एसीबी की टीम ने परिवहन निरीक्षक शंभू लाल उनके चालक और गार्ड को पुर थाने लाकर पूछताछ की। इसके बाद इस पर पूरे मामले का खुलासा हो पाया है। फिलहाल टीम मामले में गहनता से जांच में जुटी हुई है।

# सीमा पार पाकिस्तानी ड्रोन से फिर आई हेरोइन की खेप

## ड्रोन से आई दस करोड़ रुपए की दो किलो हेरोइन बरामद की

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। श्रीकरणपुर क्षेत्र में अन्तर्राष्ट्रीय सीमा से सटे गांव 17 सी के खेत में पाकिस्तान से आई दो किलो हेरोइन बरामद की गई है। देर रात पाकिस्तानी ड्रोन भारतीय सीमा में घुसा और इस खेत में कुंडी लगा पैकेट गिराने के बाद वापस लौट गया। इस कुंडी लगे पैकेट का वजन कराया गया तो करीब दो किलो हेरोइन मिली। जिला विशेष टीम और करणपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने इस खेत के आसपास एरिया में तलाशी की। वहीं, बीएसएफ अधिकारियों ने भी सर्च अभियान चलाया।

पुलिस अधीक्षक गौरव यादव ने बताया कि जिला विशेष टीम यानि डीएसटी को खुफिया तरीके से पाक से हेरोइन की खेप आने और पंजाब के ड्रग्स माफिया को डिलीवरी होने के इनपुट मिले थे। इस पर डीएसटी के प्रभारी एसआई रामविलास बिश्नोई की अगुवाई में पुलिस दल की फिल्डिंग भी लगाई गई। इस दौरान अल सवेरे सूचना मिली कि देर रात को पाकिस्तान से आए ड्रोन की मूवमेंट हुई है। बॉर्डर से करीब डेढ़ से दो किमी दूरी पर स्थित गांव 17 सी की रोही में खेत में झाड़ियों की तलाश की गई तो वहां हेरोइन से भरा पैकेट बरामद किया गया। करणपुर पुलिस को यह पैकेट सुपुर्द किया गया। इस पैकेट की पैकिंग के ऊपर एक कुंडी लगी हुई हैं, यह ड्रोन से बांधी गई थी। इस पैकेट में करीब दो किलो हेरोइन थी।

- डीएसटी ने करणपुर पुलिस व बीएसएफ के साथ सर्च ऑपरेशन चलाया

इस हेरोइन की अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में करीब दस करोड़ रुपए की कीमत आंकी जा रही है। डीएसटी ने करणपुर पुलिस और बीएसएफ के साथ अन्य जगहों पर भी सर्च ऑपरेशन चलाया। अन्य जगहों पर हेरोइन का पैकेट नहीं मिला। करणपुर थाना पुलिस अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर रही हैं। एसपी ने बताया कि यह हेरोइन की खेप जिन लोगों ने मंगवाई हैं, उनके बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस दल की स्पेशल टीम को ऐसे माफिया को धरपकड़ करने के लिए निर्देश दिए गए है। संभावित लोगों के बारे में पुलिस ने छापेमारी भी की है।

# 20 हजार की रिश्वत लेते पटवारी गिरफ्तार

## पटवारी ने काश्तकार से भूमि की गिरदावरी करने के एवज में पच्चीस हजार रुपए मांगे थे

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। सूरतगढ़ में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने गांव संगीता के हल्का पटवारी को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पटवारी मुकेश कुमार ने काश्तकार श्रवणराम से रकबाराज की 46 बीघा भूमि की गिरदावरी करने के एवज में पच्चीस हजार रुपए की रिश्वत की रकम की मांग की थी, तब यह सौदा बीस हजार रुपए में तय हुआ।

- पच्चीस हजार की रिश्वत की बजाय बीस हजार रुपए लेने के लिए हल्का पटवारी मान गया
- काश्तकार ने रिश्वत की रकम जैसे ही सौंपी तो पटवारी को एससीबी ने दबोचा

एसीबी श्रीगंगानगर के डीवाईएसपी भूपेन्द्र सोनी ने बताया कि संगीता गांव में रकबाराज की कृषि भूमि को काश्तकार श्रवणराम ने वर्ष 1999 में ली थी। इस भूमि की गिरदावरी करने के एवज में हल्का पटवारी मुकेश कुमार ने कई बार चक्कर कटवाए फिर रिश्वत की राशि लानी के लिए दबाव बनाया। ऐसे में अपनी रोज की समस्या का हल निकालने के लिए उसने हल्का पटवारी मुकेश कुमार को रिश्वत की रकम की बजाय सीधे कार्रवाई के लिए आग्रह किया लेकिन वह नहीं माना। ऐसे में काश्तकार श्रवणराम ने एसीबी में शिकायत दी। एसीबी की टीम ने काश्तकार के माध्यम से हल्का पटवारी से संपर्क कराया। हल्का पटवारी ने सोमवार सुबह दस बजे से पहले आकर संपर्क करने की बात कही। पच्चीस हजार रुपए की रिश्वत की बजाय बीस हजार रुपए लेने के लिए हल्का पटवारी मान गया।

काश्तकार ने सूरतगढ़ आकर यह रिश्वत की रकम जैसे ही सौंपी तो पटवारी ने अपनी हाथ में पकड़ ली। इशारा मिलते ही एससीबी की टीम ने हल्का पटवारी को दबोच लिया। पटवारी के हाथ धुलवाएं तो उसके हाथों पर अदृश्य रंग लगा सामने आ गया। पटवारी को रिश्वत लेने के आरोप में रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया गया है। डीवाईएसपी सोनी ने बताया कि पटवारी के आवास के बारे में जानकारी लेकर दबिश दी जाएगी। वहीं एसीबी में पूरी प्रक्रिया से अवगत कराते हुए मामला दर्ज करने की रिपोर्ट भेजी जा रही है।

# मिनी ट्रक ने बाइक को टक्कर मारी, वृद्ध की मौत

**मकराना,** (निसं)। शहर में एक तेज रफ्तार मिनी ट्रक ने बाइक को सामने से टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार वृद्ध गंभीर घायल हो गया, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। ग्रामीणों ने ट्रक का पीछा कर उसे रुकवा लिया, लेकिन ड्राइवर फरार हो गया। हादसा दरोगा की ढाणी के पास हुआ।

मिली जानकारी के अनुसार बेनीवालों की ढाणी जूसरी निवासी घासीराम बेनीवाल (60) पुत्र रुघाराम बेनीवाल सोमवार को बाइक पर देवलाजी महाराज मंदिर जा रहा था। इस दौरान दरोगा की ढाणी के पास सामने से आ रहे एक मिनी ट्रक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वो गंभीर घायल हो गया।

सूचना मिलने पर एंबुलेंस चालक प्रकाश गावड़िया ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस दौरान पुलिस भी अस्पताल पहुंच गई और शव को मॉर्च्यूरी में रखवाया। मृतक घासीराम किसान था और खेतीबाड़ी कर अपना घर चलाता था। उनके दो बेटे और एक बेटी हैं। मकराना पुलिस के सहायक सब इंस्पेक्टर अयूब खान ने बताया कि ट्रक को जब्त कर लिया है।

# 'उनके बयान केवल उनकी खिसियाहट दिखलाते हैं'

**जोधपुर,** (कासं)। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने बिना नाम लिए पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि उनके बयान केवल उनकी खिसियाहट दिखलाते हैं। सोमवार को जोधपुर प्रवास पर मीडिया के एक सवाल पर शेखावत ने कहा कि सबको अपने गिरेबान में झांककर देखना चाहिए। राजनीतिक टिप्पणियां करने से पहले अपने पांच साल में किस तरह के हालात थे? किस तरह से राजस्थान में महिलाओं पर अत्याचार कई गुना बढ़े थे? पेपरलीक के बारे में मैंने पहले भी कहा था जिस आदमी की सरकार होते हुए राजस्थान में पेपरलीक के मामले में इतनी सारी घटनाएं हुईं। लगातार वो खुद आगे बढ़कर क्लीन चिट देते रहे। कहते रहे कि न इसमें सरकारी अधिकारी शामिल है, न राजनेता या कर्मचारी शामिल हैं, इस तरह की टिप्पणियां करते रहे। शेखावत ने कहा कि आज जब हकीकत सामने आ रही है, तब बौखलाए हुए हैं। इस तरह के बयान देते हैं, लेकिन राजस्थान की जनता ने पिछले 5 साल का उनके शासनकाल के उस कुराज को देखा है। वो अच्छी तरह से जानती और पहचानती है। उनके बयान उनकी खिसियाहट दिखलाते हैं।

# सनातन संस्कृति के अनुसार इजराइलियों ने पुष्कर में अपनों का तर्पण किया

## हमास आतंकी हमले में मारे गए अपने व जाने अनजाने लोगों की आत्मा की शांति की कामना की

**पुष्कर/अजमेर,** (कासं)। एक वर्ष पूर्व आज ही के दिन, यानी 7 अक्टूबर 2023 को आतंकी संगठन हमास द्वारा इज़रायल पर किए गए आतंकी हमले में मारे गए इज़रायलियों की आत्मा की शांति के लिए उनके परिवारजन और मित्रों ने शनिवार को पुष्कर सरोवर का पूजन व तर्पण कर प्रार्थना की। इस मौके पर विदेशी पर्यटकों की ओर से सरोवर की महाआरती का भी आयोजन किया गया।

टूरिस्ट गाइड व पुरोहित गोपाल पाराशर ने बताया कि गत वर्ष होली पर्व मनाने के लिए 12 इज़रायली पर्यटक पुष्कर आए थे। ये सभी कुछ दिनों के बाद अपने स्वदेश लौट गए। फिर, 7 अक्टूबर को 4 इज़रायली पर्यटकों की आतंकी संगठन हमास द्वारा नृशंस हत्या कर दी गई थी। इन्हीं मृत आत्माओं की आत्मशांति के लिए इज़रायली पर्यटकों के 23 सदस्यीय दल ने शनिवार को पुष्कर सरोवर के ग्वालियर घाट पर पुरोहित पं. कौशल मुखिया के आचार्यत्व व पंडित गोविंद पराशर के सह आचार्यत्व में पुष्कर सरोवर का पूजन करके सरोवर का पवित्र जल, जौ, तिल, चावल, पुष्प, कुशा आदि सामग्री को अपने हाथों में लेकर तर्पण किया।



इज़रायली पर्यटकों के 23 सदस्यीय दल ने पुष्कर सरोवर का पूजन व तर्पण कर प्रार्थना की।

- 23 सदस्यीय पर्यटकों की ओर से पुष्कर सरोवर की महाआरती का भी आयोजन हुआ

इज़रायली पर्यटक डानी एवं मरिता ने बताया कि गत वर्ष हमास द्वारा किए गए आतंकी हमले में उनके 26 वर्षीय पुत्र अलोन की हत्या कर दी गई थी। उसकी आत्मा की शांति के लिए वे पुष्कर सरोवर की पूजा व तर्पण करने आए हैं। उन्होंने बताया कि गत वर्ष उनका पुत्र अलोन लाइफ पार्टी करने गया तो वापस कभी नहीं आया। सभी पर्यटक मित्रों व परिचितों कातर्पण करते भावुक हो गए।

इज़रायली पर्यटकों ने पुरोहित द्वारा बोले गए तर्पण कर्म को संस्कृत में बोलते हुए पूजन किया। पुरोहित कौशल मुखिया ने सभी को अंग्रेजी भाषा में हिंदू संस्कृति से रूबरू कराते हुए पूजन करवाया। तर्पण कर्म के बाद सभी पर्यटक बद्री घाट गए और वहाँ महा आरती में शामिल हुए। पुष्कर स्थित बेद खबाद हाउस के मैनेजर हनुमान प्रसाद बाकोलिया ने बताया कि रविवार को जयपुर में अमर ज्योति जयंती स्थल पर आयोजित शहीद दिवस कार्यक्रम में खबाद हाउस पुष्कर के धर्मगुरु सिम्सन गोल्डस्टीन ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उनके नेतृत्व में पुष्कर से काफी संख्या में इज़रायली पर्यटकों ने हाइफा युद्ध में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि दी।

# थीम बेस्ड होगा माइंस विभाग का राइजिंग राजस्थान प्री समिट

## माइंस विभाग का 8 नवबंर को जयपुर में होगा राइजिंग राजस्थान प्री समिट

**जयपुर।** राजस्थान के माइंस विभाग का 8 नवबंर को जयपुर में होने वाला राइजिंग राजस्थान प्री समिट निवेश प्रस्तावों पर एमओयू के साथ ही थीम बेस्ड भी होगा। खान एवं पेट्रोलियम विभाग के प्रमुख शासन सचिव टी. रविकान्त ने सोमवार को सचिवालय में राइजिंग राजस्थान के तहत खान विभाग के प्री समिट की तैयारियों को लेकर उच्च स्तरीय बैठक में यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि इससे राजस्थान की खनिज संपदा और खनन क्षेत्र की संभावनाओं से प्री समिट में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागियों के साथ ही देश दुनिया के माइनिंग क्षेत्र से जुड़े लोग रुबरु हो सकेंगे। प्रमुख सचिव खान टी. रविकान्त ने बताया कि प्री समिट को बहुआयामी व बहुउपयोगी बनाने के लिए निदेशक माइंस भगवती प्रसाद कलाल और संयुक्त सचिव माइंस आशु चौधरी के साथ वरिष्ठ अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। बीएस सोढ़ा को समन्वयक अधिकारी होंगे। प्री समिट में निवेष प्रस्तावों के एमओयू के लिए संपर्क, सहयोग व समन्वय की जिम्मेदारी अतिरिक्त निदेशक एमपी मीणा को दी गई हैं वहीं खनन क्षेत्र से जुड़े देश-प्रदेश के सरकारी, गैरसरकारी, अकादमीक व निजी क्षेत्र के विशेषज्ञों से संपर्क व समन्वय की तैयारी अतिरिक्त निदेशक भूविज्ञान जयपुर आलोक प्रकाश जैन करेंगे। इसी तरह से साहित्य सामग्री तैयार करवाने और राज्य की खनिज संपदा से रुबरु कराने के लिए सारगर्भित प्रदर्शनी के लिए अतिरिक्त निदेशक पेट्रोलियम को जिम्मा दिया गया है। इसी तरह से एसएमई विजिलेंस प्रताप मीणा को अतिथियों की सूची व आमंत्रण की जिम्मेदारी दी है। सभी प्रभारी अपने टीम सहयोगियों के साथ तय समय सीमा में तैयारियां सुनिश्चित करेंगे।



खान एवं पेट्रोलियम विभाग के प्रमुख शासन सचिव टी. रविकान्त ने प्री समिट की तैयारियों को लेकर उच्च स्तरीय बैठक ली।

टी. रविकान्त ने बताया कि प्री समिट में माइंस सेक्टर से जुड़े एमओयू सत्र के साथ ही खनन क्षेत्र से जुड़े प्रमुख बिन्दुओं पर विशेषज्ञ चर्चाओं के साथ ही पैनल चर्चाएं भी रखी जाएगी ताकि प्री समिट और अधिक उपादेय हो सके। इसके साथ ही दिसंबर में आयोजित होने वाले राइजिंग राजस्थान में खनन क्षेत्र के और अधिक निवेश प्रस्ताव हस्ताक्षिरत हो सके। उन्होंने थीम को अंतिम रुप देने के साथ ही वरिष्ठ अधिकारियों को युद्ध स्तर पर तैयारियों में जुट जाने के निर्देश दिए। निदेशक माइंस भगवती प्रसाद कलाल ने बताया कि विभाग द्वारा प्री समिट की आवश्यक तैयारियां आरंभ कर दी गई है। उन्होंने कहा कि प्री समिट में राजस्थान के माइनिंग सेक्टर को और अधिक एक्सप्लोर करते हुए निवेश, रोजगार और प्रदेश के आर्थिक विकास में और अधिक भागीदारी तय की जा सकेगी। संयुक्त सचिव आशु चौधरी ने तैयारियों की जानकारी दी। बैठक में मुख्य कार्यकारी आरएसएमईटी एनके सिंह, एसजी सुनील कुमार वर्मा, सुशील कुमार हुड़ा, डेलोइट के प्रतिनिधि व विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया।


**COLLEGE OF AGRICULTURE**
(S.K.N. Agriculture University-Jobner), Baseri, Dholpur (Rajasthan)-328027
No. : F.( )/Dean-COAB/2024/1631 Dated :- 01/10/2024
**NOTICE INVITING BID**
Bid for open tender regarding hiring manpower (Agriculture Purpose) are invited from interested bidders upto 11 AM, 18.10.2024. other particulars of the bid may be visited on the procurement portal **(http://sppp.raj.nic.in)** of the state or **www.sknau.ac.in** University website. NIB code SKN2425A0177 and UBN is SKN2425SSOB00180 & NIB code SKN2425A0177 and UBN is SKN2425SSOB00181
Raj.Samwad/C/24/6151 DEAN

**उदयपुर विकास प्राधिकरण, राजस्थान**
No. :- F-2(01)Acct/Contract/2024-25/132-134 Date : 04/10/2024
**ई-निविदा संशोधन सूचना**
उदयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जारी ई–निविदा सूचना संख्याः 31/2024–25 के निविदा कार्य संख्या– 01 (Providing Computer Operator, Security Guard, Driver and Assistant / Peon with Specified Qualifications in the Udaipur Development Authority.) की तिथियों में अपरिहार्य कारणों से निम्नानुसार संशोधन किया गया है, ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड/अपलोड एवं EMD, Tender Fee & Processing Fee Online दिनांक : 15–10–2024 को सांयः 6.00 बजे तक जमा की जा सकेगें एवं दिनांक : 16–10–2024 को प्रातः 11.00 बजे खोली जावेगी। अन्य शर्ते यथावत रहेगी।
अधिशाषी अभियन्ता - चतुर्थ, उदयपुर विकास प्राधिकरण
राज.संवाद/सी/24/6156

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल देई जिला बून्दी (राज0)**
क्रमांक :- न.पा.दे./निर्माण शाखा/2024-25/898 दिनांक :- 27/09/2024
**अल्पकालिक ई-निविदा सूचना-06/2024-25**
नगरपालिका में सक्षम श्रेणी में पंजिकृत व अन्य विभागों के "A" "AA" सिविल श्रेणी पंजीकृत संवेदकों से ई–निविदा पद्धति से निम्नानुसार ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा दिनांक 30.09.2024 से पालिका की वेबसाईट **http://sppp.raj.nic.in & http://eproc.rajasthan.gov.in** पर देखी जा सकती हैं। निविदा का NIB Code DLB2425A3003 हैं। कार्य का UBN No. DLB2425WSRC09514 है। निविदा की कुल राशि 29.73 लाख है।
अध्यक्ष, नगरपालिका देई (बून्दी) — अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका देई (बून्दी)
राज.संवाद/सी/24/6184

**कार्यालय नगर निगम, उदयपुर**
टाउनहॉल लिंक रोड, उदयपुर (राज.) 313001, दूरभाष सं. 0294-2414165, 2421255, 2420013 Helpline no. 0294 2426262, ई-मेल commudr@gmail.com, garage.umc21@gmail.com
क्रमांक :- ननिउ/गैराज/2024-2025/803 दिनांक :- 01/10/2024
**(ई-भुगतान) बोली आमन्त्रण सूचना संख्या - ई 10/2024-2025**
नगर निगम की गैराज शाखा में उपलब्ध 70 फोर व्हील ऑटो के मेन्युअल संधारण कार्य हेतु (बिना पार्ट्स के) एक वर्ष की दर अनुबन्ध पर ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है जिसकी अनुमानित लागत 24.50 लाख रू. है। बिड से संबंधित विवरण **www.sppp.rajasthan.gov.in** एवं **www.eproc.rajasthan.gov.in** पर उपलब्ध हैं। निविदा की प्रारंभ तिथि 03.10.2024 तथा अंतिम तिथि 09.10.2024 है।
UBN No. : UNP2425SLRC00112
अधिशाषी अभियन्ता (यात्रिक) — आयुक्त
राज.संवाद/सी/24/6167

**कार्यालय जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर**
क्रमांक :- जोविप्रा/2024-25/EE HQ/1281 दिनांक :- 04/10/2024
**ई-निविदा सूचना संख्या - मुख्यालय/25/2024-25**
जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर की ओर से प्राधिकरण एवं राजकीय विभाग में उपयुक्त श्रेणी मे पंजीकृत संवेदक जिनका पंजीयन 2 वर्ष की अवधि में पुनरावलोकन (Review) किया हुआ हो से निर्धारित प्रपत्र मे ई–प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया से ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। इन कार्य की अनुमानित लागत, निविदा बेचे जाने तथा प्राप्त करने की दिनांक, निविदा, शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट **www.jodhpurjda.org, www.eproc.rajasthan.gov.in** एवं **www.sppp.raj.nic.in** पर देखी जा सकती है।
UBN No. : JOD2425WSOB00177 To JOD2425WSOB00180
अधिशाषी अभियंता
राज.संवाद/सी/24/6170

**अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**
टोडरमल लेन, सिविल लाईन्स, अजमेर, Email :- ajmerada@gmail.com, Website :- www.rajasthan.gov.in/ada, Tel.No. :- 0145-2627748-2627749
क्रमांक :- अविप्रा/प.2/तकनीकी/2024-25/ दिनांक :- 20/09/2024
**ई-निविदा सूचना संख्या 18/2024-25**
अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर की ओर से विभिन्न कार्य की अनुमानित लागत राशि 254.93 लाख की ई–निविदा दिनांक 14.10.2024 सांय 06:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित समस्त विवरण वेबसाईट **(http://eproc.rajasthan.gov.in)** एवं **(http://sppp.raj.nic.in)** **http://www.urban.rajasthan.gov.in/ada** पर देखा जा सकता है।
UBN No. :- AJD2425WSOB00109-125
अधिशाषी अभियन्ता, अजमेर विकास प्राधिकरण
राज.संवाद/सी/24/6189

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, नगर खण्ड बीकानेर**
क्रमांक-2078 **ई-निविदा सूचना संख्या- 10/2425** दिनांक-25.09.2024
**UBN NO. IS: PWD2425WSOB07094**
राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्न कार्यो के लिए उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर सांर विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के एए,ए,बी. सी व डी श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। बोली से सम्बन्धित विवरण वेब साईट http://dipr.rajasthan.gov.in व http://pwd.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेब साईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड होना आवश्यक है।

| | | |
|---|---|---|
| बोलीयों की कुल लागत | - | रू. 120.84 लाख |
| ऑन लाईन बोली फार्म भरने/ अपलोड करने की अवधि | - | 26.09.2024, 9.30 बजे से 11.10.2024, 18.00 बजे तक |
| ऑन लाईन बोली खोलने की तारीख | - | 14.10.2024 को 11.00 बजे। |

राज्यपाल की आज्ञा से (राजीव गुप्ता) अधिशाषी अभियंता सा.नि.वि. नगर खण्ड बीकानेर
DIPR/C/9420/2024

**जयपुर विकास प्राधिकरण**
इन्दिरा सर्किल, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, जयपुर– 302004
क्रमांकः जविप्रा/अधि.अभि. (विद्युत–I) / जॉब नं. 202/2024–25/डी–538 दिनांकः 04.10.2024
**बिड आमंत्रण सूचना**
बिड संख्या–08/2024–25
जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा "Electrification & Street Light Works in Niji Khatedar residential scheme Parshvanath Narayan City Vistar, Zone-8, JDA Jaipur" जिसकी अनुमानित राशि रू. 49.21 लाख के लिए ऑनलाईन बिड्स दिनांक 16.10.2024 सायंकाल 6:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। निविदा बोली का ऑनलाईन आवेदन व भुगतान जयपुर विकास प्राधिकारण पोर्टल पर करने की अन्तिम तिथि 16.10.2024 को सायंकाल 6.00 बजे तक हैं। निविदा बोली के दस्तावेजों का विस्तृत विवरण www.sppp.rajasthan.gov.in, www.eproc.rajasthan.gov.in and www.jda.urban.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।
(UBN No. JDA2425WSOB00335)
निविदा में भाग लेने वालो को निम्न शर्तों की पूर्ति करनी होगीः–
1. निविदादाता जयपुर विकास प्राधिकरण की वेबसाईट www.jda.urban.rajasthan.gov.in पर पंजीकृत हो एवं निविदा में भाग लेने के लिए बोलीदाता को आवेदन करने के लिए दस्तावेज शुल्क, अमानत राशि, आर.आई.एस.एल. प्रोसेसिंग शुल्क ऑनलाईन जमा करनी होगी।
2. ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने के लिए निविदादाताओं का राजस्थान सरकार के ई–प्रोक्यूरमेंट पोर्टल www.eproc.rajasthan.gov.in पर पंजीकृत हो।
अधिशाषी अभियन्ता (विद्युत– I) जविप्रा, जयपुर।
राज.संवाद/सी/24/6197

## संक्षिप्त

### दुर्गा पूजा महोत्सव में सैलाब उमड़ा

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** कस्बे के ढाणी सुतलिया वाली मे रमेश पंजाबी के बाड़े मे चल रही नवरात्रि दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर मोहल्ला दुर्गामय हो रहा है । माता मंदिर प्रांगण में चल रहे नवरात्र व दुर्गा पूजा महोत्सव में आस्था का से सैलाब उमड़ रहा है। जय मां दुर्गा मित्र मंडल के कार्यकर्ता महेश सैनी ने बताया कि यह दुर्गा महोत्सव चौथी बार पंडाल लगाया गया है जिसमें प्रतिदिन शाम होने के बाद महिला, पुरुष, छोटे, में बड़े सभी अपना जल्दी काम निपटा कर मां के दरबार में हाजिरी लगाने को पहुंच जाते हैं। श्याम लाल सैनी व मुकेश सैनी ने बताया कि आरती के समय सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु माता रानी के पांडाल धोक लगाकर आशीर्वाद व प्रसाद लेते हैं। कस्बे में जगह-जगह, अंबेडकर पार्क ,हरिजन बस्ती ,जीण माता मंदिर आदि जगह पर प्रतिदिन अलग-अलग झांकियां सजाई जाती है। प्रतिदिन अलग-अलग कार्यक्रमों का - आयोजन किया जाता है। महा आरती के समय हेमराज यादव, नरेश यादव, दिनेश सैनी ,दिनेश कुमावत ,पप्पू सांखला, करण सैनी ,अर्जुन सैनी, राजू कुमावत ,अशोक कुमावत, सुरेश सैनी सहित अनेक महिलाएं, पुरुष, बच्चे आदि भक्तों से पंडाल पूरा भर जाता है।

### 3802 लोगों का चयन हुआ

**मनोहरपुर, (निसं)।** राजस्थान को 4392 का कोटा मिला ओर बगेर लाटरी के 3802 लोगों का चयन हुआ 386 आवेदन हुए केंसिल,राजस्थान को कुल 4188आवेदन प्राप्त हुए थे !राजस्थान के कोटे से बची 590 सिटे दूसरे स्टेट मे बांटी जायेगी। हाजी शाहिद मोहम्मद ने बताया कि आज हज 2025 पर जाने वाले आज़मिने हज की लोटरी दिल्ली मे निकाली गई जिस को पूरे भारत से 5000 लोगों ने ओनलाईन डारेक्ट सेंट्रल हज कमेटी मुम्बई द्वारा दी गई साईड पर जुड़ कर देखा राजस्थान से सभी हज यात्रियों का सलेक्शन हो गया है ! इसी तरह सेंट्रल हज कमेटी मुम्बई को पूरे भारत से 170828 आवेदन प्राप्त हुए थे।परन्तु सेंट्रल हज कमेटी की जांच करने के बाद सिर्फ 152871 आज़मिने हज को ही कवर जारी किये गये शेष बचे आवेदन को केंसिल कर दिया गया। यह जानकारी हाजी शाहिद मोहम्मद सिनियर सदस्य राजस्थान स्टेट हज कमेटी ने दी है।

### शिविर में 103 यूनिट रक्तदान

**पावटा।** रक्तदान सेवा में हमेशा तत्पर रहने वाली सेवार्थ संकल्प समिति के द्वारा समिति सदस्य मोनू चौधरी की पांचवी पुण्यतिथि पर पांचवा रक्तदान शिविर का शुभारभ पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। जिसमे शिविर में रामपाल ब्लड बैंक और आशिर्वाद ब्लड बैंक टीम के द्वारा 103 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। ब्लड बैंक के संचालन सतीश यादव ने बताया कि बढती बीमारीयों में ब्लड बैंकों मे ब्लड की कमी हो रहीं हैं जो रक्तदान शिविर का आयोजन करने से मरीजों के जीवन बचाने मे सहयोग मिल रहा है। समिति सदस्य सुशील योगी ने बताया की क्षेत्र में रक्त की निरंतर सेवा और युवाओं में रक्तदान जागृति के लिए प्रतेक साल रक्तदान शिविर आयोजित किया जाता है। इस साल रक्तदान शिविर में युवाओं से बढ चढ कर भाग लिया जिसमे युवाओं ने बढ-चढकर रक्तदान किया।

### चार ट्रेक्टर मय ट्रोली जप्त

**टोंक।** झिराना थानाधिकारी हरिमन व वृताधिकारी पीपलू देशराज कुलदीप ने अवैध बजरी परिवहन की रोकथाम हेतु बीती रात नानेर टोंक रोड इब्राहीमपुरा उर्फ काठा मोड के पास ग्राम जवाली की तरफ से बजरी से भरे ट्रेक्टर-ट्रोली आते दिखे, जहां चालको बजरी खाली कर भागने का प्रयास किया, जहां उन्होने अन्धेरे का फायदा उठाकर चार ट्रेक्टर-ट्रोली छोडकर भाग गये पुलिस ने चार ट्रेक्टर-ट्रोलियों को जप्त कर ट्रेक्टर- चालक व मालिको के विरूद्ध मामला दर्ज किया है।

### निरिक्षण किया

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश सिंह मंगावा द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र श्रीमाधोपुर का औचक निरीक्षण किया गया। डाक्टर मंगावा ने बताया कि निरीक्षण ओम प्रकाश गोदारा नर्सिंग ऑफिसर, सरोज नर्सिंग ऑफिसर, रवि कुमार मीणा फार्मासिस्ट , दिनेश कुमार बारोलिया टी.ए. , सोनी देवी ए.एन.एम बिना सक्षम स्वीकृति के अनुपस्थित पाये गये साथ ही सफाई व्यवस्था संतोषजनक नही पाई गई तथा कुछ कर्मचारी निर्धारित गणवेश एवं परिचय पत्र में नही पाये गये।

# ‘शत-प्रतिशत मतदान हेतु मतदाता जागरूकता गतिविधियों पर फोकस करें’

**अलवर, (निसं)।** निर्वाचन विभाग राजस्थान के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने अलवर स्थित मिनी सचिवालय के कलक्ट्रेट सभागार में रामगढ़ विधानसभा उप चुनाव की तैयारियों की समीक्षा बैठक लेकर उप चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्वक एवं भयमुक्त चुनाव सम्पन्न कराने हेतु भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की कड़ाई से पालना कराने के निर्देश दिये।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी महाजन ने रामगढ उप चुनाव के लिए की गई तैयारियों की बिन्दुवार गहनता से समीक्षा की जिसमें निगरानी दल, संयुक्त चेकपोस्ट, मतदान केन्द्रों, व्यवस्थाओं, होम वोटिंग, वेब कास्टिंग, सी-विजिल एप, मतदाता जागरूकता गतिविधियां, एनफोरस्मेंट एजेंसियां, मतदान दल गठन, ईवीएम, पुलिस जाप्ते आदि की व्यवस्थाओं पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. आर्तिका शुक्ला



अलवर में मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने कलक्ट्रेट सभागार में बैठक ली।

ने पीपीटी के माध्यम से रामगढ विधानसभा उप चुनाव के लिए जिला प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं एवं तैयारियों का विस्तार से प्रजेंटेशन दिया।

**विधानसभा क्षेत्र में व उसकी सीमा पर रखे कडी निगरानी:** उन्होंने निर्देश दिये कि आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने से पूर्व सभी प्रकार की तैयारियां सुनिश्चित की जावे। आचार संहिता लगते ही उसकी कडाई से पालना सुनिश्चित कराई जावे। मतदान केंद्रों पर सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित कर ली जावे। विधानसभा क्षेत्र की अंतरराज्यीय सीमा

> ‘उप चुनाव को निष्पक्ष कराने हेतु निर्वाचन आयोग के निर्देशों की करें पालना’

व दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेस हाई-वे के शीतल कट पर संयुक्त चेकपोस्ट पर सीसीटीवी कैमरे व वेब कास्टिंग की व्यवस्था रखे। साथ ही विधानसभा के अंतर जिला मार्गों पर भी चेकपोस्ट लगावे। उन्होंने निर्देश दिये कि अवैध शराब व अवैध नगदी, अवैध हथियार व चुनाव में बाटी जा सकने वाली वस्तुओं आदि पर कडी निगरानी रखे। संयुक्त टीम द्वारा ड्राई रन लगातार किए जाकर इन पर लगाम लगाए। उन्होंने निर्देश दिये कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान एनफोरस्मेंट एजेंसियों व दलों द्वारा आम नागरिकों को अनावश्यक परेशान नहीं किया जावे।

### भजनों की प्रस्तुतियां दी

**शाहपुरा, (निसं)।** क्षेत्र के ग्राम आंतेला में रात्रि को ज्वाला माता मंदिर मे पुजारी कैलाश सैनी के सानिध्य में भजन संध्या कार्यक्रम हुआ।

भजन संध्या में गायक कलाकार नवरंग म्यूजिक पार्टी ने भजनों की प्रस्तुति दी। ज्ञानचंद रायपुरा ने गणेश वंदना के साथ भजन संध्या का शुभारंभ किया। सरपंच बाबू लाल सैनी,समिति सदस्य दिनेश सैनी, दिपक सैनी, महेश सैनी ने बताया कि प्रसिद्ध गायक कलाकार नाथू सिंह शेखावत के शिष्य गायक लालचंद नवरंग व श्याम नवरंग ने ज्वाला माता के भजन गाकर श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। गायक कलाकार ज्ञान चंद, विक्की, सुभाष, ज्ञानी, ओमप्रकाश, मनोज कुमार, विनोद आदि गायकों ने एक से बड़कर एक प्रस्तुति देकर समा बांध दिया। गायक कलाकारों का माल्यार्पण, स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। इस दौरान मंदिर में भव्य झांकी भी सजाई गई। भजन संध्या देर रात तक चली उसके बाद महाआरती कर प्रसाद वितरण किया गया।

### 55 स्थानों पर लगेंगे सी.सी.टी.वी. कैमरे

**शाहपुरा ।** शाहपुरा क्षेत्र में अपराधिक वारदातों में कमी लाने के लिए भाजपा नेता लगातार सरकार व उच्च अधिकारियों से मिलकर हरसंभव प्रयास कर रहे है। सुरक्षा को लेकर किए जा रहे उनके प्रयास रंग लाए है। भाजपा नेता उपेन यादव की मांग पर सरकार की ओर से शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे लगाने की प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है। इसके लिए क्षेत्र में 55 से अधिक स्थानों को चिन्हित कर फाउंडेशन बनाने का कार्य किया जा रहा है। जल्द ही यहां पोल लगाकर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। जानकारी के मुताबिक शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र में अपराधिक वारदातो के बाद बदमाश फरार हो जाते है। पुलिस को भी अनुसंधान में काफी परेशानी होती है। इसको लेकर भाजपा नेता उपेन यादव ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व उप मुख्यमंत्री से मिलकर क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे लगवाने की मांग की थी। इस पर मुख्यमंत्री ने लाडली योजना के तहत शाहपुरा में सीसीटीवी कैमरे लगवाने की स्वीकृति जारी की।

# मांजथा 2024 सांस्कृतिक कार्यक्रम व सम्मान समारोह का आयोजन

**तिजारा, (निसं)।** खैरथल तिजारा जिले के तिजारा फोर्ट पर पर्यटन कला एवं संस्कृति विभाग राजस्थान एवं पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र उदयपुर के सजनिया से संप्रवाही ग्रुप जयपुर द्वारा आयोजित मांजथा 2024 सांस्कृतिक कार्यक्रम व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन तिजारा फोर्ट के अध्यक्ष अमन नाथ,कमिश्नर अजमेर पुलिस अधीक्षक शिवराज सिंह, आरएएस रेखा शर्मा, तथा पर्यटन अधिकारी संजय कुमार के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर खैरथल तिजारा जिला प्रशासन के अधिकारियों की ओर से अतिथियों एवं कलाकारों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम मे तिजारा फोर्ट अध्यक्ष एवं संस्थापक नीमराना होटल अमन नाथ को विजय वर्मा लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसी के साथ गुरु डॉक्टर शशी



तिजारा फोर्ट में आयोजित मांजथा 2024 सांस्कृतिक कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि एवं कलाकार।

सांखला को कत्थक के क्षेत्र में तथा पंडित कुंदन लाल गंगानी सम्मान व अली गनी मोहम्मद बंधुओं को मांड गायन एवं हकीम खान को कमायचा वादन के क्षेत्र में उस्ताद सदिक मांगणियार सम्मान दिए गए।

समारोह का मुख्य आकर्षण मांगनियार, थार संगीत एवं जयपुर कथक व सूफी नृत्य की प्रस्तुति से तिजारा फोर्ट गूंज उठा। कलाकारों ने श्रोताओं को तालियां बजाने से मजबूर कर भाव विभोर किया। इस श्रेणी में अली गनी बंधुओं ने मांड गायन प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम के चार चांद लगाने में मुख्य भूमिका समंदर मांगणियार की रही। उनकी बुलंद आवाज में सुअनुराग

> कमिश्नर अजमेर पुलिस अधीक्षक शिवराज सिंह, आरएएस रेखा शर्मा, तथा तिजारा फोर्ट अध्यक्ष अमन नाथ की उपस्थिति में हुआ कार्यक्रम

वर्मा के कथक नृत्य ने ऐसा समां बांधा कि लोग खड़े होकर झूमने लगे।

इस समारोह में मांजथा कलाकारों के 30 सदस्यों के दल ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में कमिश्नर रेखा शर्मा, उद्योगपति संजय काद्यान्र, पुलिस अधीक्षक शिवराज सिंह, पर्यटन अधिकारी संजय कुमार एवं खैरथल, तिजारा का प्रशासन व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# पीस पोस्टर प्रतियोगिता के विजेताओं को किया सम्मानित

**निवाई, (निसं)।** लायंस क्लब के तत्वावधान में उच्च माध्यमिक सरस्वती विद्या मंदिर के पांचजन्य सभागर में पीस पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

क्लब के सचिव महेन्द्रकुमार जैन ने बताया कि आयोजित प्रतियागिता में छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग

> लॉयंस क्लब तत्वावधान में प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

लिया। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में छात्रा भव्या वर्मा प्रथम, अक्षिता शर्मा द्वितीय व छात्र विवेक चौधरी तृतीय स्थान पर रहे। इस दौरान विजेताओं को क्लब की ओर से



निवाई में सरस्वती विद्या मंदिर पीस पोस्टर प्रतियोगिता के प्रथम विजेता को सम्मानित करते हुए अतिथि।

पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी 50 प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर लॉयन हुकमचंद जैन, अशोक जैन, विद्यालय सचिव योगेन्द्र सिंहल, प्रधानाचार्य गोविंदनारायण शर्मा, सहायक प्रधानाचार्य मोहनलाल शर्मा व प्रधानाचार्या सीमा माथुर सहित कई शिक्षक मौजूद थे।

# पतंजलि विश्वविद्यालय को नैक का ए प्लस ग्रेड मिला

**जयपुर, (का.सं.)।** पतंजलि विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद्, नैक द्वारा उच्च अंकों के साथ ए प्लस ग्रेड मिला है। पतंजलि विश्वविद्यालय को प्राप्त पेड पॉइंट, राष्ट्रीय स्तर पर योग विश्वविद्यालयों में सर्वाधिक हैं।

नैक द्वारा मूल्यांकन का परिणाम घोषित होने के पश्चात आज विश्वविद्यालय के अधिकारियों, शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कार्मयोगियों को सम्बोधित करते हुए, विश्वविद्यालय के कुलाधिपति स्वामी रामदेव ने कहा कि पतंजलि विश्वविद्यालय की स्थापना का मुख्य उद्देश्य भारत को समृद्ध रुप से आत्मनिर्भर राष्ट्र के रुप में विकसित करने हेतु सक्षम युवा शक्ति को गढ़ना है और यह तभी सम्भव है जब युवाओं का व्यक्तित्व योगमूलक हो और सभी आयामों में सामर्थ्य के साथ-साथ एक सुदृढ़ चरित्र एवं व्यक्तित्व का विकास हो। यह कहते हुए कि आज की शिक्षा अधिकाधिक नौकरी केन्द्रित हो गई है, उन्होंने इस बात पर बल दिया कि पतंजलि विश्वविद्यालय का उद्देश्य युवाओं में जीवन और समाज के हर क्षेत्र में नेतृत्व परक गुणों का विकास करना है। उन्होंने आगे कहा कि आज पूरे विश्व को ऐसी युवा शक्ति की आवश्यकता है जिसको अपने अतीत का समग्र बोध हो, जिसमें वर्तमान की चुनौतियों का समाधान करने

> विश्वविद्यालय की समस्त शैक्षिणक गतिविधियों का उद्देश्य ऐसे युवाओं को शिक्षित करना है जो राष्ट्र को नई दिशा प्रदान करें : स्वामी रामदेव

का सामर्थ्य हो और जो भविष्य की संभावित चुनौतियों का प्रामाणिक आंकलन कर सके। उन्होंने इस बात पर ध्यान दिलाया कि पतंजलि विश्वविद्यालय की समस्त शैक्षिणक गतिविधियों का उद्देश्य ऐसे युवाओं को शिक्षित करना है जो राष्ट्र को नई दिशा प्रदान करने के साथ ही वैश्विक धरातल पर भी पूरी मानवता का नेतृत्व कर सकें।

स्वामी रामदेव ने जोर देकर कहा कि समाज की विभिन्न संस्थायें विशिष्ट क्षेत्रों में क्षमता संवर्धन कर सकती है लेकिन समग्र रुप से राष्ट्रीय एवं वैश्विक परिस्थिति का नेतृत्व करने का कार्य शिक्षा व्यवस्था के गर्भ से ही हो सकता है, और इसका प्रमाण पतंजलि विश्वविद्यालय है। उन्होंने बताया कि योग, आयुर्वेद एवं स्वदेशी के सफल आन्दोलन के पश्चात् युवाओं के मानस को सम्यक रुप से गढ़ने का कार्य पतंजलि विश्वविद्यालय और पतंजलि संस्थाओं द्वारा हो रहा है।

# विद्यार्थियों को दी कानूनों की जानकारी

**सांभरझील, (निसं)।** थानाधिकारी राजेश कुमार वर्मा के निर्देश पर ऑपरेशन जागृति व ऑपरेशन गरिमा के तहत सोमवार को विद्यार्थियों को कानूनों के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान उच्च माध्यमिक विद्यालय बरडोती व आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय के छात्र छात्राओं को हैड कांस्टेबल रमेश चंद्र नायक, बलबीर सिंह व महिला कांस्टेबल ने पोक्सो एक्ट, बाल श्रम, छेड़छाड़, छींटाकसी, उत्पीड़न सहित विभिन्न मामलों में अधिकारो की जानकारी दी। हैड कांस्टेबल रमेश चंद्र ने कहा कि विद्यार्थियो को भयमुक्त माहौल मिले, विद्यालय आने के दौरान किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं आए, इसके लिए कानून बने हुए हैं।

### सार्वजनिक स्नान घर पर हो रहा अतिक्रमण

**देवली, (निसं)।** यहां शहर के गणेश रोड स्थित करोड़ों रुपए की भूमि पर बना हुआ सार्वजनिक स्नान घर इन दोनों पालिका प्रशासन की अनदेखी के कारण जीर्ण शिर्ण अवस्था में पड़ा हुआ अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है।

जीर्ण शिर्ण अवस्था में पड़े रहने के कारण यहां अतिक्रमणियों ने उक्त भवन की खाली भूमि पर कब्जा कर अपने वाहनों के लिए पार्किंग स्थल बना डाला है। यहां देखने वाली बात तो यह है कि शहर के सार्वजनिक स्नान घर की चार दिवारी और गेट अतिक्रमणियों द्वारा तोड़ दिया गया है।

पालिका प्रशासन के अधिशासी अधिकारी ऐसे हालातो को देखकर भी जानबूझकर अनजान बने हुए हैं।पालिका प्रशासन की इस अनदेखी के कारण यहां पानी व्यापारी और बैंड बाजे वालों ने सार्वजनिक स्नान घर के बाहर की भूमि पर कब्जा करके अपने वाहनों के लिए पार्किंग स्थल बना लियाहै। ऐसे में पालिका प्रशासन इन अतिक्रमणियों से सार्वजनिक स्नान घर की खाली भूमि को मुक्त करने में नाकाम बनी हुई है।

# ज्वाला माता की 14वीं विशाल पदयात्रा रवाना

**फुलेरा ।** कस्बे के वार्ड नम्बर 10 श्रीरामनगर स्थित शिव मन्दिर से रविवार को प्रात: 9:15 बजे जय माता दी पदयात्रा समिति के तत्वाधान में ज्वाला माता की 14 वीं विशाल पदयात्रा

> कार्यक्रम के दौरान ज्वाला माता की भव्य झांकी सजाई गई

गाजे-बाजे के साथ रवाना हुई।

इस दौरान कार्यक्रम में अतिथि के रूप में बेलूबाई आश्रम के महन्त सत्यनारायण सैनी महाराज, हरसिद्धि हनुमान मन्दिर सियाराम बाबा की बगीची के महन्त त्रिलोकी दास महाराज, पूर्व मण्डल अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह शेखावत, दैनिक रेल यात्री संघ एकीकृत के अध्यक्ष अशोक वासदेव, सैनी समाज के अध्यक्ष तेजकरण सैनी, पूर्व अध्यक्ष धर्मेन्द्र सैनी, समाज सेविका उर्मिला सुरोलिया, पार्षदा पूजा



पदयात्रा को झंडी दिखाकर रवाना किया।

भाटी, थानाधिकारी बाबूलाल मीणा रहे। उपरोक्त जानकारी देते हुए पदयात्रा समिति के पदाधिकारी बाबूलाल अजमेर ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान ज्वाला माता की भव्य झांकी सजाई गई। तत्पश्चात पण्डित शिवनारायण शर्मा के द्वारा विशेष पूजा अर्चना सम्पन्न करवाई गई। इसके बाद माता रानी की महाआरती की गई। इसी क्रम में आगन्तुक अतिथियों का माला दुपट्टा पहन कर एवं स्मृति चिह्न देकर स्वागत अभिनन्दन किया गया। इसके साथ ही अतिथियों के द्वारा पदयात्रा को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंच का संचालन योगेन्द्र गहलोत एवं सन्तोष स्वामी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर राधेश्याम कुमावत, हेमराज सैनी, कमलेश प्रजापति, निरंजन सैनी, कमलेश कुमावत, सोनू सैनी, ओमप्रकाश शर्मा, सिंहराज, प्रभु दयाल सहित सैकड़ों धर्मप्रेमी महिला, पुरुष और बच्चे उपस्थित रहे।

### अपराधों के संबंध में विद्यार्थियों को दी जानकारी

**टोंक।** पीपलू उपखण्ड "ऑपरेशन गरिमा अभियान" और राज्यव्यापी श्ऑपरेशन जागृति चरण 2 अभियान की पालना में झिराना थानाधिकारी हरिमन ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नानेर में पोक्सो एक्ट सहित महिला बालक- बालिकाओं के साथ छेड़छाड़, छींटाकशी जैसे अपराधों के संबंध में विद्यार्थियों को जानकारी दी। विधार्थियों से कहा ऐसी स्थिति में बचाव के लिए उचित माध्यम से पुलिस को सूचना दे या अपने माता-पिता परिवार के किसी सदस्य या स्कूल में गरीमा पेटी (शिकायत बॉक्स) के माध्यम से सूचना देना चाहिए। साथ ही महिला हेल्पलाइन नंबर 1090 व चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर सूचना देने के बारे मे भी जानकारी दी। बालक-बालिकाओं को गुड-टच, बेड-टच के बारे में जानकारी दी गई व बच्चों के साथ किसी भी प्रकार का अपराध/घटना घटित होने पर किसी भी माध्यम से पुलिस को सूचना देने हेतु जागरूक किया गया। साथ ही विद्यालय भवन में लगी हुई शिकायत पेटी में गुप्त रूप से सूचना देने की भी जानकारी दी गई।

## सार-समाचार

### आमजन में विश्वास बनाये रखना ही हमारा प्रमुख ध्यैय : पुलिस कप्तान



**चौरु/उनियारा ।** पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने कहा कि अपराधियों में भय एवं आमजन में विश्वास पैदा करना पुलिस का ध्यैय है उसी के अनुरूप जिले की पुलिस कार्य करे उसकी सुनिश्चितता करना हमारा उद्देश्य है। पुलिस कप्तान सोमवार को अपने कक्ष में राजस्थान पत्रकार संघ (जार) के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. राजकुमार करनाणी एवं जिलाध्यक्ष भगवान सहाय शर्मा के नेतृत्व में आये पत्रकारों के साथ जिले की स्थितियों पर चर्चा कर रहे थे। उन्होने कहा कि युवा पीड़ी में नशें की बड़ती हुई प्रवृति पर अंकुश लगे, बड़ते अपराधों पर रोक तथा अपराधियों की गतिविधियों पर पाबंदी लगे उसके लिए पुलिस सजग व सक्रीय है। उन्होने कहा कि अपराधियों की कोई जाति और धर्म नही होता इसलिए समाज के सभी वर्गो को अपराधों पर रोकथाम हेतु प्रलिस का सहयोग करते रहना चाहिए। इस अवसर पर पत्रकारों की ओर से पुलिस कप्तान सांगवान को उज्जैन महाकाल का दुपट्टा, स्मृति चिह्न व प्रसादी भेंटकर जिले में अपनी बेहतर सेवाओं की कामना की। इस दौरान चौरु दैनिक नवज्योति पत्रकार सुरेन्द्र शर्मा, नीरज कुमार राजोरिया, कैशवराज सैन आदि भी उपस्थित रहे।

### भूमि आवंटन की समस्या हल हुई

**सांभरझील, (निसं)।** पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के शासन के समय सांभर को राजकीय कन्या महाविद्यालय की सौगात मिलने के 1 वर्ष से अधिक समय के इंतजार के बाद आखिरकार कन्या महाविद्यालय के भवन निर्माण हेतु भूमि आवंटन का मामला क्लियर हो गया। इसकी देरी का मुख्य कारण बताया जा रहा है कि भूमि आवंटन के लिए क्लीन चिट नहीं देने हेतु यहां के एक प्रशासनिक अधिकारी के ऊपर विधानसभा क्षेत्र के एक नेता का दबाव था। राष्ट्रदूत में खबर प्रशासन के बाद सरकार का ध्यान आकर्षित किया गया था कि यदि कन्या महाविद्यालय के लिए शीघ्र भूमि आवंटन नहीं हुई तो एक दिन ऐसा आएगा जब इस महाविद्यालय को यहां से खत्म कर दिया जाएगा। निशुल्क भूमि आवंटन की मुख्य जिम्मेदारी नगर पालिका प्रशासन की होती है लेकिन नगर पालिका इसके लिए सकारात्मक दृष्टिकोण से आगे नहीं आ सकी और न भूमि की उपलब्धता सुनिश्चितता कर सकी इस बात का भी खुलासा किया तो अंतिम रूप से हड़कंप मच गया, जबकि प्रदेश सरकार की ओर से नवीन भवन निर्माण हेतु 5 करोड़ की भी वित्तीय स्वीकृति दी जा चुकी थी, लेकिन भूमि आवंटन नहीं होने के कारण यह मामला अटका हुआ था। बताया जा रहा है कि नगर पालिका द्वारा भूमि आवंटन में टालमटोल करने के कारण जनहित को दृष्टिगत रखते हुए राजकीय महाविद्यालय प्रशासन की ओर से उनके खाते में दर्ज खाली पड़ी भूमि में से 6 बीघा भूमि कन्या महाविद्यालय को दिए जाने हेतु अपनी सहमति प्रदान की। अब नियमानुसार 6 बीघा भूमि महाविद्यालय प्रशासन के खाते में दर्ज करने हेतु तरमीन की प्रक्रिया को अंजाम दिया जा रहा है।

### रावण-जटायू युद्ध के दृश्य दिखाये

**फुलेरा।** कस्बे की रेलवे कॉलोनी स्थित श्री रेलवे रामलीला रंगमंच पर में ब्रिटिश काल से चली आ रही रामलीला मंचन की परम्परा को आगे बड़ाते हुए श्री रेलवे रामलीला कमेटी के तत्वाधान में स्थानीय कलाकारों द्वारा रविवार को रामलीला मंचन के दौरान श्रीराम का पंचवटी प्रवेश, शूर्पनखां के नाक-कान काटना, खर दूषण वध, रावण-शूर्पनखां संवाद, रावण-मारीच वार्ता, सीता का अग्नि प्रवेश, माया मृग, जोगी रावण का आना, सीता हरण, रावण-जटायू युद्ध, जटायू मरण की लीलाओं का मंचन किया गया। गौरतलब है कि उक्त रामलीला मंचन के दौरान विशेष आर्कषण केन्द्र उड़ान कलाकारों द्वारा जमीन से करीब 60 फीट ऊंचाई स्थित बिजली के तारों पर आकाश मार्ग में सीता हरण का उड़ान तथा रावण-जटायू युद्ध के दृश्य दिखाये। गये। जिसको देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध रह गये। इस रामलीला मैदान में हजारों की संख्या में दर्शकगण उपस्थित रहे। इसी क्रम में सोमवार को आयोजित रामलीला मंचन के दौरान कलाकारों द्वारा शबरी मिलन, नवधा भक्ति, नारद-राम भेंट, हनुमान-राम मिलन, राम-सुग्रीव मित्रता, बाली वध, सीता की खोज, लंकिनी वध, विभीषण-हनुमान वार्ता, हनुमान जी द्वारा लंका प्रवेश करने की लीलाओं का मंचन किया गया। जानकारी के अनुसार वहीं रामलीला रंगमंच पर मंगलवार को रामलीला मंचन के दौरान सीता-रावण संवाद, हनुमानजी द्वारा अशोक वाटिका विध्वंस, अक्षय कुमार वध, मेघनाद का हनुमानजी को बांधना, हनुमान रावण संवाद, लंका दहन, हनुमान जी का राम दल में लौटना आदि लीलाओं का मंचन किया जायेगा।

### ‘प्राचार्य के खिलाफ कार्यवाही की जाएं’

**अलवर।** राजस्थान विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय शिक्षक संघ रुक्टा डेमोक्रेटिक के प्रदेश संयोजक प्रो.रमेश बैरवा ने आयुक्त कॉलेज शिक्षा को ज्ञापन भेज कर बाबू शोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय अलवर में कैंसर पीड़ित लाइब्रेरियन प्रहलाद कुमार बुनकर को प्राचार्य डॉ.अशोक आर्य द्वारा लगातार बुरी तरह पर प्रताड़ित किए जाने के खिलाफ तुरंत कड़ी करवाई की मांग की है। साथ ही ज्ञापन की प्रति आवश्यक कार्यवाही हेतु उच्च शिक्षा मंत्री राजस्थान सरकार को भी प्रेषित की गई है ज्ञापन में लिखा है कि लाइब्रेरियन श्री प्रहलाद कुमार बुनकर को प्राचार्य अशोक आर्य लगातार बुरी तरह प्रताड़ित कर रहे हैं जिससे उनके स्वास्थ्य पर भी विपरीत असर पड़ रहा है। अशोक आर्य दुर्भावनावश एवं निर्बल समझकर लाइब्रेरियन बुनकर को आए दिन चेतावनी पत्र देकर,कारण बताओं नोटिस से एवं उच्च अधिकारियों से कार्यवाही करवाने की धमकी भरे पत्र दे दे कर बुरी तरह परेशान और प्रताड़ित कर रहे हैं। नौकरी तक से निकलवाने की धमकी दे रहे हैं। लाइब्रेरियन बुनकर प्राचार्य की धमकियों एवं बर्ताव से अत्यंत परेशान है। बुनकर आयुक्त कॉलेज शिक्षा एवं अन्य उच्च अधिकारियों को अपनी पीड़ा नहीं भेज पा रहे हैं क्योंकि इन्हें डर है कि प्राचार्य नाराज होकर लाइब्रेरियन बुनकर का और बुरा कर देंगे। इसलिए भी की लाइब्रेरियन बुनकर की सेवानिवृत्ति का समय बहुत करीब है। कैंसर पीड़ित लाइब्रेरियन सच में बहुत परेशान है। प्राचार्य ने इनके स्वास्थ्य को खतरा पैदा कर दिया है।

### रामलीला का हुआ मंचन

**खाटूश्यामजी, (निसं)।** खाटूश्यामजी के मुख्य बाजार में शारदीय नवरात्रि के अवसर पर चल रही रामलीला में छठवें दिन राम वनवास की लीला का मंचन हुआ। राम-लक्ष्मण व सीता के वन गमन के दृश्य ने उपस्थित दर्शको को भावुक कर दिया।वन में भगवान राम की निषादराज से भेंट तथा केवट द्वारा गंगा पार कराने की लीला का प्रभावी मंचन किया गया।इस दौरान केवट द्वारा भगवन सांची कहो ना बिचारी है क्या तथा भगवान को करने पार भक्त की नाव चली जैसे गीतों के साथ सम्पूर्ण वातावरण भाव विभोर कर गया।रामलीला में राम का अभिनय खाटूश्यामजी के अनुभवी कलाकार सुशील सोनी ने,लक्ष्मण का चन्द्र प्रकाश रामूका ने, निषादराज का नरेश मिश्रा ने तथा केवट का भगवान सहाय शर्मा ने अभिनय किया।

### चेतन शर्मा युवा तहसील अध्यक्ष बने

**मालपुरा (निस)।** विप्र फाउण्डेशन तहसील मालपुरा की हुई बैठक मे विप्र फाउण्डेशन युवा तहसील अध्यक्ष पद पर चेतन शर्मा व तहसील महिला अध्यक्ष पद पर अरूणा पाराशर को सर्व सम्मति से मनोनीत किया गया। फाउण्डेशन तहसील अध्यक्ष कन्हैयालाल शर्मा की अध्यक्षता मे हुई संगठन की बैठक मे मौजूद गोपाल भट्ट, ताराकांत पाठक, दशरथ शर्मा, कपिल शर्मा, अरविन्द्र त्रिपाठी, मधुसुदन पारीक, शशिकांत, मूलचन्द पारीक, नरेन्द्र शर्मा, इन्द्रराज, नन्दकिशोर, विनोद शर्मा,कोशल कोशलेन्द्र,शिवराज शर्मा, बुद्धिप्रकाश गोवला, भवानीशंकर, ओमप्रकाश, नन्दलाल सहित मौजूद विप्र जनो ने 17 अक्टुम्बर 2024 को मालपुरा मे विप्र प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया। साथ ही सम्मान समारोह के सफल आयोजन व गांव-ढाणी मे रहने वाली समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित किये जाने के लिये पंचायत स्तर पर समूह का गठन कर घर-घर पहुंच प्रतिभाओं को सुचीबद्ध किये जाने का निर्णय लिया गया। बैठक के दौरान मौजूद विप्रजनो ने युवा तहसील अध्यक्ष पद पर चेतन शर्मा व तहसील महिला अध्यक्ष पद पर अरूणा पाराशर को मनोनीत कर भव्य स्वागत सम्मान किया गया।

# खेल जगत



पहले से बेहतर हो गई है श्रीलंका की टीम, 13 अक्टूबर को टकराएंगी दोनों टीमें।
- शेफाली वर्मा

भारतीय महिला बल्लेबाज, श्रीलंका टीम की तारीफ करते हुए।

**आज का खिलाड़ी** — नजमुल शंटो



पहले टेस्ट सीरीज गंवाई और अब बांग्लादेश क्रिकेट टीम को पहले टी20 मुकाबले में हार झेलनी पड़ी। दो मैचों की टेस्ट सीरीज में 0-2 से क्लीनस्वीप झेलने के बाद बांग्लादेश की टीम के लिए टी20 इंटरनेशनल सीरीज की शुरुआत भी निराशाजनक रही है। पाकिस्तान दौरे पर 2-0 से टेस्ट सीरीज क्लीनस्वीप करके भारत दौरे पर आए बांग्लादेशी कप्तान पहले टी20 इंटरनेशनल मैच में भारत के खिलाफ जीत के बाद काफी नाराज नजर आए। पोस्ट मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने अपने बल्लेबाजों की जमकर क्लास भी लगाई।

**क्या आप जानते हैं ?...** क्रिकेट के इतिहास में केवल चार टेस्ट सीरीज बिना हार-जीत के समाप्त हुई। जिनका प्रत्येक मैच ड्रॉ रहा, इनमें से दो सीरीज लगातार भारत और पाकिस्तान के बीच हुई।

# भारत की स्टार जिम्नास्टि दीपा कर्माकर ने लिया संन्यास

## ओलंपिक में नहीं जीत पाई थी पदक

नई दिल्ली, 7 अक्टूबर। भारत की स्टार जिमनास्ट दीपा कर्माकर ने अचानक संन्यास लेकर सबको चौंका दिया है। दीपा 2016 के रियो ओलंपिक में पदक से चूक गई थीं, उन्होंने पांचवां स्थान हासिल किया था। 31 वर्षीय दीपा ओलंपिक में हिस्सा लेने वाली भारत की पहली महिला जिमनास्ट बनीं थीं। उनका रियो ओलंपिक के वॉल्ट इवेंट में महज 0.15 पॉइंट से ओलंपिक में मेडल जीतने का सपना अधूरा रह गया था।



वहीं दीपा ने संन्यास को लेकर एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि, बहुत सोच-समझ कर मैंने जिमनास्टिक से संन्यास लेने का फैसला किया है। ये कोई आसान फैसला नहीं, लेकिन मुझे लगता है कि ये सही वक्त है। जब से मैं याद कर सकती हूं जिमनास्टिक मेरे जीवन का केंद्र रहा और मैं उतार-चढ़ाव और बीच की हर चीज के लिए आभारी हूं।

दीपा ने 2014 के कॉमनवेल्थ गेम्स में कांस्य पदक जीता था और ऐसा करने वाली भारत की पहली जिमनास्ट बनीं थीं। उन्होंने अपने सफर को लेकर कहा कि, जब मैं पीछे मुड़कर देखती हूं तो मुझे अपनी हर उपलब्धि पर गर्व महसूस होता है।

विश्व मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करना, पदक जीतना और सबसे यादगार, रियो ओलंपिक में प्रोडुनोवा वॉल्ट का प्रदर्शन करना। हमेशा मेरे करियर के शिखर के रूप में याद किया जाएगा। ये पल सिर्फ मेरे लिए जीत नहीं थे, ये भारत की हर उस युवा लड़की की जीत थी जिसने सपने देखने की हिम्मत की, जिसने माना की कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प से कुछ भी संभव है।

### भारत की अंडर-19 टीम ने दूसरे टेस्ट के पहले दिन बनाये 316 रन

चेन्नई, 7 अक्टूबर। नित्या पांडे (94), केपी कार्तिकेय (71), निखिल कुमार (61) और कप्तान सोहम पटवर्धन (नाबाद 61) की अर्धशतकीय पारियों के दम पर भारत अंडर-19 टीम ने सोमवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले जा दूसरे चार दिवसीय टेस्ट मैच में पहले दिन पांच विकेट पर 316 स्कोर खड़ा कर मैच पर अपनी मजबूत पकड़ बना ली है। आज यहां चेपक स्टेडियम में भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और केवल चार रन के स्कोर पर वैभव सूर्यवंशी (3) आउट होकर वापस पैवेलियन लौट गए। वैभव को होकेस्ट्रा ने ली यंग के हाथों आउट करा ऑस्ट्रेलिया को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद विहान मल्होत्रा एवं नित्या पांड्या ने दूसरे विकेट के लिए 60 रन जोड़े। मल्होत्रा (10) को रामकुमार ने बोल्ड आउट कर दिया।

# भारतीय महिला टीम का पाक को हराकर भी सेमीफाइनल में पहुंचना मुश्किल



नई दिल्ली, 7 अक्टूबर। महिला टी-20 वर्ल्ड कप में भारत ने अपने दूसरे मुकाबले में पाकिस्तान को 6 विकेट से हराते हुए शानदार जीत दर्ज की। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में भारतीय टीम ने इस जीत के साथ टूर्नामेंट में वापसी की, क्योंकि इससे पहले उन्हें न्यूजीलैंड के हाथों 58 रनों की करारी हार का सामना करना पड़ा था। लेकिन पाकिस्तान के खिलाफ मिली जीत के बावजूद, टीम इंडिया के लिए सेमीफाइनल की राह आसान नहीं है। सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए टीम इंडिया को कई समीकरणों को अपने पक्ष में करना होगा। अगला मुकाबला भारत का श्रीलंका के खिलाफ होगा, जो टीम के लिए करो या मरो की स्थिति जैसा है। भारतीय टीम को इस मुकाबले में जीत हासिल करनी होगी, लेकिन सिर्फ जीत ही काफी नहीं होगी। टीम को अपने नेट रन रेट में भी सुधार करना होगा। जो कि पहले मुकाबले में न्यूजीलैंड से 58 रन की हार के बाद काफी खराब हो गया था। नेट रन रेट भारतीय टीम के सेमीफाइनल में पहुंचने की राह में सबसे बड़ी चुनौती है। इसके बाद, भारतीय टीम का सामना ऑस्ट्रेलिया से होगा। ये मुकाबला बेहद अहम होगा, क्योंकि भारत को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी।

## मयंक और नीतीश ने कहा, सूर्यकुमार शांतचित्त कप्तान हैं, जो खिलाड़ियों को पूरी आजादी देते है



ग्वालियर, 7 अक्टूबर। मयंक यादव और नितीश कुमार रेड्डी बांग्लादेश के खिलाफ पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में भारत के लिए पदार्पण करने से पहले थोड़ा नर्वस थे लेकिन उन्होंने कहा कि कप्तान सूर्यकुमार यादव ने लगातार उनका हौसला बढ़ाया जिससे उन्हें शांत बने रहने में मदद मिली। मयंक और नीतीश दोनों 21 साल के हैं और उन्होंने अपने पहले अंतरराष्ट्रीय मैच में अपने कौशल का प्रभाव छोड़ा।

तेज गेंदबाज मयंक ने इस साल आईपीएल में अपनी रफ्तार से क्रिकेट जगत का ध्यान खींचा था लेकिन पेट की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण वह इस टूर्नामेंट में केवल चार मैच ही खेल पाए थे।उन्होंने अपने पहले अंतरराष्ट्रीय मैच में चार ओवर में 21 रन देकर एक विकेट लिया। नितीश ने भी 15 गेंदों पर नाबाद 16 रन बनाकर अपना प्रभाव छोड़ा। भारत ने यह मैच सात विकेट से जीता। मयंक ने बीसीसीआई टीवी से कहा,,"वह (सूर्यकुमार) आपको पूरी आजादी देते हैं। जब मैं रन अप पर जा रहा था तो उन्होंने मुझसे कहा कि वही करो जो तुम्हें अच्छा लगता है। यह किसी भी तेज गेंदबाज के लिए बेहद महत्वपूर्ण होता है विशेषकर तब जबकि आप आप अपना पहला मैच खेल रहे हों।" नितीश ने भी सूर्यकुमार की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा,"वह बहुत शांतचित्त कप्तान हैं। वह बहुत अच्छी कप्तानी कर रहे हैं। उन्होंने हम पर किसी तरह का कोई दबाव नहीं बनने दिया। हम अपना पहला मैच खेल रहे थे और थोड़ा नर्वस थे लेकिन उन्होंने हमें खुलकर खेलने की छूट दी। कोई भी खिलाड़ी अपने कप्तान से यही चाहता है।" मयंक चार महीने तक बाहर रहने के बाद अपना पहला अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने से पहले भावुक हो गए थे।

## पाकिस्तान के हाथ से चली जाएगी चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी

नई दिल्ली, 7 अक्टूबर। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी पाकिस्तान को सौंपी गई है, लेकिन अब पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष मोहसिन रजा नकवी का बयान चर्चा का केंद्र बन गया है। भारत ने अब तक रुख स्पष्ट नहीं किया है कि वो अपनी टीम को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान भेजेगा या नहीं। इस बीच मोहसिन नकवी का बयान संकेत दे रहा है कि पाकिस्तान को शायद चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी खोने का डर सता रहा है।मोहसिन नकवी ने कहा कि, भारतीय टीम को यहां जरूर आना चाहिए। मुझे ऐसा नहीं लगता कि टीम इंडिया यहां आना कैंसिल करेगी या अपने प्लान को स्थगित कर देगी।

हमें पूर्ण विश्वास है कि चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन पाकिस्तान में ही होगा। नकवी ने आगे ये भी कहा कि पाकिस्तान, भारत समेत अन्य सभी टीमों को आवभगत के लिए पूरी तरह तैयार है और चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारियां समयानुसार चल रही हैं। पीसीबी आश्वस्त हैं कि पाकिस्तान के मैदान फरवरी के समय तक बहुत अच्छी हालत में आ चुके होंगे।

## हार्दिक पांड्या ने तोड़ा कोहली का रिकॉर्ड, रोहित की बराबरी की



नई दिल्ली, 7 अक्टूबर। ग्वालियर में भारत और बांग्लादेश के बीच तीन मैचों की टी20 सीरीज का पहला मैच खेला गया जहां टीम इंडिया ने सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में मेजबान टीम को 7 विकेट से जीत मिली। इस मुकाबले में भारतीय टीम के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या का ऑलराउंडर प्रदर्शन देखने को मिला। उन्होंने इस मैच में विकेट भी झटके और भारत के लिए मैच जिताऊ पारी भी खेली। उन्होंने छक्का लगाकर विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ दिया साथ ही युवराज सिंह को पछाड़ कर रोहित शर्मा की बराबरी भी कर ली।हार्दिक ने बांग्लादेश के खिलाफ इस मैच में 16 गेंदों पर 2 छक्के और 5 चौकों की मदद से नाबाद 39 रन की पारी खेली और इस दौरान उन्होंने भारत के लिए विजयी छक्का भी लगाया। हार्दिक ने भारत को टी20 में 5वीं बार छक्का लगाकर जीत दिलाने का काम किया और विराट कोहली से आगे निकल गए। कोहली ने भारत को टी20 में 4 बार छक्का लगाकर जीत दिलाने का काम किया था, लेकिन हार्दिक ने ऐसा 5वीं बार करते हुए उन्हें पीछे छोड़ दिया।

## स्टेट स्नूकर में डॉक्टर धीरज व निपुण तोमर ने वरीयता लुढ़काई



जयपुर, 7 अक्टूबर। श्री मुरारी मेघानी राज्य स्तरीय स्नूकर प्रतियोगिता में आज डॉक्टर धीरज ने धैर्य से खेलते हुए अपने शानदार गेम का प्रदर्शन कर गतबार के सेमी फाइनलिस्ट मनन चौधरी को 65-36, 40 -36 से परास्त किया वही निपुण तोमर ने एक शानदार रोमांचक मैच में गतबार के क्वार्टर फाइनलिस्ट मनीष खत्री को तीन सेटों में 47-51, 61-53 ,64 -58 से हराया प्रतियोगिता के स्टार खिलाड़ी आदित्य गोयंका ने सुकुमार को बेहतर72- 24,71-47 से हरा प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता में आकाश वाधवानी ने निखिल मेघवानी के सामने प्रतियोगिता का हाईएस्ट 54 पॉइंट का ब्रेक लगाकर निखिल को 68-31 71-03 से परास्त किया आयोजन सचिव कुणाल मनचंदा के अनुसार जतिन वाधवानी मोहित माथुर अमित जैन ओविश कामरान प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं तथा मोहित सिंह अपने अगले राउंड में पहुंचे।

### राजमाता जीजाबाई राष्ट्रीय महिला प्रतियोगिता में आज दो मैच

जयपुर, 7 अक्टूबर। राजस्थान फुटबॉल संघ के तत्वाधान में जारी 29वी राजमाता जीजाबाई राष्ट्रीय सीनियर महिला फुटबॉल चैंपियनशिप में मंगलवार को दो मैच खेले जाएंगे, संघ सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने बताया की सुबह आठ बजे होने वाले मैच में उत्तराखंड का मुकाबला छतीसगढ़ से तथा शाम को चार बजे मेजबान राजस्थान का मुकाबला पंजाब से होगा। राजस्थान फुटबॉल संघ महिला विंग चेयरपर्सन ने बताया की मैच में मुख्य अतिथि बीकानेर पश्चिम विधायक जेठानंद व्यास और जयपुर हेरिटेज महापौर कुसुम यादव रहेंगे। रविवार से शुरू हुए टूर्नामेंट का उद्घाटन प्रदेश की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी तथा युवा मामले एवं खेल विभाग सचिव नीरज के पवन ने किया।

### स्टर्नहेगन भावनगर पोलो ट्रॉफी (8 गोल) 8 से 13 तक

जयपुर, 7 अक्टूबर। स्टर्नहेगन भावनगर पोलो ट्रॉफी (08 गोल) 8 से 13 अक्टूबर तक रामबाग पोलो मैदान पर खेला जाएगा। जिसमे चार टीमें हिस्सा ले रही है। कैरीसिल पोलो टीम में डिनो धनखड़, कुलदीप सिंह राठौर, बाउटी अलबर्डी, शमशीर अली। वी पोलो में निमित मेहता, गौरव सहगल, अंगद कलां, गेरार्डो माज़िनी। आरपीसी/कैवेलरी में कैप्टन एआरएस वाररिच, लेफ्टिनेंट कर्नल विशाल चौहान, रणशेय पुरोहित, गोंज़ालो यानज़ोन। जयपुर यूएसपीए में महेंद्र सिंह, सिमरन शेरगिल, लांस वॉटसन, महाराज पदमनाभ सिंह।

## उदयपुर में चौथे नेशनल फिजिकल डिसेबिलिटी क्रिकेट चैम्पियनशिप का 15 से होगा शुभारम्भ

### 24 टीम, 400 खिलाड़ी, 11 दिन और 20-20 ओवर के 67 मैच

जयपुर, 7 अक्टूबर। 40 वर्षों से दिव्यांगता के क्षेत्र में जुटी और दिव्यांग प्रतिभाओं के लिए 5 बार नेशनल प्रतियोगिता आयोजित कर चुके डिफरेंटली एबल्ड क्रिकेट काउंसिल ऑफ इंडिया (डीसीसीआई) और नारायण सेवा संस्थान (एनएसएस) के तत्वावधान में चौथे नेशनल फिजिकल डिसेबिलिटी टी-20 क्रिकेट चैंपियनशिप-2024 का आयोजन उदयपुर में किया जाएगा।

इस प्रतियोगिता में 24 राज्यों के 400 दिव्यांग क्रिकेटर्स और 100 से अधिक खेल अधिकारी हिस्सा लेंगे। उदयपुर शहर के 5 ग्राउंड में 67 मैच खेले जाएंगे। सभी मैच 20-20 ओवर के होंगे। प्रतियोगिता 15 से 25 अक्टूबर तक चलेगी। चैंपियनशिप के पोस्टर और ट्रॉफी का विमोचन डीसीसीआई के महासचिव रवि चौहान, महाराज प्रताप सिहं चौहान खाटूश्याम जी कमिटी के अध्यक्ष और पीडी एंड व्हीलचेयर क्रिकेट के चीफ पैट्रन, राजस्थान डिसेबल (डिफरेंटली एबल्ड) क्रिकेट एसोसिएशन (आरडीसीए) की प्रेसिडेंट ज्योत्सना चौधरी और नारायण सेवा के पदाधिकारी जनसम्पर्क प्रमुख भगवान प्रसाद गौड़ एवं मीडिया प्रभारी विष्णु शर्मा हितैषी ने किया।



इस अवसर पर बीसीसीआई के महासचिव रवि चौहान ने कहा कि ये सभी खिलाड़ी 18 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के हैं। इस चैंपियनशिप में ज्यादातर खिलाड़ी एक हाथ या एक पैर से अथवा जन्मजात शारीरिक दिव्यांगता से ग्रस्त है।

24 टीमें लेंगी हिस्सा - राजस्थान, केरल, दिल्ली, महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, कर्नाटक, हैदराबाद, आंध्र प्रदेश, पंजाब, जम्मू कश्मीर, बड़ौदा, हरियाणा, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, गुजरात, मुंबई, छत्तीसगढ़, ओडिशा, चंडीगढ़, पश्चिम बंगाल, विदर्भ, तमिलनाडु, और बिहार। 5 ग्राउंड में होंगे 67 मैच, उद्घाटन और समापन फील्ड क्लब में - इस 11 दिवसीय दिव्यांग प्रतिभा के क्रिकेट कुंभ का भव्य शुभारम्भ 15 अक्टूबर मंगलवार को प्रात: 11 बजे फील्ड क्लब तथा समापन समारोह इसी ग्राउंड पर 25 अक्टूबर को प्रात: 11 बजे होगा।

**तीन श्रेणियों में हुई विजेताओं की घोषणा**

## जयपुर मोटरसाईकिल क्लब ने रोमांचक 'टाइम अटैक' इवेंट का आयोजन



जयपुर, 7 अक्टूबर। भारत के सबसे पुराने मोटरसाइकिल क्लब जयपुर मोटरसाइकिल क्लब (जेएमसी) जिसकी स्थापना 1975 में जॉन सिंह द्वारा की गई थी, ने अपने बहुप्रतीक्षित 'टाइम अटैक' कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया। जयपुर में सोलफील क्रिकेट स्टेडियम और हरमाड़ा के डर्ट ट्रैक पर आयोजित इस कार्यक्रम में पूरे क्षेत्र से मोटरसाइकिल का शौक रखने वाले प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और अपने कौशल, गति और सटीकता का शानदार प्रदर्शन किया। सभी श्रेणियों में विजेताओं ने असाधारण कौशल का प्रदर्शन किया। ओपन क्लास में विजय सिंह ने पहला स्थान प्राप्त किया, उसके बाद सोहयाब कुरैशी दूसरे स्थान पर रहे और ताहिर गौर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 200 सीसी तक की श्रेणी में भी यही परिणाम देखने को मिला, जिसमें विजय सिंह एक बार फिर शीर्ष स्थान पर रहे, जबकि सोहयाब कुरैशी दूसरे और ताहिर गौर तीसरे स्थान पर रहे। 201-500 सीसी वर्ग में विजय सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि दिलीप लालवानी ने दूसरा और मोहम्मद हामिद ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

### अंतर महाविद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता 2024-25 का शुभारंभ

जयपुर, 7 अक्टूबर। खेल बोर्ड, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर के अन्तर महाविद्यालय प्रतियोगिता सत्र 2024-25 का शुभारम्भ हो चुका है। इस अन्तर महाविद्यालय प्रतियोगिताओं के द्वारा राजस्थान विश्वविद्यालय कुल 34 खेलो में पश्चिमी क्षेत्रिय अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता हेतु अपनी टीम का गठन की जाऐगी। इस प्रक्रिया में 7 से 11 अक्टूबर तक अन्तर महाविद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता (पुरुष/ महिला) का आयोजन किया जा रहा है जिसका उद्घाटन आज खेल बोर्ड में राजस्थान विश्वविद्यालय, कुलपति, प्रो. अल्पना कटेजा की अध्यक्षता में किया गया। डॉ. प्रीति शर्मा, सचिव खेल बोर्ड, ने बताया कि प्रतियोगिता मे राजस्थान विश्वविद्यालय से सम्बंधित कबड्डी (पुरूष/ महिला) वर्ग में लगभग 100 से अधिक टीमें प्रतिभागिता करेगी।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक विराटनगर राजस्थान विश्वविद्यालय के सिंडिकेट सदस्य, राजस्थान विश्वविद्यालय खेल बोर्ड के अध्यक्ष कुलदीप धनकड रहे। उन्होने अपने व्यक्तित्व में राजस्थान विश्वविद्यालय के खेल बोर्ड में मौजूदा सुविधाओं को बढाने का आश्वासन दिया। साथ ही कहा कि खेल की गतिविधियो को सुचारू तथा निष्पक्ष तरीके से चलाने अपना पुर्ण सहयोग देगें। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि आरपीएस पुलिस उप अधीक्षक प्रभारी अधिकारी स्पोर्टस, राजस्थान पुलिस राजूलाल चौधरी रहें। उन्होने खिलाडियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल मैदान में हो रहे प्रशिक्षण शिविर 1 महिने का होना चाहिए और हर महिने कॉलेजो से प्रतियोगिता कराई जानी चाहिए। कार्यक्रम में विशेष अतिथि ओलम्पियन एवं अर्जुन अवार्डी गोपाल सैनी जी रहे।


भारत सरकार

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय

दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग

5 वां तल, पंडित दीनदयाल अंत्योदय भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली - 110003

**वर्ष 2024-25 के लिए दिव्यांग छात्रों को छात्रवृत्ति**

**प्री-मैट्रिक, पोस्ट-मैट्रिक और उच्च श्रेणी शिक्षा छात्रवृत्ति योजनाएं**

दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग दिव्यांग छात्रों (दिव्यांगजन) को **प्री-मैट्रिक, पोस्ट-मैट्रिक और उच्च श्रेणी शिक्षा योजनाओं** के तहत छात्रवृत्ति प्राप्त करने का अवसर प्रदान करता है।

- **आवेदकों के लिए अनुदेश**

1. आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल www.scholarships.gov.in पर (लिंक www.depwd.gov.in पर भी उपलब्ध है) या राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल के मोबाइल ऐप के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करें।
2. योजनाओं के ब्यौरे पात्रता मानदंड और आवेदन भरने के लिए अनुदेश www.depwd.gov.in पर उपलब्ध है।
3. बेंचमार्क दिव्यांगजन अर्थात् न्यूनतम 40% दिव्यांगता, और दिव्यांगता प्रमाण पत्र के साथ एक विशिष्ट दिव्यांगता पहचान (यूडीआईडी) या यूडीआईडी नामांकन संख्या वाला व्यक्ति आवेदन कर सकता है।
4.

- ऑनलाइन आवेदन जमा करने की समय-सीमा

| योजना | आरंभ करने की तारीख | अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति | 30.06.2024 | 15.10.2024 |
| पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति और उच्च श्रेणी शिक्षा छात्रवृत्ति | 30.06.2024 | 31.10.2024 |

**नोटः** प्री-मैट्रिक, पोस्ट-मैट्रिक और उच्च श्रेणी योजनाओं के लिए स्लॉट में नए और साथ ही नवीकरण के मामले शामिल है। सभी नवीकरण मामलों पर कार्रवाई करने के बाद केवल शेष बचे स्लॉटों के लिए ही नए मामलों पर विचार किया जाएगा। इस प्रकार, केवल पात्रता मानदंडों को पूरा करने से ही एक वर्ष में स्लॉट की निश्रित संख्या के कारण छात्रवृत्ति प्राप्त करने का अधिकार नहीं मिलेगा। महिला उम्मीदवारों के लिए 50% स्लॉट का आरक्षण है।

CBC 38117/11/0021/2425

# समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने नदियों की इन्ट्रास्टेट लिंकिंग पर जोर दिया

## उन्होंने कहा कि पेयजल व सिंचाई के लिये जल उपलब्धता सर्वोच्च प्राथमिकता है

जयपुर, 7 अक्टूबर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश में पेयजल एवं सिंचाई के लिए जल उपलब्धता राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में इंट्रास्टेट नदियों को जोड़ने का कार्य व्यापक स्तर पर किया जाए एवं जन सहभागिता के माध्यम से जल संचय को बढ़ावा दिया जाए। जल संसाधन से जुड़ी परियोजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग एवं क्रियान्वयन समयबद्ध रूप से सुनिश्चित किया जाए।

शर्मा सोमवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में जल संसाधन, इंदिरा गांधी नहर एवं सिंचित क्षेत्र विकास एवं जल उपयोगिता विभाग से संबंधित विभिन्न परियोजनाओं एवं कार्यों पर आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि परियोजनाओं के कार्य में अनावश्यक देरी करने वाले ठेकेदारों एवं अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री कार्यालय में जलसंसाधन, इंदिरा गांधी नहर एवं सिंचित क्षेत्र विकास व जल उपयोगिता विभाग से संबंधित विभिन्न परियोजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।

- उन्होंने, जाखम बांध को जयसमन्द से जोड़ने तथा अतिरिक्त पानी को जवाई बांध में लाने की डीपीआर 4 माह में पूरी करने के निर्देश दिये।
- मुख्यमंत्री ने डूंगरी तथा ईसरदा बांध में फ्लेप निर्माण के लिये भूमि अवाप्ति कार्यवाही जल्द पूरी करने के भी आदेश जारी किए।

मुख्यमंत्री ने बजट घोषणाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि माही बेसिन की जाखम नदी एवं बांध के अधिशेष जल को जयसमंद बांध से जोड़ने तथा माही व सोम नदी के अधिशेष जल को जवाई बांध तक लाने की बजट घोषणाओं की प्रोजेक्ट रिपोर्ट आगामी 4 माह में पूरी कर ली जाए, ताकि आगामी वर्ष के बजट में इन परियोजनाओं को मूर्त रूप दिया जा सके। इसी क्रम में शर्मा ने राणा प्रताप सागर व जवाहर सागर बांध के जल अपवर्तन कार्य की बजट घोषणा की अनुपालना में ब्राह्मणी नदी पर बनाए जाने वाले बांध के निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने डूंगरी बांध एवं ईसरदा बांध के ऊपरी भाग में फ्लेप निर्माण के लिए भूमि अवाप्ति की कार्यवाही शीघ्र शुरू करने तथा प्रभावित क्षेत्र में आने वाले लोगों को समुचित मुआवजा उपलब्ध करवाने के निर्देश भी दिए।

शर्मा ने 500 करोड़ रुपए से अधिक की लागत की विभिन्न परियोजनाओं की भौतिक प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने परवन परियोजना के संबंध में निर्देश दिए कि इस परियोजना में जल संग्रहण के लिए बांध निर्माण कार्य तथा जलापूर्ति के लिए नहर निर्माण के होने वाले कार्यों को एक साथ ही कर लिया जाए क्योंकि किसी भी परियोजना में अनावश्यक विलम्ब से उसकी लागत में भी बढ़ोतरी होती है। उन्होंने धौलपुर लिफ्ट सिंचाई व पेयजल परियोजना के कार्य को नियत समय पर पूरा करने एवं अपर हाई लेवल कैनाल परियोजना बांसवाड़ा की रिडिजाइन करवाने के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्यमंत्री ने इंदिरा गांधी नहर विभाग की मुख्य नहर पर बने चार प्राकृतिक डिप्रेशन्स को जलाशयों में परिवर्तित किए जाने की योजना की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि इस प्रोजेक्ट को स्थानीय योजनाओं के आधार पर पी.एच.ई.डी. के माध्यम से पूरी किए जाने की विकल्प पर विचार किया जाए। साथ ही, उन्होंने बाह्य ऋण की सहायता से संचालित परियोजनाओं में होने वाले जीर्णोद्धार कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। केन्द्रीय प्रवर्तित योजनाओं के माध्यम से संचालित परियोजनाओं की समीक्षा भी की।

बैठक में भजनलाल शर्मा ने संशोधित के.पी.सी.-ई.आर.सी.पी. प्रथम चरण में प्रस्तावित कार्यों की प्रगति एवं इस परियोजना में पेयजल एवं औद्योगिक जल उपयोगिता सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा की। उन्होंने इस परियोजना में नीमराणा एवं घिलोट जापानी औद्योगिक क्षेत्र के लिए जल उपयोगिता के बिंदुओं को शामिल किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने देवास परियोजना तृतीय एवं चतुर्थ के प्रगतिरत कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश प्रदान किए।

इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री श्री सुरेश सिंह रावत, अतिरिक्त मुख्य सचिव जल संसाधन अभय कुमार, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय शिखर अग्रवाल, इंदिरा गांधी नहर बोर्ड अध्यक्ष कुंजीलाल मीणा, सहित संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# सूरत आदिवासी आश्रम में प्रिंसिपल द्वारा 35 छात्राओं का यौन शोषण

सूरत, 07 अक्टूबर। गुजरात में सूरत जिले के नरेना आश्रम शाला में छात्राओं के यौन शोषण का मामला सामने आया है।

सोमवार को आदिवासी विकास विभाग की टीम निरीक्षण के लिए शाला पहुंची तो महिला अधिकारियों को छात्राओं ने बताया कि प्रिंसिपल रात में टॉर्च लेकर उनके कमरे में पहुंच जाता था। वह उन्हें नहाते हुए भी देखता था।

- आदिवासी विकास विभाग टीम के निरीक्षण में छात्राओं ने महिला अधिकारियों को आपबीती सुनाई।

दवा देने के बहाने उनके साथ छेड़छाड़ करता था।

जानकारी के अनुसार, आरोपी ने पांच-पांच, छह-छह छात्राओं के कई ग्रुप बना रखे थे, जिनसे आश्रम के अलग-अलग काम भी करवाता था। इस दौरान वह किसी न किसी बहाने उनके प्राइवेट पार्ट छूता था और उन्हें किस भी करता था।

## 'एस.एम.एस...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

सुनवाई के दौरान, अदालती आदेश की पालना में प्रमुख खेल सचिव नीरज के पवन अदालत में पेश हुए। वहीं, याचिकाकर्ताओं की ओर से कहा गया कि मामले दर्ज एफ.आई.आर. में कार्रवाई पर रोक लगाई जाए। इस पर अदालत ने कहा कि फिलहाल अदालत कोई रोक नहीं लगा रही है। याचिकाकर्ता चाहे तो अग्रिम जमानत के लिए प्रार्थना पत्र पेश कर सकते हैं। इस दौरान महाधिवक्ता ने अदालत को बताया कि राज्य सरकार व आर.सी.ए. के बीच स्टेडियम के संचालन के लिए पहले एम.ओ.यू. हुआ था और इसकी अवधि समय-समय पर बढती गई। फिलहाल राज्य सरकार का आर.सी.ए. के साथ कोई एम.ओ.यू. नहीं है। स्टेडियम में बाकी खेल गतिविधियां चल रही हैं। गौरतलब कि एडहॉक कमेटी ने भवानी शंकर सामोता सहित अन्य के खिलाफ ज्योति नगर थाने में एफ.आई.आर. दर्ज करवाकर करोड़ों रुपए का फर्जीवाड़ा करने का आरोप लगाया है।

# पायलट उद्योगपति सईदी के घर मातृ शोक में शरीक हुए

## टोंक में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने विश्वास जताया कि जम्मू-कश्मीर, हरियाणा में कांग्रेस सरकार बनेगी



एक दिवसीय टोंक दौरे पर पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने पत्रकार वार्ता में पूरे आत्मविश्वास से कहा कि जम्मू-कश्मीर व हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है।

टोंक, 7 अक्टूबर। एक दिवसीय दौरे पर आये टोंक विधायक, छत्तीसगढ प्रभारी व पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने यहां पूरे आत्मविश्वास के साथ कहा कि जम्मू-कश्मीर व हरियाणा में 80 फीसदी से अधिक मतदान हुआ, ये स्पष्ट संकेत है कि कांग्रेस इन दोनो राज्यों में अपनी सरकार बनाने जा रही है।

सचिन पायलट ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि भाजपा द्वारा जम्मू-कश्मीर में कई तरह की सियासी चाले चलीं गई, वहां भी हमारे एलांयस को ही स्पष्ट बहुमत मिलेगा। वहां के लोगो ने 10 साल बाद चुनावों में कांग्रेस एलायंस को समर्थन दिया है। दोनों राज्यों के चुनाव बदलाव के चुनाव हैं, हमारी पार्टी में एक विशेष प्रक्रिया है, जिसके अनुसार नेतृत्व का निर्णय किया जाता है, पायलट ने कहा कि जो पार्टी वन नेशन वन इलेक्शन की बात कर रही है, वही अभी अन्य राज्यों में चुनाव होने बाकी है। हमें उम्मीद है कि उनके साथ ही, हमारी सात विधानसभा सीटों पर तारीख तय होगी।

- उन्होंने कहा, भाजपा ने जम्मू-कश्मीर में कई सियासी चालें चलीं, पर, हमारे अलायन्स को स्पष्ट बहुमत मिलेगा।

इसी प्रकार उतरप्रदेश में भी 10 विधानसभा सीटों सहित कई लोकसभा सीटें भी खाली पड़ी हैं। पायलट अपने एक दिवसीय दौरे में जिले के नामचीन उद्योपति जमील सईदी व कांग्रेस प्रदेश कार्य कमेटी के सदस्य सउद सईदी को मातृ शोक होने पर उनके निवास पर पंहुचे एवं शोक संतप्त परिवार को सांत्वना प्रदान की।

## तीन हत्यारों ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

ईदगाह के पास बांस बदनपुरा के निवासी हैं। रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अभियुक्तों को गिरफ्तार कर अदालत में आरोप पत्र पेश किया। सुनवाई के दौरान अदालत के सामने आया कि अभियुक्त और मृतक के बीच पुरानी रंजिश चल रही थी। इसके चलते अभियुक्तों ने अकेला देखकर उसकी हत्या कर दी।

## नया विवाद ना हो ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

कार्यक्रम भी तय हो गया है। वे राजकार्य करने के बाद बिना देरी किए वापस आ जाएंगे। पूर्व में भी इस संबंध में एक व्यक्ति सांवरमल ने एक प्रार्थना पत्र पेश किया था, जो कोर्ट में पेंडिंग है। उन्होंने अग्रिम जमानत की शर्तों की अवहेलना नहीं की है। केस में कोई नया विवाद या नई पेचीदगियां पैदा नहीं हों, इसके लिए कोर्ट से विदेश जाने की मंजूरी लेने के लिए प्रार्थना पत्र दायर किया है। इसलिए उन्हें विदेश जाने की मंजूरी दी जाए। गौरतलब है कि जिले की एडीजे कोर्ट-4 में पेंडिंग चल रहे भरतपुर के गोपालगढ में सितंबर 2011 में हुए साम्प्रदायिक दंगा मामले में भजनलाल शर्मा सहित अन्य आरोपियों को 10 सितंबर, 2013 को कोर्ट ने सशर्त अग्रिम जमानत दी थी, जिसमें यह शर्त भी थी कि वे कोर्ट की मंजूरी लिए बिना विदेश यात्रा नहीं करेंगे। गत दिनों उनके विदेश जाने पर सांवरमल नाम के व्यक्ति ने अदालत में प्रार्थना पत्र पेश कर उनके बिना अनुमति विदेश जाने को आधार बनाकर अग्रिम जमानत को रद्द करने की गुहार की है।

## पंजाब में दलित ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

महबूबा मुफ्ती की पी.डी.पी. ने भी नैशनल कॉन्फ्रैंस कांग्रेस गठबंधन को समर्थन देने का फैसला किया है। फारुख अब्दुल्लाह ने कहा है कि भाजपा विरोधी हर पार्टी का समर्थन उन्हें स्वीकार्य है। घाटी के सभी दल भाजपा के साथ जाने की स्थिति में नहीं है। महबूबा मुफ्ती ने पिछली बार ऐसा किया था। अब वे राजनैकि रूप से खत्म होने के कगार पर हैं। भाजपा विधानसभा के गठबंधन से पहले ही विधानसभा में 5 सदस्य मनोनीत करना चाहती है। यह मामला कोर्ट में जा सकता है। वैसे यह स्पष्ट नहीं है कि क्या इन सदस्यों को मतदान का अधिकार होगा या नहीं। अगर इनका मनोनयन सरकार गठन के बाद हुआ तो और अगर भाजपा की सरकार नहीं बन तो क्या राज्यपाल भाजपा के 5 सदस्यों को मनोनीत कर सकते हैं? यह एक जटिल सवाल है जिसका जवाब दिया जाना चाहिए।

## चामुण्डा...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

बाड़े में सोमवार सुबह करीब 4 बजे पैंथर घुसा। गाय के दो बछड़ों को मार दिया।

## 'पत्रकार द्वारा ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

नेतृत्व में, उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्तर पर बहुत-से क्षेत्रों में अग्रणी हो गया है। चूँकि वे सांसारिक जीवन का परित्याग कर चुके हैं, इसलिए अब उनकी कोई जाति नहीं, वे एक सन्यासी मात्र हैं।

एडवोकेट अवस्थी ने अदालत में एफ.आई.आर. का कथ्य पढ़ कर सुनाया तथा कहा कि कोई अपराध ही समझने या कहने में नहीं आ रहा। उन्होंने आशंका व्यक्त की कि चूँकि संदर्भित लेख "एक्स" पर पोस्ट किया गया था, इसलिये और भी बहुत सारी एफ.आई.आर. दर्ज होने की सम्भावना है।

उपाध्याय ने कहा कि यह एफ.आई.आर. दर्ज किये जाने के अलावा, कि कार्यवाहक पुलिस महानिदेश को लिखी गई उस पोस्ट के जवाब में, उन्हें उत्तर प्रदेश पुलिस के सरकारी "एक्स" हैंडल की ओर से कानूनी कार्यवाही की धमकियाँ मिली हैं। उपाध्याय ने कहा कि उन्हें गिरफ्तार किए जाने तथा मुठभेड़ में मार दिए जाने तक की धमकियाँ लगातार मिल रही हैं।

याचिका में कहा गया है, "हमारे संविधान में स्वस्थ एवं सहभागितापूर्ण लोकतन्त्र के लिए भाषण की स्वतन्त्रता सबसे मूल्यवान अधिकार है।"

अदालत ने उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस जारी कर दिया तथा केस की सुनवाई के लिये चार सप्ताह बाद की तारीख दे दी।

# पेपर लीक "ईनामी" आरोपी कोटा में गिरफ्तार

## नाम बदलकर कोचिंग सैन्टर क्षेत्र में रह रही वर्षा विश्नोई पर 25 हजार का ईनाम है

कोटा, 7 अक्टूबर (निसं)। जोधपुर पुलिस ने कोटा पुलिस की मदद से पेपर लीक मामले की एक आरोपी को कोटा से गिरफ्तार किया है। जोधपुर के रेंज आई.जी. कार्यालय की साइक्लोनर टीम ने एस.आई. पेपर लीक मामले में लंबे समय से फरार चल रही 25 हजार की इनामी आरोपी वर्षा बिश्नोई को गिरफ्तार कर लिया है।

बताया जा रहा है कि एस.आई. पेपर लीक व अन्य परीक्षाओं में डमी अभ्यर्थी बनकर भर्ती परीक्षा में बैठने वाली वांटेड वर्षा बिश्नोई की तलाश चल रही थी। इस दौरान जानकारी मिली थी कि वह कोटा के कोचिंग इलाके में नाम बदल कर रह रही है। इस पर टीम कोटा पहुंची और वहां कई दिनों तक जांच करती रही। सोमवार को कोटा पुलिस की मदद से कोचिंग सेंटर क्षेत्र में पेइंग गेस्ट में तलाशी अभियान चलाया, जहां वर्षा विमला नाम से रुकी थी। उसने फर्जी आधार कार्ड बनाकर रखा था। एस.आई. पेपर लीक केस में साइक्लोनर टीम द्वारा ये छठी गिरफ्तारी है। इस ऑपरेशन का नाम "डॉक्टर फिक्सिट" रखा गया। आगे, आरोपी को एसओजी जयपुर को सुपुर्द कर दिया जाएगा। सांचौर निवासी आरोपी वर्षा बिश्नोई ने अपना फोन बंद कर परिवार से दूरी बना ली थी। सिर्फ कुछ एप्लीकेशन और इंटरनेट कॉलिंग के जरिए लोगों से संपर्क करती थी। यहीं से टीम को सुराग मिले। करीब तीन माह तक लगातार प्रयास के बाद सोमवार को आखिरकार उसे गिरफ्तार कर लिया गया। अब तक जोधपुर आई.जी. कार्यालय की साइक्लोन टीम ने छह आरोपियों को इस मामले में गिरफ्तार किया है। इसमें मास्टरमाइंड पौरव कालेर भी शामिल है, जिसे सीकर से पकड़ा गया था। इसके अलावा वृंदावन से शमी बिश्नोई, कोटा से वर्षा बिश्नोई, गंगानगर से शैतानाराम और हैदराबाद से सुनील और ओम प्रकाश ढाका को गिरफ्तार किया गया था।

- एस.आई. तथा अन्य परीक्षाओं में डमी अभ्यार्थी बनकर परीक्षा देने वाली वर्षा कोटा में नाम बदल कर तथा फर्जी आधार कार्ड बना कर रह रही थी।

# सी.बी.आई. ने चार्जशीट पेश की-ट्रेनी डाक्टर का गैंगरेप नहीं हुआ

कोलकाता, 07 अक्टूबर। कोलकाता के आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर से रेप-मर्डर केस में सी.बी.आई. ने पहली चार्जशीट दाखिल की है। इसमें जांच एजेंसी ने ट्रेनी डॉक्टर से गैंगरेप की आशंका को नकार दिया है। एजेंसी का कहना है कि वारदात को संजय रॉय ने अकेले अंजाम दिया था। करीब 100 गवाहों के बयानों और 12 पॉलीग्राफ टेस्ट करने के बाद सी.बी.आई. इस नतीजे पर पहुंची।

पुलिस ने संजय को घटना के अगले दिन 10 अगस्त को अरेस्ट किया था। 9 अगस्त की सुबह अस्पताल के सेमिनार हॉल में पीड़ित की अर्धनग्न डेडबॉडी मिली थी। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में बताया गया था कि विक्टिम की दोनों आखों, मुंह और प्राइवेट पार्ट से खून बह रहा था। गर्दन की हड्डी भी टूटी थी। हालांकि संजय अब तक खुद को बेगुनाह बता रहा है। संजय को पुलिस ने सी.सी.टी.वी. फुटेज से पहचाना था। फुटेज में वह 9 अगस्त की सुबह 4 बजे सेमिनार हॉल में अंदर जाता दिखाई दिया।

- पहली चार्जशीट में केवल संजय रॉय को आरोपी बनाया गया है।

इस दौरान उसने कानों में इयरफोन लगाया हुआ था। करीब 40 मिनट बाद वह हॉल से बाहर निकला तो उसके पास इयरफोन नहीं था। पुलिस को क्राइम सीन पर एक ब्लूटूथ इयरफोन मिला था, जो उसके फोन से कनेक्ट हो गया था।

वहीं, इस घटना को लेकर पश्चिम बंगाल के कोलकाता में जूनियर डॉक्टर लगातार न्याय की गुहार लगा रहे हैं। 6 जूनियर डॉक्टरों ने 5 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू की। धर्मतला इलाके में डोरिना क्रॉसिंग पर जारी भूख हड़ताल का आज तीसरा दिन है।

## दिल्ली के फॉरैन...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

थी, में प्रकाश नंदा, निष्कासित महासचिव, को यह कहते सुना गया था कि इस बार हमारा सबसे बड़ा खर्चा यही है कि इस वर्ष हमें आई.ए.पी.सी. की मेजबानी करनी है। लोग विदेशों से आ रहे हैं। मोटे तौर पर तीन लाख रु. की जरुरत पड़ेगी। हमें आपकी मंजूरी चाहिए, हम इसमें कमी करने की कोशिश कर सकते है, पर हमें इसके लिए तैयार रहना है। हरेक क्लब 300 डॉलर देगा। पर मुझे लगता है कि यह तीन -चार माह बाद होगा और सुनियोजित है। एक अन्य क्लिप में नंदा कहते सुने गए कि ऑडिट मंजूर हो चुकी है। लेकिन निर्णय लेने के थोड़ी देर बाद एक सदस्य ने दावा किया कि कुछ सदस्यों ने आपत्ति की थी और कहा था कि एफ.सी.सी. बहुत खर्चा कर रही है। फिर 4 अक्टूबर को आपातकालीन बैठक बुलाई गई।

उक्त सदस्य ने कहा कि कुछ लोग सुर्खियों में आना चाहते थे। उन्हें लगा कि विदेशी आ रहे हैं, तो बड़ा पैसा खर्च होगा उन लोगों ने इस बात पर झगड़ा किया कि उस कार्यक्रम का आयोजन किसके हाथ में होगा। पदाधिकारियों कोर्ट में जाने का निर्णय लिया है। उक्त सदस्य ने कहा कि इसका असर एफ.सी.सी. पर नहीं पड़ेगा। मैं यह नहीं बताऊंगा कि वे क्या करेंगे, पर वे जो भी करेंगे, क्लब का सामान्य कामकाज बहाल करने के लिए करेंगे।






राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908